केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- घुसपैठियों को बचा रहीं ममता - 12

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी सेंसेक्स 753 अंक उछला - 12

कांग्रेस ने बिरला को दिया प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस - 13

शहीद अग्निवीर की मां की याचिका पर केंद्र ने चार महीने बाद भी नहीं दिया जवाब - 13

आज का मौसम
42.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.38
सूर्यास्त 06.35

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:49 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 22 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 74, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

चूल्हे की चिंता

कानपुर में एक गैस एजेंसी के बाहर एलपीजी गैस भरवाने के लिए सुबह से ही लाइनें लगनी शुरू हो गईं , जो दोपहर तक लंबी कतार में बदल गईं। चिलचिलाती धूप और भीषण लू के थपेड़ों के बीच लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए।

क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने मंगलवार को सबरीमाला अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी से पूछा कि क्या संविधान उस श्रद्धालु की रक्षा नहीं करेगा जिसे मूर्ति छूने की अनुमति नहीं है। कोर्ट की यह टिप्पणी मुख्य पुजारी के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि जब कोई श्रद्धालु पूजा के लिए मंदिर जाता है तो यह किसी देवता की विशेषताओं के विरोध में नहीं हो सकता।

नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव व विभिन्न आस्थाओं को मानने वाले लोगों द्वारा पालन की जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। पीठ ने 'तंत्री' की

ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वी गिरि ने कहा कि किसी भी मंदिर में संपन्न होने वाले समारोहों और अनुष्ठानों की प्रकृति धर्म का अभिन्न अंग है और इसलिए यह एक धार्मिक प्रथा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रथा का जारी रहना, जो एक आवश्यक धार्मिक प्रथा है, पूजा के अधिकार का एक हिस्सा होगा जो धर्म या धार्मिक संप्रदाय में विश्वास रखने वाले प्रत्येक सदस्य के लिए है। गिरि ने कहा, जब कोई भक्त पूजा के लिए मंदिर जाता है, तो वह देवता के गुणों के विरुद्ध नहीं जा सकता, क्योंकि उसका उद्देश्य देवता की पूजा करना है। भक्त देवता में निहित दिव्य ओज के प्रति समर्पण करता है। उसे देवता के मूल गुणों को स्वीकार करना होता है।

सबरीमाला मामला

- सुप्रीम कोर्ट ने पूछा - क्या जन्म या वंश के आधार पर भगवान को छूने से रोकना संवैधानिक है
- नौ जजों की संविधान पीठ भेदभाव व धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं पर कर रही है सुनवाई

सृष्टिकर्ता और सृष्टि में कोई अंतर नहीं हो सकता : न्यायमूर्ति अमानुल्ला

न्यायमूर्ति अमानुल्ला ने प्रश्न किया, जब मैं किसी मंदिर में जाता हूं, तो मेरी मूल मान्यता यह होती है कि वह भगवान है, वह मेरा सृष्टिकर्ता है, उसने मुझे बनाया है, है ना? न्यायमूर्ति अमानुल्ला ने कहा, मैं वहां शत प्रतिशत आस्था के साथ जाता हूं। मैं पूरी तरह समर्पित हूं, मेरे हृदय में कोई अशुद्धता नहीं है और वहां मुझे बताया जाता है कि जन्म, वंश या किसी विशेष परिस्थिति के कारण, आपको देवता को छूने की अनुमति नहीं है। अब, क्या संविधान मेरी मदद नहीं करेगा? उन्होंने कहा कि सृष्टिकर्ता और सृष्टि में कोई अंतर नहीं हो सकता। इस पर गिरि ने उत्तर दिया कि यदि किसी के पुजारी बनने पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो इसका ध्यान या तो अनुच्छेद 25(2)(बी) कानून द्वारा रखा जाए या इसका ध्यान स्वयं राज्य द्वारा रखा जाए। यदि पुजारी का अर्थ वह व्यक्ति है जिसे शास्त्रों में पूजा-अर्चना करने और देवता की आराधना करने का निर्देश दिया गया है, यदि किसी व्यक्ति के जन्म के आधार पर पुजारी बनने और फिर 'सेवा' करने पर पूर्ण प्रतिबंध है, तो इसका समाधान या तो अनुच्छेद 25(2)(ख) के तहत कानून बनाकर किया जाएगा या राज्य द्वारा स्वयं किया जाएगा।" मामले में सुनवाई जारी है।

ब्रीफ न्यूज

शरद पवार मुंबई में अस्पताल में भर्ती

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य शरद पवार को स्वास्थ्य जांच के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि 85 वर्षीय पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार को दो दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक सूत्र ने बताया, उन्हें जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोई गंभीर बात नहीं है। हाल ही में, पवार ने व्हीलचेयर पर बैठकर राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने दिल्ली में मीडिया को भी संबोधित किया था। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पवार को इस साल फरवरी में, सीने में संक्रमण और शरीर में पानी की कमी के कारण दो बार पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

20 महिला कर्मियों के उत्पीड़न का आरोप

चंडीगढ़। एक सरकारी स्कूल की 20 से अधिक महिला कर्मियों ने एक पुरुष शिक्षक के खिलाफ उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई और उस पर कामकाज का प्रतिकूल वातावरण बनाने का आरोप लगाया है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला कर्मियों ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के तहत शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में, महिलाओं ने अपने पुरुष सहकर्मी पर प्रतिकूल, असुरक्षित और अपमानजनक वातावरण बनाने का आरोप लगाया।

विपक्ष के खिलाफ मुख्यमंत्री संग सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पदयात्रा, हजारों महिलाओं की भागीदारी

- योगी ने विपक्ष पर लगाया महिला विरोधी होने का आरोप, कहा- सबक सिखाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पद यात्रा का नेतृत्व संभाला, तो कड़ी धूप के बावजूद जनसैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा हाथ में लहराते समूचा मंत्रिमंडल, भाजपा और सहयोगी दलों के शीर्ष नेता भी कदमताल करते दिखे।

हजारों महिलाओं का हुजूम कांग्रेस-सपा समेत विपक्षी दलों के खिलाफ बैनर-पोस्टर और तख्तियों के साथ आक्रोशित नजर आया। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आधी आबादी अब सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक पहुंची इस रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री

लखनऊ में आयोजित 'जन आक्रोश महिला पद यात्रा' में सम्मिलित मुख्यमंत्री योगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया।

उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाएं इस अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रही हैं और लखनऊ की यह पदयात्रा उसी जनभावना का प्रतीक है।

धधक रहा था महिलाओं का आक्रोश

सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ हुई इस पदयात्रा के समय भी चुभने वाली तेज धूप थी, लेकिन महिलाओं का आक्रोश उससे कहीं अधिक धधक रहा था। सुबह 7 बजे से ही मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं का जुटना शुरू हो गया था। हाथों में विपक्ष की कुत्सित राजनीति की निंदा करते हुए स्लोगन लिखी हुईं तख्तियां और 'बहन- बेटियों का अपमान-नहीं सहेगा हिंदुस्तान, महिला अधिकारों पर वार-सपा-कांग्रेस जिम्मेदार, कांग्रेस का हाथ-नारी शक्ति के खिलाफ, नारी के सम्मान में-एनडीए मैदान में' जैसे गूंजते नारों के साथ यह रैली विपक्ष को बेनकाब करती हुई आगे बढ़ी। हर कदम पर महिलाओं का हुजूम साफ संदेश दे रहा था कि आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं, कोई चुप्पी नहीं, कोई माफी नहीं। महिलाओं ने सपा और कांग्रेस के विरुद्ध नारेबाजी की और महिला-विरोधी मानसिकता को खुलकर चुनौती दी।

अभूतपूर्व दृश्य, सरकार ही सड़क पर

लखनऊ के लिए यह एक अभूतपूर्व दृश्य था, जब पूरी सरकार ही सड़क पर थी। हजारों महिलाओं संग मुख्यमंत्री योगी सबसे आगे थे। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सहयोगी दलों के नेता, मंत्रिमंडल के सदस्यों और भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला। युवा, वृद्ध, छात्राएं और कामकाजी महिलाएं, हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। आम जनता ने भी तालियों और नारों से इस पदयात्रा का समर्थन कर फूल बरसाए।

वार्ता में शामिल होगा ईरान, ट्रंप बोले समझौता नहीं हुआ तो करेंगे बमबारी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- सीजफायर पर आर या पार, आज संघर्षविराम की समय सीमा हो रही खत्म
- पाकिस्तान में नए दौर की युद्धविराम वार्ता से जुड़े क्षेत्रीय अधिकारियों ने दिए संकेत

अमेरिका और ईरान ने संकेत दिया है कि वे इस्लामाबाद में नए दौर की युद्धविराम वार्ता में शामिल होंगे। दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब न तो अमेरिका और न ही ईरान ने सार्वजनिक रूप से वार्ता के समय की पुष्टि की है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर तेहरान बुधवार को समाप्त हो रहे दो सप्ताह के युद्धविराम से पहले अमेरिका के साथ किसी समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो वह ईरान पर बमबारी शुरू कर देंगे।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि की गई है कि शीर्ष वार्ताकार, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कलिबाफ, वार्ता में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए बुधवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम समाप्त होने वाला है। दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं।

ईरान के मुख्य वार्ताकार ने कहा है कि तेहरान के पास युद्ध के मैदान में ऐसे नए पत्ते हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। अगर बातचीत फिर से शुरू होती है तो युद्धविराम की अवधि बढ़ने की संभावना है। 'व्हाइट हाउस' ने कहा है कि वेंस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, लेकिन ईरान ने यह नहीं बताया है कि वह किसे भेजेगा। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को एक संदेश प्रसारित किया जिसमें कहा गया कि ईरान से कोई प्रतिनिधिमंडल अभी तक इस्लामाबाद नहीं गया है। होर्मुज पर नियंत्रण वार्ता की कुंजी है।

अमेरिकी सेना का ईरान के पूर्व में प्रतिबंधित पोत पर कब्जा

वाशिंगटन। रक्षा विभाग ने मंगलवार को बताया कि अमेरिकी सेना के जवान एक तेल टैंकर पर धावा बोलकर उसपर सवार हो गए और उसे अपने कब्जे में ले लिया है। इस टैंकर पर पहले एशिया में ईरानी कच्चे तेल की तस्करी के आरोप में प्रतिबंध लगाया गया था। पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी सेना ने यात्रा के अधिकार के तहत समुद्री अवरोध उत्पन्न किया और एम/टी टिफानी नामक टैंकर पर उसके जवान बिना किसी प्रतिरोध के सवार हो गए। जहाज ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि टिफानी श्रीलंका और इंडोनेशिया के बीच हिंद महासागर में था। घोषणा के अनुसार यह घटना रात में घटित हुई।

जब मानवता की हदें पार कर दी जाती हैं तो जवाब निर्णायक होता है : सेना

- बरसी से एक दिन पहले भारतीय सेना की आतंकियों को चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का अपना संकल्प दोहराया और कहा, जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है। पिछले साल 22 अप्रैल को, आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों को मार डाला था, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने इसके जवाब में 7 मई को एक सैन्य अभियान शुरू किया और पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ढांचों को तबाह कर दिया।

सेना ने एक्स पर कहा, भारत एकजुट है। इस पोस्ट में एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें भारत के मानचित्र की छायांकित तस्वीर के साथ कैप्शन है- 'सम बाउंड्रीज शुड नेवर बी क्रॉस्ड' (कुछ हदें कभी पार नहीं की जानी चाहिए)। इसमें अंग्रेजी शब्द 'क्रॉस्ड' का 'ओ' अक्षर सिंदूर की एक कटोरी की तरह चित्रित किया गया है और नीचे सुर्ख लाल रंग में लिखा है इंडिया डज नॉट फॉरगेट (भारत भूलता नहीं है)। भारत ने पहलगाम हमले के बाद गत वर्ष सात-आठ मई की दरमियानी रात को निर्णायक सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। सेना ने देर रात 1.51 बजे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, पहलगाम आतंकी हमले में इंसाफ किया गया है। जय हिंद। इसके साथ ही एक डिजिटल पोस्टर भी था जिस पर 'ऑपरेशन सिंदूर' लिखा था। सरकार ने इस अभियान को यही नाम दिया था। बाद में पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले शुरू किए, और भारत के बाद के सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए।

पहलगाम अटैक की पहली बरसी आज

पहलगाम में टूरिस्ट स्थल पर मोटरबोट से गस्त करते सुरक्षाकर्मी।

विधायक निधिः 12.47 अरब रुपये मंजूर

- हर जनप्रतिनिधि को 2.5 करोड़ 499 सदस्यों को मिलेगा लाभ

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 12 अरब 47 करोड़ 50 लाख की धनराशि जारी करने की स्वीकृति दी है।

इस राशि में विधानसभा के 403 में से 400 सदस्यों (3 सीटें रिक्त) के लिए 10 अरब तथा विधान परिषद के 100 में से 99 सदस्यों (1 सीट रिक्त) के लिए 2 अरब 47 करोड़ 50 लाख शामिल हैं। इस प्रकार कुल 499 (400 99) जनप्रतिनिधियों को प्रथम किश्त के रूप में प्रति सदस्य 2 करोड़ 50 लाख (जीएसटी सहित) की

धनराशि दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों और शासनादेशों के अनुरूप ही किया जाए। विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

दो साल से कम अंतर पर भी दूसरा मातृत्व अवकाश मान्य

विधि संवाददाता, लखनऊ

हाईकोर्ट का फैसला

- कहा, सरकार की वित्तीय हैंड बुक मातृत्व लाभ कानून के ऊपर नहीं

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि पहली मातृत्व अवकाश लेने के दो वर्ष के भीतर दूसरे मातृत्व अवकाश पर रोक नहीं लगाई जा सकती।

कोर्ट ने यह भी कहा कि इस विषय में वित्तीय हैंडबुक के प्रावधान मातृत्व लाभ कानून के ऊपर नहीं हो सकते। उक्त आदेश न्यायमूर्ति करुणेश की एकल पीठ ने मनीषा यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में 4 अप्रैल 2026 को पारित उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके जरिए याची की दूसरी मातृत्व अवकाश की मांग को अस्वीकार कर दिया गया था। याची की ओर से अधिवक्ता चिन्मय मिश्रा ने दलील दी कि मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 एक लाभकारी कानून है और इसके प्रावधानों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वहीं, राज्य की ओर से वित्तीय हैंडबुक के नियम 153(1) का हवाला देते हुए कहा गया कि दो प्रसूति अवकाश के बीच कम से कम दो वर्ष का अंतर होना आवश्यक है। कोर्ट ने पूर्व के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि मातृत्व लाभ अधिनियम संसद द्वारा बनाया गया कानून है और यह किसी भी कार्यपालिका निर्देश या वित्तीय हैंडबुक के प्रावधानों से ऊपर है। ऐसे में, यदि दोनों में कोई विरोधाभास हो, तो अधिनियम के प्रावधान ही प्रभावी होंगे। कोर्ट ने पाया कि याची की पहली संतान 2021 में हुई थी और इसके बाद उन्होंने वर्ष 2022 में दूसरी प्रसूति अवकाश के लिए आवेदन किया था, जिसे गलत आधार पर खारिज कर दिया गया।

एप्पल के सीईओ पद से हटेंगे टिम कुक जॉन को सौंपेंगे कमान

सैन फ्रांसिस्को। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने अपने पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी है और उनके बाद कंपनी के हार्डवेयर इंजीनियरिंग प्रमुख जॉन टर्नस यह जिम्मेदारी निभाएंगे। स्टीव जॉब्स के बाद यह जिम्मेदारी संभालने वाले टिम कुक का सीईओ के रूप में लगभग 15 साल का कार्यकाल सितंबर में समाप्त हो जाएगा। उनके कार्यकाल में आईफोन की बढ़ती मांग के कारण कंपनी का बाजार मूल्य 3,600 अरब डॉलर से भी अधिक पहुंच गया। कुक (65) एक सितंबर को सीईओ की जिम्मेदारियां जॉन टर्नस को सौंप देंगे लेकिन वह कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो स्थित इस कंपनी में कार्यकारी चेयरमैन के तौर पर जुड़े रहेंगे।

चेतावनी | आईएमडी के महानिदेशक ने कहा- कुछ इलाके मौसम की दृष्टि से संवेदनशील, यूपी समेत अन्य राज्यों में पड़ेगी भीषण गर्मी

उत्तर भारत में सामान्य से अधिक दिनों तक चलेगी हीट वेव

नई दिल्ली, एजेंसी

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि इस साल सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों के उत्तरी हिस्से, पूर्वी तटीय राज्यों, पश्चिमी राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र तथा उनसे लगे क्षेत्रों में सामान्य से अधिक दिनों तक हीट वेव चलने की आशंका है। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां मौसम की दृष्टि से हर साल अत्यधिक गर्मी पड़ने की आशंका बनी रहती है।

इन इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना है, ऐसा उन क्षेत्रों में भी हो सकता है जहां शायद ऊष्ण लहर नहीं चलती है। उन्होंने कहा, कुछ इलाके

- इन इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने की संभावना

मौसम की दृष्टि से संवेदनशील हैं। उदाहरण के लिए महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में साल के इस समय सामान्य तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। इसी तरह उत्तर प्रदेश और हरियाणा में मई आने तक सामान्य तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। महापात्रा ने कहा, इसलिए हमें अधिक तापमान वाले ऐसे दिनों के लिए तैयार रहना चाहिए। जिन लोगों के मौसम की चरम परिस्थितियों से सर्वाधिक प्रभावित होने का खतरा है, उनकी मदद के लिए आईएमडी की ओर से उठाए जा रहे कदमों के बारे में पूछे जाने पर महापात्रा ने कहा कि विभाग ने रेहड़ी-पटरी वालों और खेतों में काम करने वाले मजदूरों समेत खुले में रहने वाले लोगों तक जानकारी पहुंचाने के लिए ''व्हाट्सएप'' समूह बनाए हैं। इसके अलावा सूचना पट भी लगाए गए हैं, जिन पर गर्मी की स्थिति और उससे बचाव के लिए किए जा सकने वाले उपायों की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति तक पहुंचना और मौसम संबंधी आईएमडी के पूर्वानुमान की जानकारी उपलब्ध कराना है। हम सरकार के माध्यमों से भी जानकारी देते हैं। इनमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) का साझा चेतावनी प्रोटोकॉल (कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल) भी शामिल है, जिससे मोबाइल फोन रखने वाला कोई भी व्यक्ति यह जानकारी प्राप्त कर सकता है।

हर दिन जिला स्तर पर चेतावनी की जाती है जारी

महापात्रा के अनुसार, हर साल खासकर अप्रैल और मई तथा मानसून से पहले जून में तापमान अधिक रहने की संभावना रहती है लेकिन साल-दर-साल इसमें कुछ अंतर हो सकता है। तापमान में सालाना और रोजाना होने वाले उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए आईएमडी एक सीजन पहले ही ऊष्ण लहर का पूर्वानुमान जारी करता है। इसके बाद हर गुरुवार अगले चार सप्ताह के लिए विस्तारित अवधि का पूर्वानुमान भी जारी किया जाता है। उन्होंने कहा कि गर्मी के महीनों में हर दिन जिला स्तर पर सात दिन की चेतावनी भी जारी की जाती है। आईएमडी ने फरवरी के अंत तक मार्च, अप्रैल और मई के लिए ऊष्ण लहर और गर्मियों के तापमान का पहला पूर्वानुमान जारी किया था। बाद में मार्च के आखिरी दिन अप्रैल, मई और जून के लिए इसे अद्यतन किया गया। पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच कई स्थानों पर ऊष्ण लहर की स्थिति बन सकती है।

न्यूज ब्रीफ

यूपी विधानसभा का दूसरा सत्र 30 से

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा का वर्ष 2026 का द्वितीय सत्र 30 अप्रैल से शुरू होगा। विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संसद से पारित न होन के खिलाफ चर्चा कराना है। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस सत्र को आहूत करने की मंजूरी दे दी है। विधानसभा सचिवालय प्रशासन के मुताबिक, गुरुवार 30 अप्रैल 2026 को प्रात: 11 बजे से विधानसभा मंडप, विधान भवन, लखनऊ में सत्र की कार्यवाही प्रारंभ होगी। यह सत्र वर्ष 2026 का दूसरा सत्र होगा, जिसमें सरकार विभिन्न विधायी और नीतिगत कार्यों को आगे बढ़ा सकती है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, सत्र बुलाने का यह निर्णय संवैधानिक प्रक्रिया के तहत लिया गया है। आमतौर पर ऐसे सत्रों में सरकार द्वारा विधेयक पेश किए जाते हैं, महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर चर्चा होती है और विपक्ष को भी अपने मुद्दे उठाने का अवसर मिलता है।

आवास विकास बोर्ड बैठक कल

अमृत विचार, लखनऊ : आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक 23 अप्रैल को महात्मा गांधी मार्ग स्थित मुख्यालय के नवीन सभागार में प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में होगी। बैठक में परिषद की विकसित कालोनियों में सम्पत्तियों के दाम बढ़ाने की तैयारी है। इनमें लखनऊ की वृंदावन योजना और अवध विहार योजना शामिल हैं। यहां डीएम सर्किल रेट के बराबर जमीन की कीमत निर्धारित की जाएगी। जहां कालोनियां अभी विकसित हो रही हैं वहां 8.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से जमीन की कीमत बढ़ाई जाएगी। बोर्ड बैठक में मार्जिन कॉस्ट लैंड रेट (एमसीएलआर) अधिनियम परिषद अंगीकृत करेगा।

पेंशनरों ने बुलंद की हक की आवाज

प्रतापगढ़, अमृत विचर : सेवानिवृत्त कर्मचारी, शिक्षक एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रमणि मिश्र के नेतृत्व में मंगलवार को जिले भर के पेंशनर कलक्ट्रेट में इकट्ठा हुए और अपने धरना देकर हक के लिए आवाज बुलंद की। आम सभा करने के बाद पदाधिकारियों की ओर से डीएम कार्यालय में मांग पत्र दिया गया। जिसमें पुराने पेंशनरों को आठवें केंद्रीय वित्त आयोग में शामिल करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, राशिकरण की कटौती 10 वर्ष पर बंद करने, 65 वर्ष की उम्र के बाद प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत पेंशन में वृद्धि, वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में छूट सहित 10 सूत्रीय मागों को शामिल किया गया है।

कौशल विकास केंद्र का हुआ शुभारंभ

कुंडा (प्रतापगढ़) अमृत विचार : पूरेधनऊ, कुंडा स्थित रामसखी बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कौशल प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह ने केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रमुख युवा सशक्तिकरण पर जोर दिया। कहा कि यह केंद्र ताजुद्दीनपुर के युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सुनहरे भविष्य के द्वार खोलेगा। जिला समन्वयक रविन्द्र पांडेय, समाज सेवी अतुल शुक्ल, समन्वयक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह, सरवर अली, कौसर अली, आर्यन यादव, मों फैजान, अन्नू गुप्ता, पायल मिश्र, प्राची मौर्य रहीं।

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दिखेगी 'आधी आबादी' की ताकत

लखनऊ में हुए प्रदर्शन में महिलाओं ने कुछ ऐसे विरोध दर्ज कराया।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर हर स्तर पर जवाब की तैयारी
- महिला मंत्रियों समेत हजारों की भागीदारी, विपक्ष पर तीखा हमला

अमृत विचार: नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर राजधानी में आयोजित 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' ने साफ संकेत दिया कि आने वाले 2027 विधानसभा और 2029 लोकसभा चुनाव में महिलाएं निर्णायक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

पदयात्रा में प्रदेश सरकार की कई महिला मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों ने भाग लिया। मंच से वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक को गिराकर विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों का हनन किया है, जिसका जवाब अब पंचायत से लेकर संसद तक दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि महिलाओं को विपक्ष की "संकीर्ण सोच" को पहचानना होगा और अपने अधिकारों के लिए संगठित होना होगा। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने वोट की ताकत से 2027 और 2029 में स्पष्ट संदेश दें।

महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि संसद में विधेयक के विरोध के दौरान विपक्षी महिला सांसदों का व्यवहार "दुर्भाग्यपूर्ण" रहा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे इस "अपमान" को याद रखें और लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दें। पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए यह पहल लेकर आए, लेकिन विपक्ष ने इसे रोककर अपनी मानसिकता उजागर कर दी। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं एकजुट होकर अपनी शक्ति का परिचय देंगी। पदयात्रा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं की भागीदारी ने इसे व्यापक जनसमर्थन का स्वरूप दिया। नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई का प्रतीक है, जो आने वाले चुनावों में निर्णायक असर डालेगा।

चुनावी असर का संकेत

- इस पदयात्रा ने साफ कर दिया है कि महिला मतदाता अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि राजनीति की दिशा तय करने वाली शक्ति बन चुकी हैं। नेताओं ने बार-बार इस बात पर जोर दिया कि यदि महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी हुई, तो उसका जवाब सीधे चुनाव में मिलेगा। 2027 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर दिया गया संदेश इस आंदोलन को राजनीतिक रूप से और महत्वपूर्ण बनाता है। महिला भागीदारी का यह स्तर संकेत देता है कि आने वाले समय में चुनावी रणनीतियों में 'आधी आबादी' केंद्र में रहेगी और कोई भी दल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकेगा।

महिला नेतृत्व की मजबूत उपस्थिति

- पदयात्रा की एक खास बात महिला नेतृत्व की सक्रिय भागीदारी रही। प्रदेश सरकार की महिला मंत्रियों से लेकर संगठन की पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि तक, सभी ने मंच और सड़क दोनों जगह अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इससे यह संदेश गया कि महिलाओं की भूमिका केवल समर्थक की नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भी है। विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने भी इस आंदोलन को मजबूती दी। यह सहभागिता दर्शाती है कि महिला सशक्तिकरण अब केवल नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर एक सशक्त जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

विपक्ष के खिलाफ सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में सीएम की अगुवाई में निकली पदयात्रा में शामिल हुईं हजारों महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पद यात्रा का नेतृत्व संभाला, तो कड़ी धूप के बावजूद जनसैलाब उमड़ पड़ा। तिरंगा हाथ में लहराते समूचा मंत्रिमंडल, भाजपा और सहयोगी दलों के शीर्ष नेता भी कदमताल करते दिखे। हजारों महिलाओं का हुजूम कांग्रेस-सपा समेत विपक्षी दलों के खिलाफ बैनर-पोस्टर और तख्तियों के साथ आक्रोशित नजर आया। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आधी आबादी अब सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ होकर सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक पहुंची इस रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा कि देशभर में महिलाएं इस अन्याय के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रही हैं और लखनऊ की यह पदयात्रा उसी जनभावना का प्रतीक है। सुबह 7 बजे से ही 5 कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ा और धूप तेज होती गई, वैसे-वैसे महिलाओं का जोश और आक्रोश भी बढ़ता गया। हाथों में पोस्टर-बैनर लिए महिलाएं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करती नजर आईं।

मुख्यमंत्री योगी की अगुवाई में 5-कालीदास मार्ग से निकली जन आक्रोश यात्रा में तिरंगे, तख्तियां और बैनर लेकर शामिल महिलाएं व अन्य।

पूरे मार्ग पर दिखा अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम

- राजधानी लखनऊ के लिए यह एक अभूतपूर्व दृश्य था, पूरी सरकार ही सड़क पर थी। हजारों महिलाओं संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे आगे थे। उनके साथ केंद्रीय राज्य मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, सहयोगी दलों के नेता, मंत्रिमंडल के सदस्यों और भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला। युवा, वृद्ध, छात्राएं और कामकाजी महिलाएं, हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही।

नंबर प्लेट लगा रहे बोलेरो चालक की कार से कुचल कर मौत

संवाददाता, रानीगंज (प्रतापगढ़)

अमृत विचार : बारात से लौटने के बार रानीगंज कस्बे के बीठलपुर वार्ड में गैराज के बाहर नंबर प्लेट लगा रहे चालक की कार से कुचलकर मौत हो गई।जबकि कार चालक रिटायर बीडीओ घायल हो गए। पुलिस ने कार कब्जे में ले लिया। घायल बीडीओ को ट्रामा सेंटर ले जाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रात में शादी में जागने के कारण चालक को नींद आने से हादसा हुआ।

रानीगंज थाना क्षेत्र के पूरे महंथ रामगढ़ निवासी 60 वर्षीय जगदीश गिरि होमगार्ड की नौकरी छोड़कर बोलेरो खरीदकर चलाने लगा। वह सोमवार रात शादी से लौटे तो उनकी बोलेरो की नंबर प्लेट टूट गई थी। मंगलवार पूर्वान्ह करीब 11 बजे वे बोलेरो लेकर रानीगंज आए। यहां लखनऊ वाराणसी हाईवे किनारे बीठलपुर में बोलेरो खड़ी कर खुद नंबर प्लेट लगाने लगे। तभी वाराणसी की ओर।से आ रही कार ने उन्हें कुचल दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार चालक अमेठी के गौरीगंज निवासी इंद्रजीत सिंह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में लेकर मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कार चालक रिटायर बीडीओ को रानीगंज ट्रामा सेंटर ले जाया गया। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

युवती ने ओवरहेड टैंक पर चढ़ कर किया हंगामा

संवाददाता, प्रतापगढ़

- युवती न्याय मांगने पहुंची थी एसपी कार्यालय

अमृत विचार : सदर तहसील के पूरे केशव राय गांव की एक युवती मंगलवार दोपहर पुलिस कार्यालय के पीछे ओवरहेड टैंक पर चढ़ गई। इस दौरान उसने जमकर हंगामा किया। ओवरहेड टैंक के एकदम ऊपर जाकर वह शोर मचाने लगी कि उसे पट्टीदार घर बनाने से रोक रहे हैं, जबकि उसे सरकारी योजना का आवास स्वीकृत हुआ है।

बताया गया कि युवती ज्योति न्याय मांगने के लिए एसपी कार्यालय आई थी। उसकी मां शिव कुमारी का कहना है कि जमीन के विवाद के कारण विपक्षी घर बनाने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इसका निस्तारण नहीं कराया जा रहा है। इससे रहने में परिवार के लोगों को दिक्कत हो रही है। ज्योति के ओवरहेड टैंक पर चढ़ जाने के बाद कचहरी के आसपास भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस प्रशासन के अधिकारी और दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंचे। युवती को समझा-बुझाकर ओवरहेड टैंक से नीचे उतारने में सफल रहे। इस संबंध में सीओ सिटी प्रशांत राज ने बताया की जमीन का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। लेखपाल की रिपोर्ट यह बताती है कि यह महिला उक्त जमीन पर निर्माण नहीं कर सकती। मामले की विस्तार से जांच-पड़ताल पुलिस और राजस्व विभाग की टीम करेगी।


ओवरहेड टैंक पर चढ़ी युवती।

विपक्षी से परेशान युवती टॉवर पर चढ़ी

प्रतापगढ़, अमृत विचार : जमीन के विवाद को लेकर मंगलवार को एक युवती टॉवर पर चढ़ गई। इस दौरान उसने भूमि विवाद को लेकर विपक्षियों पर आए दिन परेशान करने का आरोप लगाया। साथ ही शिकायत पर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने की भी बात कही।

लीलापुर थाने के देवली गांव की दामिनी पुत्री कालूराम वर्मा मंगलवार को गांव स्थित टॉवर पर चढ़ गई। उसे टॉवर पर चढ़ा देख परिजन और ग्रामीण परेशान हो उठे। सूचना पर पुलिस पहुंची और मोबाइल लेकर टॉवर पर चढ़ी युवती से बातचीत की। घंटों मशक्कत और आश्ववासन के बाद पुलिस उसे नीचे उतारने में कामयाब हुई। इसके बाद युवती को पुलिस ने थाने ले जाकर पूछताछ की। पीड़ित युवती ने बताया कि उसका करीब तीन वर्ष से विपक्षी से जमीन का विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है इसे लेकर विपक्षी आए दिन युवती व उसके घर वालों को परेशान करते रहते हैं। कई बार पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन पुलिस मामले को अनसुना करती रही। इस कारण उसे ऐसा कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा।

वहीं लीलापुर प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया है। पूछताछ की जा रही है। मामले में जांच-पड़ताल के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

साजिश

फर्जी कॉन्फ्रेंस के नाम पर छात्राओं को दिल्ली ले जाने की थी तैयारी, पुलिस कर रही जांच

केजीएमयू में पकड़ा गया फर्जी डॉक्टर, धर्मांतरण रैकेट की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) प्रशासन ने मंगलवार को एक बड़े फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए धर्मांतरण रैकेट की आशंका में एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी हस्साम अहमद 12वीं पास है, लेकिन खुद को मेडिकल छात्र बताकर विवि में सक्रिय था।

केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने ब्राउन हॉल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मड़ियांव के अजीज नगर सेमरा गौढ़ी निवासी आरोपी ने कार्डियो सेवा संस्थान नाम से एक ट्रस्ट बना रखा था। वह विश्वविद्यालय में घूमकर खुद को सीनियर छात्र बताता और छात्रों-छात्राओं पर प्रभाव जमाता था। इतना ही नहीं, वह इलाज के लिए आने वाले मरीजों से वसूली भी करता था। जांच में सामने आया कि 13 अप्रैल को आरोपी ने केजीएमयू की कई छात्राओं को दिल्ली में होने वाली एक कथित कॉन्फ्रेंस के नाम पर फर्जी चयन पत्र जारी किया। इस पत्र पर प्रो. केके सिंह के फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे और इसमें अमेरिका के डॉक्टरों से मुलाकात का लालच भी दिया गया था। आरोपी इन छात्राओं को 29 अप्रैल को दिल्ली ले जाने की तैयारी में था। इससे पहले 20 अप्रैल को वह छात्राओं को हुसैनाबाद घंटाघर के पास लगे एक चिकित्सा शिविर में भी ले गया था। छात्राएं उसके प्रभाव में थीं और उसके साथ दिल्ली जाने को तैयार थीं। मामला संदिग्ध लगने पर प्रशासन ने फर्जी पत्र जब्त किया और शिविर की जांच की। मंगलवार को जैसे ही आरोपी जनरल सर्जरी विभाग के पास पहुंचा, छात्रों की मदद से उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उसके खिलाफ तहरीर दे दी गई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

पत्रकारों को जानकारी देते डॉ. केके सिंह, डॉ. प्रेमराज सिंह, डॉ. ओपी सिंह और डॉ. अमिय अग्रवाल और मीडिया के सवालों का जवाब देता आरोपी हस्साम अहमद। अमृत विचार

ऐसे लेता था झांसे में

- आरोपी हस्साम अहमद ने स्वीकार किया है कि वह केजीएमयू का डीन बनकर व्हाट्सएप पर छात्रों से संपर्क करता था। उसकी प्रोफाइल फोटो में डीन की तस्वीर लगी होने के कारण छात्र-छात्राएं आसानी से उसके प्रभाव में आ जाते थे। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले छात्रों से विश्वास कायम करता, फिर उन्हें एक कथित कॉर्डियो सेवा फाउंडेशन से जोड़ने का लालच देता था। वह फाउंडेशन के नाम पर पुरस्कार, सम्मान और करियर में मदद का झूठा सपना दिखाता था। इसी जाल में फंसकर एक छात्रा पूरी तरह प्रभावित हो गई। उसने बिना अपने परिवार या केजीएमयू प्रशासन को सूचना दिए दिल्ली जाने का फैसला तक कर लिया। पूछताछ के दौरान छात्रा ने बताया कि आरोपी ने उसे कई पुरस्कार मिलने का भरोसा दिलाया था। पत्रकार वार्ता में ट्रॉमा सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. अमिय अग्रवाल, डॉ. भास्कर अग्रवाल, डॉ. अंकुर बजाज डॉ. कुमार शांतनु मौजूद रहे।

डॉक्टरों के नाम का दुरुपयोग

- आरोपी ने दावा किया कि उसके ट्रस्ट से एसजीपीजीआई और शहर के दो नामी निजी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर जुड़े हैं। मीडिया को डॉक्टरों के नाम भी बताए। उसके दावों की सत्यता की जांच की जा रही है।

व्हाट्सएप पर लगा रखी थी केजीएमयू प्रवक्ता की फोटो

- विश्वास जीतने के लिए आरोपी ने अपने व्हाट्सएप डीपी पर प्रो. केके सिंह की फोटो लगा रखी थी और उसी के नाम से दस्तावेज जारी कर रहा था। चयनित छात्राओं ने पत्र को सोशल मीडिया पर डाल रखा था। जिसके बाद यह मामला पकड़ में आया।

विदेश भेजने की साजिश

- प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी विशेष रूप से हिंदू छात्राओं को निशाना बनाता था। शक है कि वह धर्मांतरण के साथ उन्हें विदेश भेजने की साजिश बना रहा था, जहां उनके साथ अनैतिक गतिविधियों की आशंका जताई जा रही है। हिन्दू लड़कियां आसानी से उसके झांसे में आ जाएं इसके लिए वह अपने धर्म के लोगों को जोड़ने के साथ ही लड़कों को भी जोड़ता था।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मेरा आधार कार्ड में नाम सफीक Safeeq पुत्र नफीस, पता- ग्राम गांधी नगर सिकंदरा कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम सफीक Safeeq पुत्र नफीस को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। सफीक Safeeq पुत्र नफीस निवासी गांधी नगर सिकंदरा कानपुर देहात।

सूचना
मेरा आधार कार्ड में नाम Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान पता ग्राम बारा कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। Mohd Kamran पुत्र मो उस्मान निवासी बारा कानपुर देहात।

सूचना
मैं रशीद अहमद (RASHEED AHMED) पुत्र स्व0 रफीक अहमद (RAFIQ AHMED), निवासी 109, गढ़ी जिन्दौर, परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ, उ0प्र0, मेरे डी0एल0 पर मेरा नाम रशीद अहमद सिद्दीकी (RASHEED AHMAD SIDDIQUIE) लिख गया है। जबकि आधार कार्ड पर रशीद अहमद (RASHEED AHMED) लिखा है जो क सही व सत्य है। मैं दो नामों से जाना-व पहचाना जाता है यह दोनों नाम मेरे ही हैं।

सूचना
मैं NITIN पुत्र श्री DURJAN, निवासी-ग्राम-किरहन खेड़ा, पोस्ट-चैत्रा, किरहन खेड़ा, जिला-उन्नाव, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर NITIN KUMAR कर रहा हूँ, अब से मुझे NITIN KUMAR के नाम से जाना पहचाना और माना जाये।

सूचना
मेरा पुत्र अरुन मुझे परेशान करता है। मेरे जीवन काल में ही मेरी संपत्ति हड़पना चाहता है। मेरा मानसिक शोषण करता है जिसके चलते आज की तारीख से मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरी संपत्ति से मेरे पुत्र अरुन का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। मैं/ **राम नारायण पुत्र भगौती पाल पूरे मकरहन मजरे व पोस्ट ऐहार तहसील डलमऊ जिला रायबरेली।**

सूचना
सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र के अनुसार उसका नाम तय्यबा है जो कि गलत है, मेरी पुत्री का सही नाम बेबी तय्यबा व मां का नाम सलमा परवीन है, जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र व अन्य सभी अभिलेखों में सही दर्ज कराना आवश्यक है। **मोहम्मद इकबाल, पुत्र मोहम्मद शफी निवासी- 346/112, मेंहदीगंज, लखनऊ।**

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम NASIR था से बदलकर NASEER AHMAD रख लिया है। अब मुझे NASEER AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ABDUL BAREE ADD-VILL-CHANDNAPUR POST-MALLAPUR PS-RAMNAGAR DIST-BARABANKI-225201(U.P.)

सूचना
पहले मेरा नाम ZABED AHMAD था अब मैंने बदलकर अपना नाम MOHMMAD JAVED रख लिया है भविष्य में मुझे MOHMMAD JAVED के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O JAMSHED AHMAD R/O SULEMANPUR GANAULI POST RAUZAGAON AYODHYA-224120

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम GAJALA SIDDIQUI था से बदलकर GAZALA SIDDIQUI रख लिया है। अब मुझे GAZALA SIDDIQUI के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MATEEN AHMAD ADD-ED-366 SECTOR-Q ALIGANJ SO-DIST-LUCKNOW-226024 (U.P.)

NOTICE
I hereby inform the general public that I have changed my name from MOHAMMAD NASEEB to MO HASEEB. Henceforth, I shall be known and recognized by the name MO HASEEB for all purposes.MO HASEEBS/o TALUK ALIAddress: Village Bhudehari, Post–Ram Sanehi Ghat,District–Barabanki, Uttar Pradesh, Pin–225409

सूचना
सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2032995 एवं इंटरमीडिएट व्यक्तिगत परीक्षा वर्ष 2011 अनुक्रमांक 3163941 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र खो गया है। **शिवेंद्र शर्मा पुत्र यज्ञ प्रसाद शर्मा निवासी मकान नंबर 502 निकट गांधी पार्क मालवीय नगर गोंडा। (उत्तर प्रदेश) 271001**

जेईई मेन सत्र दो में भी आदित्य टॉपर, साईं का बढ़ा मान

99.954 पर्सेंटाइल संग आदित्य अव्वल, 45 से अधिक छात्र 90+ पर्सेंटाइल क्लब में शामिल, सत्र-2 में और निखरा साईं कालेज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित जेईई मेन 2026 के सत्र-2 के परिणाम में भी साईं इंटर कालेज ने जलवा बिखेरा है। रिजल्ट आते ही बड़ेल कैनाल रोड स्थित कालेज परिसर में खुशियों ने बसेरा कर लिया। संस्थान के छात्रों ने इस बार और बेहतर प्रदर्शन करते हुए सत्र-1 की उपलब्धियों को भी पीछे छोड़ दिया।

कॉलेज के मेधावी छात्र आदित्य वर्मा ने सत्र एक के बाद दो में 99.954 पर्सेंटाइल हासिल कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। आदित्य साधारण किसान परिवार से आते हैं और उनका लक्ष्य कंप्यूटर इंजीनियर बनना है।

इस बार संस्थान के तीन छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 45 से अधिक छात्र 90 पर्सेंटाइल से ऊपर रहे। इससे पहले सत्र-1 में भी छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन सत्र-2 में परिणाम और बेहतर रहे, जिससे विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता एक बार फिर उत्कृष्ट साबित हुई। अन्य प्रमुख छात्रों में आयुष वर्मा (99.29), नयन वर्मा (99.17) और अमन सिंह (98.83) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी क्रम में 90 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कालेज के छात्र आदित्य वर्मा 99.954, आयुष वर्मा 99.299, नयन वर्मा 99.174, अमन सिंह 98.830, आयुष वर्मा 98.048, अभिषेक पटेल 98.040, अंश वर्मा 98.011, शाश्वत वर्मा 97.956, हर्षित मित्रा 97.834, आदित्य सिंह 97.431, नितेश शर्मा 97.125, अंकिता 96.923, अंकुर कुमार 96.534, रजित कुमार 96.463, अमन रंजन 96.247, अंशिका 96.92, शोभित सोनी 96.46, करण चौहान 96.130, नितेश मिश्रा 95.507, महेश वर्मा 94.954, सिद्धार्थ 94.69, किशोर शर्मा 94.505, कपीश शर्मा 94.505, अंश वर्मा 94.41, रोहन शर्मा 94.268, हरजीत कुमार 94.135, विवेक विश्वकर्मा 93.485, निशांत वर्मा 92.938, अनुकृत रावल 92.344, पार्थ पटेल 92.091, अभिनव पटेल 92.46, अभिषेक सिंह 91.832, निलेश वर्मा 91.787, अंश वर्मा 91.589, शशांक 91.285, अमन वर्मा 91.267, प्रिया मिश्रा 90.860, तान्या 90.647, आदर्श वर्मा 90.644, आदित्य सिंह रावत 90.617, आयुष वर्मा 90.615, साहिल 90.551, आयुष वर्मा 90.457, कौतिक सिंह 90.359, सक्षम पटेल 90 हैं।

निरंतर सफलता पर मिलेगा नकद पुरस्कार

साईं इंटर कालेज के प्रबंधक सुरेंद्र वर्मा ने छात्रों की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा ही इस उपलब्धि का आधार है। उन्होंने बताया कि 17 मई को होने वाली जेईई एडवांस परीक्षा के लिए भी छात्र पूरी तैयारी में जुटे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की है कि यदि आदित्य वर्मा ऑल इंडिया रैंक में 500 के भीतर आते हैं तो उन्हें 3 लाख और टॉप-100 में स्थान पाने पर 5 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा।

एमबी कॉलेज के छात्रों ने रचा इतिहास

शहर के मुनेश्वर विहार कॉलोनी स्थित एमबी कॉलेज ने एक बार फिर अपनी उच्च स्तरीय शिक्षा और मार्गदर्शन का लोहा मनवाया है। जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन मेंस 2026 के दूसरे सत्र (सीजन-2) में कॉलेज के चार छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया कि सही दिशा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। कॉलेज के छात्र अभिषेक कुमार वर्मा ने 97 .66 पर्सेंटाइल प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं आर्यन पटेल ने 97 .64 पर्सेंटाइल, सक्षम वर्मा ने 94 .30 पर्सेंटाइल और प्रखर पटेल ने 93 .11 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता दर्ज की। इन छात्रों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के साथ-साथ विद्यालय का सशक्त शैक्षिक वातावरण उनकी सफलता का मुख्य आधार बना। विद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक दिनेश सिंह और प्रिंसिपल रक्षा सक्सेना ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि एमबी कॉलेज हमेशा से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और प्रेरणादायक माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि संस्थान में पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसका परिणाम आज सामने है।

साईं इंटर कॉलेज के बच्चों ने लहराया परचम

आदित्य वर्मा, 99.954

आयुष वर्मा 99.29

नयन वर्मा 99.17

आयुष वर्मा 98.048

अंशिका 96.92

शोभित सोनी 96.46

कपीश शर्मा 94.505

पार्थ पटेल 92.091

अभिनव पटेल 92.46

अभिषेक सिंह 91.832

एमबी कॉलेज का भी रहा दबदबा

अभिषेक कुमार वर्मा 97.66


आर्यन पटेल 97.64


सक्षम वर्मा 94.30

प्रखर पटेल 93.11

संकुल बैठक में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

न्याय पंचायत स्तर की संकुल शिक्षक बैठक संपन्न

फतेहपुर, बाराबंकी : ब्लॉक क्षेत्र की हसनपुर टांडा न्याय पंचायत की बैठक मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय असोहना में डाइट मेंटर राहुल सिंह सूर्यवंशी और नोडल सुनीत वर्मा के निर्देशन में आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। डाइट मेंटर ने विभिन्न एजेंडा बिंदुओं मुख्य रूप से नामांकन में आ रही समस्याओं और समाधान पर चर्चा की बताया कि बेस लाइन एसेसमेंट, विशेष अनुसमर्थन को किस तरह से लागू किया जाए, नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावक से संपर्क, प्रोत्साहन प्रणाली, सुझावात्मक सलाह, वनडे फन डे जैसा प्रयोग किया जाए। बैठक को शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता बढ़ाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने एवं निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में अत्यंत उपयोगी बताया गया। प्रधानाध्यापिका राजकुमारी साहू ने सभी का धन्यवाद किया। बैठक में डॉ विकास चंद्र शर्मा, मंडलीय संयुक्त मंत्री अर्जुन प्रसाद, सत्य प्रकाश वर्मा, धीरेन्द्र वर्मा, सोनम सोनी व विनय कुमार ने प्रतिभाग किया।

विवाद में चले लाठी-डंडे और हथियार, पांच घायल

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मामूली विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। मारपीट में छात्र समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी मामले पुलिस में दर्ज हैं। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के नई बस्ती मजरे बहादुरपुर निवासी मोहम्मद साहिल ने आरोप लगाया कि 18 अप्रैल की सुबह वह लक्ष्मीनगर से अपने गांव लौट रहा था, तभी पुरानी रंजिश के चलते सन्ते उर्फ सुमित, उसके भाई ललित और पिता जगदीश ने उसे घेर लिया। तीनों ने लाठी-डंडों और पत्थर से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आईं। यह भी बताया कि मारपीट के दौरान उसके रुपये व चांदी की चैन भी गिर गई। इसी थाना क्षेत्र के ग्राम अजीमनगर की शबाना ने अपनी बहन रुखशाना व बहनोई शकील पर मारपीट का आरोप लगाया। पीड़िता के अनुसार, 18 अप्रैल को दोनों उसके घर पहुंचे और मना करने के बावजूद रुकने लगे। विरोध करने पर लात-घूंसों, लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। कोतवाली नगर क्षेत्र में अधिवक्ता राकेश कुमार ने शिकायत की कि 18 अप्रैल को दशहराबाग क्षेत्र के पास सड़क किनारे वाहन खड़ा कर जूस लेने के दौरान एक कार सवार लोगों ने पार्किंग को लेकर विवाद किया।

न्यूज ब्रीफ

सीएम से हैदरगढ़ में ट्रामा सेंटर की मांग

हैदरगढ़, बाराबंकी : सांसद तनुज पुनिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर मिनी ट्रामा सेंटर खोलने की मांग की है। श्री पुनिया ने यह पत्र अमिलहरा गांव निवासी बद्री प्रसाद साहू द्वारा की गई मांग पर लिखा है। बद्री साहू ने बताया कि हैदरगढ़ क्षेत्र से होकर गुजरे एनएच 731 व पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर होने वाली दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोग घायल होकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र होने की वजह से हैदरगढ़ आते हैं परंतु बेहतर चिकित्सा व्यवस्था न होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल या लखनऊ के बड़े हॉस्पिटलों के लिए रेफर कर दिया जाता है। सही समय पर बेहतर इलाज न मिल पाने के कारण बहुत सारे घायल यात्रियों की जान चली जाती है।

जानलेवा हमले की नामजद रिपोर्ट दर्ज

हैदरगढ़, बाराबंकी : आठ दिन पहले जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल महिला ने कोतवाली विपक्षियों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के पूरे धनऊ मजरे गौरा गांव की महिला सीतापति पत्नी राममिलन ने बताया कि गत 12 अप्रैल की शाम वह पति के साथ खेत पर गई थी। घर पर अकेली पुत्री रचना 10 पानी लेने नल पर गयी, जहां पर गांव के ही विपक्षी हरिश्चन्द्र पुत्र सुखराज, उनकी माता तारावती, पत्नी लज्जावती व बहू पूजा ने बालिका को धक्का देकर गिरा दिया। तब तक वह पति समेत पहुंच गई, जिस पर विपक्षियों ने बांका लाठी-डण्डो से उनको भी खूब मारा-पीटा। तीनों को सिर में व शरीर पर गम्भीर चोटे आईं थी। मामले की शिकायत उसी दिन पुलिस से की गई और चिकित्सीय परीक्षण भी कराया।

बीडीओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

रामनगर, बाराबंकी : खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने गौशाला, आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने साफ सफाई छात्रों की उपस्थिति, एमडीएम आदि का जायजा लिया। गौशाला में स्वछ पेयजल चारा भूसा पानी का अवलोकन कर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को सुबह खण्ड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार एडीओ पंचायत अभय शुक्ला के साथ कटियारा गौशाला पहुंचे यहां उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई का जायजा लिया बी डी ओ ने मवेशियों को गर्मी से बचाने, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पर्याप्त मात्रा में हरे चारे का इंतजार रखने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी ने पंचायत सचिव और केयर टेकरों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में संरक्षित पशुओं की देखभाल में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। पानी पीने वाली नाद की प्रतिदिन सफाई कर ताजा पानी भरा जाए।

ब्लड बैंक में रक्तदान करता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

15 लोगों ने किया रक्तदान, बताया महादान

बाराबंकी, अमृत विचार : मंगलवार को बालाजी ग्रुप आफ स्कूल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 15 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। इसमें बालाजी ग्रुप आफ स्कूल के डायरेक्टर अंकुर माथुर ने अपना स्वैच्छिक 54वीं बार रक्तदान किया, उनके साथ ही संस्था के सदस्य अनूप जैसवारा ने अपना स्वैच्छिक 11वीं बार रक्तदान किया, बालाजी का बचपन स्कूल के कक्षा 7 की छात्रा सिमरत कौर के अभिभावक राजा सिंह ने स्वैच्छिक 56वीं बार रक्तदान किया, विद्यालय की अध्यापिका शाजिया, नबीला, समाजसेवी दिवाकर, राहुल यादव, राम संजीवन, हसन यूसुफ, मोहित भारती, सर्वेश पाण्डेय, शैलेन्द्र राठौर, पंकज वर्मा, श्याम यादव, विमल यादव, रितेश कुमार ने रक्तदान कर महादान बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। संस्था के प्रबंधक अंकुर माथुर ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे कई जिंदगी को बचाया जा सकता है, साथ ही थैलेसीमिया के मरीजों को नियमित रूप से रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है।

सेवकीपुरवा में गैस रिसाव से लगी आग, भाई और बहन झुलसे

जैदपुर, बाराबंकी : थाना क्षेत्र के ग्राम सेवकीपुरवा में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। गैस सिलेंडर में रिसाव से लगी आग भड़क गई और वहां मौजूद भाई बहन झुलस गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार घटना गांव निवासी स्वर्गीय रामदेव के घर हुई। गैस सिलेंडर के रिसाव से आग लगने के समय 13 वर्षीय प्रिया रसोई में खाना बना रही थी और पास में 16 वर्षीय पुत्र आकाश भी मौजूद था। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दोनों भाई-बहन इसकी चपेट में आकर झुलस गए। बच्चों की मां अनीता खेत में काम करने गई थीं। लौटने पर घर में आग लगी देख उन्होंने अंदर जाने का प्रयास किया, लेकिन बेटे आकाश ने उन्हें बाहर ही रोक दिया। अनीता ने साहस दिखाते हुए जलते रसोईघर से गैस सिलेंडर को बाहर खींचकर नाले में फेंक दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पड़ोसी कंधई का घर भी इसकी चपेट में आ गया। पछुआ हवा के कारण आग और भड़क उठी। ग्रामीण बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने लगे लेकिन सिलेंडर फटने की आशंका भी रही। सूचना मिलने पर पहुंची फायर टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में घर में रखा अनाज और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया।

दबंगों ने घर में घुसकर परिवार पर किया जानलेवा हमला, तोड़फोड़

मसौली, बाराबंकी : थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह दबंगों ने एक घर में घुसकर पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियार से वारकर कई लोगों को घायल किया, वहीं मोबाइल, बाइक आदि तोड़ डाला। गंभीर दशा में घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सादामऊ निवासी प्रदीप कुमार ने दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल की सुबह वह अपने घर पर मौजूद थे। तभी गांव के ही गुरुवचन उर्फ गुर्जर, विमल, विपिन उर्फ लंगड़ा, मूलचंद्र उर्फ बौना, राम अचल यादव आदि लोग लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर उनके घर में घुस आए। हमलावरों ने प्रदीप की मां रेखा देवी, बहन लक्ष्मी देवी और भाई दिलीप कुमार पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में सिर पर गंभीर चोट आने से प्रदीप मौके पर ही बेहोश हो गए। वहीं लक्ष्मी देवी के साथ मारपीट व अभद्रता भी की गई। उन पर भी धारदार हथियार से हमला किया गया। अन्य परिजनों को भी बुरी तरह पीटा और अचेत होने तक मारते रहे। आरोपियों ने जाते-जाते घर का मोबाइल व मोटरसाइकिल तोड़ डाली। पीड़ित परिवार ने तत्काल 108 एंबुलेंस और 112 पुलिस सेवा को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों के डर से गांव का कोई भी व्यक्ति गवाही देने को तैयार नहीं है, हालांकि घटना का वीडियो साक्ष्य सुरक्षित होने की बात कही जा रही है।

अपर मुख्य सचिव ने किया औचक निरीक्षण

स्टोर रूम में जायजा लेते अपर मुख्य सचिव। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल जरहरा का अपर मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा औचक निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद 102 मादा गौवंश का पशु संख्या का सत्यापन किया। गौशाला के स्टोर रूम में जाकर पशु आहार की बोरी पर अंकित बैच नंबर को देखा जो गोदरेज कंपनी से क्रय की गई थी। नांद में पशुओं को पीने हेतु स्वच्छ जल देखकर प्रसन्न हुए। अपर मुख्य सचिव ने हरे चारे के अनुबंध के बारे में जानकारी प्राप्त की। गौशाला में जो नैपियर घास की बुआई की गई हैं,उसको गौशाला के शेष क्षेत्र में भी लगाने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने मौके पर स्वस्थ पशुओं को देखकर संतोष व्यक्त किया। उक्त निरीक्षण में डॉ. भानु प्रताप प्रजापति प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर, पंकज कुमार वर्मा पशुधन प्रसार अधिकारी, अखिलेश कुमार वर्मा के साथ केयरटेकर सतीश कुमार राकेश आलोक अरविंद कुमार मौजूद रहे।

सुंदरकांड पाठ संग भजन संध्या का आयोजन

मसौली, बाराबंकी : बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली पर मंगलवार को सुंदरकाण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा रामलाल दास ने सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने गणेश वंदना तुम्हें मनाऊं भोग लगाऊं हे गणपति महाराज। भजन राम नाम सुखदाई, भजन करो भाई। इसके बाद भगवान की आरती हुई फिर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मन्दिर समिति के अध्यक्ष मोहित वर्मा, दिपांशु यादव, बाबा किशुन दास, शानू यादव, ललित सोनी, चंद्रपाल यादव, शिवा नाग, मोहित वर्मा, अशोक कश्यप आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसों में 3 की मौत, 2 गंभीर

रफ्तार बेलगाम

निन्दूरा, रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : मंगलवार को हुए दो सड़क हादसों में दो युवकों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक अपने साले की शादी का कार्ड बांटने निकला था। घुंघटेर थाना क्षेत्र में बाबागंज-घुंघटेर मार्ग पर छिलगवां गांव के मोड़ के पास दो बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुंघटेर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने पलिया गांव निवासी सुनील (25) पुत्र रामजीवन और उनके साथी विमल कुमार (23) पुत्र छोटे लाल को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल दूसरे बाइक सवार केशन (55) पुत्र नान्हू निवासी बलदेव पुरवा मजरे छिलगवां और उनके साथी की हालत नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। बताया जा रहा कि सुनील और विमल शादी समारोह में खाना बनाने का काम कर लौट रहे थे, जबकि केशन और उनका साथी भी एक विवाह कार्यक्रम से वापस आ रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही पलिया गांव में शोक की लहर दौड़ गई और मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी बृजेश त्रिलोकपुर क्षेत्र के कुरथरा गांव में अपनी बड़ी बहन रेखा के यहां अपने साले ओंकार के साथ शादी का कार्ड देने आए थे। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह मोटरसाइकिल से अमलोरा में रहने वाली अपनी छोटी बहन संगीता के घर जा रहे थे। रानीबाजार-त्रिलोकपुर मार्ग पर काजीपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बृजेश एंबुलेंस से सीएचसी रामनगर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक की ससुराल व परिवार में कोहराम मच गया है।

लोक सभागार में मौजूद वर्तमान व निवर्तमान डीएम। अमृत विचार

नवागत डीएम ईशान प्रताप ने संभाली कमान

बाराबंकी, अमृत विचार : मंगलवार को नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बाराबंकी की कमान संभाल ली है। उन्होने जनपद में 65वें जिलाधिकरी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। नवागत जिलाधिकारी 2017 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे विशेष सचिव मुख्यमंत्री के पद पर तैनात थे। पद संभालने के पश्चात् जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद में सुशासन एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचे। इस अवसर पर सीडीओ अन्ना सुदन, एडीएम निरंकार सिंह, एडीएम न्यायिक राजकुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे। उधर निवर्तमान डीएम शशांक त्रिपाठी के स्थानांतरण उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

चोरी के सामान समेत दो गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना जैदपुर पुलिस टीम ने 2 चोरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी के सफेद व पीली धातु के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस टीम द्वारा चोरी को लेकर दर्ज मामले से संबंधित आनन्द प्रकाश उर्फ लवकुश पुत्र रामविलास, चांदबाबू उर्फ मदन पुत्र वसीम निवासी ग्राम दौलतपुर थाना जैदपुर बरबसौली के पास से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी के आभूषण सफेद धातु की 12 बिछिया, 2 पायल तथा पीली धातु की एक नाक की नथ, एक नाक की कील बरामद की गई। पूछताछ से पता चला 6 अप्रैल को थाना जैदपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दौलतपुर में स्थित घर से नकदी सामान व आभूषण चोरी किया गया था।

जिंदा समाधि की कोशिश टली, माने महंत

महंत से बात करते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार

बनीकोडर, बाराबंकी : असंद्रा थाना क्षेत्र स्थित भवानियापुर के श्रीराम जानकी मठ में मंगलवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब महंत मुकुंदपुरी जिंदा समाधि लेने पर अड़ गए। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीएम सीओ के समझाने पर महंत ने समाधि का निर्णय टाल दिया। बताया गया कि महंत सुबह करीब 4 बजे एक गड्ढे में बैठ गए और करीब 10 घंटे तक वहीं रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राम सनेहीघाट अनुराग सिंह, सीओ जटा शंकर मिश्रा और थाना प्रभारी समेत कई अधिकारी मौके पर डटे रहे। लंबी बातचीत और समझाने के बाद मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे महंत को बाहर निकाला गया। मामले की वजह मठ की करोड़ों रुपये की जमीन से जुड़ा विवाद बताया जा रहा है। महंत का आरोप है कि फर्जी वसीयत के जरिए संपत्ति पर कब्जा किया गया। हालांकि, तहसील प्रशासन पहले ही वसीयत निरस्त कर चुका है, लेकिन विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। महंत ने पहले ही चेतावनी दी थी कि 20 अप्रैल तक कार्रवाई न होने पर वे 21 अप्रैल को जिंदा समाधि लेंगे। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने उन्हें 45 दिन के भीतर संपत्ति विवाद सुलझाने का भरोसा दिया, जिसके बाद उन्होंने अपना फैसला वापस ले लिया। फिलहाल मठ परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद

बाराबंकी, अमृत विचार: ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक अहम मामले में सजा दिलाई गई है। नाबालिग से रेप के आरोपी को कोर्ट ने उम्रकैद और 70,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामला थाना असन्द्रा क्षेत्र का है, जहां वर्ष 2021 में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और जातिसूचक गाली-गलौज की घटना दर्ज की गई थी। मामले में अभियुक्त रामकरन लोध पुत्र अर्जुन, निवासी लोधपुरवा मजरा गंगवाई पठनान को अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट नंबर-44 ने दोषी ठहराया। अदालत ने उसे आईपीसी के तहत दुराचार व एससी, एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई। हालांकि, अदालत ने धारा 308 में आरोपी को दोषमुक्त कर दिया। 18 मई 2021 को पीड़िता के पिता ने थाना असन्द्रा में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोपी पर उनकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म और जातिसूचक अपशब्द कहने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए और चार्जशीट दाखिल की।

गैर इरादतन हत्या में 10-10 साल सजा: एक गंभीर मामले में अदालत ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-9 द्वारा सुनाया गया। दोषियों में रणवीर सिंह, उनकी पत्नी पूजा सिंह और मंजू सिंह शामिल हैं, जो थाना टिकैतनगर क्षेत्र के सराय दुनौली गांव के निवासी हैं। घटना 11 फरवरी 2018 की है, जब किरन सिंह ने आरोप लगाया था कि तीनों अभियुक्तों ने उनके पति वीरेन्द्र सिंह पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस संबंध में थाना टिकैतनगर में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पेंशनरों ने की 8वें वेतन आयोग व ओपीएस बहाली की उठाई मांग

बाराबंकी, अमृत विचार : गन्ना कार्यालय परिसर में मंगलवार को पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पेंशनर मौके पर पहुंचे और 8वें वेतन आयोग व ओपीएस बहाली को लेकर आवाज बुलंद की। धरने का नेतृत्व कर रहे पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बाबू लाल वर्मा ने केंद्र व प्रदेश सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। कहा कि 1 जनवरी से पहले सेवानिवृत्त पेंशनरों को भी 8वें वेतन आयोग के दायरे में शामिल किया जाए और पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए। इस दौरान पेंशनरों ने नारेबाजी कर नाराजगी जताई। कर्मचारी और शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी मंच से अपनी बात रखी। संबोधनों के बाद 10 सूत्रीय प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसे डीएम के प्रतिनिधि को सौंप दिया गया। प्रमुख मांगों में वित्त विधेयक 2025 में तिथि आधारित भेदभाव समाप्त करना, ओपीएस बहाली, कोरोना काल के 18 माह के डीए और डीआर का बकाया भुगतान, पेंशन पर आयकर में छूट तथा वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में राहत शामिल हैं। वहीं आयुष्मान योजना की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने, 65 वर्ष के बाद हर पांच वर्ष में पेंशन वृद्धि और महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर उसे पेंशन में जोड़ने की मांग भी उठाई गई।

बिना ओटीपी क्रेडिट कार्ड से 50 हजार गायब

सूरतगंज, बाराबंकी : मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है, जिसमें अज्ञात साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 50,470 की अनाधिकृत निकासी कर ली। जानकारी के अनुसार, सरोज कुमार निवासी ग्राम सांडभारी पोस्ट बिलहरा तहसील फतेहपुर के नाम पर एक्सिस बैंक का एक क्रेडिट कार्ड जारी है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने अपने कार्ड की गोपनीय जानकारी जैसे ओटीपी, सीवीवी या पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं की थी। घटना 9 अप्रैल की बताई जा रही है, जब उनके क्रेडिट कार्ड से 50,470 की राशि ऑनलाइन माध्यम से निकाल ली गई। हालांकि, इस लेन-देन की जानकारी उन्हें तत्काल नहीं मिली। 17 अप्रैल को बैंक द्वारा खर्चों की सूचना मिलने पर उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित ने तुरंत बैंक के कस्टमर केयर से संपर्क किया।

न्यूज ब्रीफ

वैष्णवी ने जी मैंस में सामान्य वर्ग में 9297 रैंक ला नाम किया रोशन

उन्नाव, अमृत विचार : सेंट लॉरेंस कॉलेज पीडी नगर से हाईस्कूल व इंटर में जिले की टॉपर रही वैष्णवी गुप्ता ने जी मैंस में 98 परसेंटाइल अंक लाकर सामान्य वर्ग में 5297 रैंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। वैष्णवी के पिता सुभाष चंद्र गुप्ता एलआईसी एजेंट व माता अर्चना गुप्ता ग्रहिणी हैं। प्रेरणास्रोत बड़े भाई अक्षत गुप्ता हैं। वैष्णवी ने आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 2023 में 98 प्रतिशत व इंटर में 2025 में 97 .5 प्रतिशत अंक लाकर जिले की टॉपर रही थीं। वह सेल्फ स्टडी करती रही और जी की मेंस परीक्षा में प्रथम अटेम्प्ट में ही सामान्य वर्ग में 5297 रैंक प्राप्त की। उनकी ऑल इंडिया रैंक 36904 रही। वह अच्छे अंकों का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को देती हैं।

कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव निवासी तबरेज मंगलवार करीब डेढ़ बजे स्कूटी से मरहला चौराहा जा रहे थे। जैसे ही वह फोरलेन स्थित गोपीनाथ पुरम के सामने पहुंचे तभी अनियंत्रित कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि हादसे में युवक के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया।

आसमान से बरस रही आग, पारा 42 पार, बच्चे-बूढ़े सभी बेहाल

सूरज के तीखे तेवरों से जनजीवन अस्त-व्यस्त, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: सूरज के तीखे तेवरों ने इन दिनों जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिले के तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण अब दोपहर में सड़कों पर निकलना दुश्वार हो गया है। आसमान से बरसती आग व गर्म थपेड़ों ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

सबसे अधिक परेशानी उन स्कूली बच्चों को हो रही है जिन्हें चिलचिलाती धूप में घर वापस लौटना पड़ता है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि छुट्टी के बाद घर जाते समय छात्राएं खुद को धूप से बचाने के लिए दुपट्टे का सहारा ले रही हैं। सिर ढककर व झुंड में चलते हुए ये बच्चे किसी तरह लू के थपेड़ों से बचते हुए गंतव्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। दोपहर 12 बजे के बाद तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा है। जिससे सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं।

दुपट्टे से सिर ढककर गर्मी से बचाव करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

पाइप लाइन शिफ्टिंग से थमी शहर की रफ्तार, गर्मी व जाम में बेहाल हुए नौनिहाल

उन्नाव : शहर के बड़े चौराहे के चौड़ीकरण कार्य ने अब जोर पकड़ लिया है। लेकिन इसके साथ शहर वासियों के लिए दुश्वारियों का दौर भी शुरू हो गया है। जल निगम द्वारा पाइप लाइन को अंडरग्राउंड करने के चलते प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिससे पूरे शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। चौड़ीकरण के रास्ते में आ रही जल निगम की पाइप लाइन को शिफ्ट करने के लिए बड़े चौराहे पर दो जगह बड़ा गड्ढा खोदा गया और बैरियर लगाकर एक तरफ मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया है। आईबीपी जाने वाले वाहनों को अब कचहरी पुल से होकर हरदोई पुल की ओर डायवर्ट किया गया है। इस बदलाव व सीमित वैकल्पिक रास्तों के कारण बड़े चौराहे, छोटे चौराहे व कचहरी पुल पर वाहनों का भारी दबाव बना है। जिससे रह-रहकर लंबा जाम लग रहा है। आसमान से बरस रही आग व सड़कों पर घंटों लग रहे जाम ने राहगीरों की कड़ी परीक्षा ले ली है। चिलचिलाती धूप में फंसे लोग सड़क पर रेंगने को मजबूर हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति और गंभीर हो गई है। जिन्हें तपती दोपहर में सिर छिपाने की जगह तक नहीं मिल रही। जाम में फंसी स्कूली बसों व वैन में बैठे बच्चे पसीने से तर-बतर और बेहाल नजर आए। घंटों तक जाम न खुलने के कारण नौनिहालों को इस भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

यातायात रोकने को लगाई गई बैरीकेडिंग।

शहर के बड़ा चौराहा पर लगा जाम। ● अमृत विचार

'वीर स्मारिका' का हुआ विमोचन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: जिले के अमर शहीदों के बलिदान को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिशा में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। डीएम गौरांग राठी ने वीर स्मारिका पुस्तक का विमोचन किया। जो जिले के 30 अमर शहीदों के जीवन व उनके सर्वोच्च बलिदान पर आधारित है।

विमोचन समारोह में डीएम ने कहा कि यह पुस्तक मात्र पन्नों का संकलन नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए, एक मार्गदर्शक व प्रेरणापुंज सिद्ध होगी। कहा कि शहीदों की गाथाओं को लिपिबद्ध करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा के निर्देश में यह लेखन कार्य संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों को याद रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने घोषणा की कि वीर नारियों व सैनिक परिवारों के सम्मान में जिले में जल्द ही शहीदों की मूर्तियों की स्थापना व तोरण द्वारों का निर्माण होगा। इस पुस्तक का संकलन व संपादन राजकीय बालिका हाइस्कूल सोहरामऊ की प्रधानाचार्य डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने किया है। उनके इस उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान व स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा के प्रशासनिक समन्वय की सराहना करते हुए डीएम ने दोनों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

● डीएम ने 30 अमर शहीदों की शौर्य गाथा को सराहा

वीर स्मारिका पुस्तक का विमोचन करते डीएम गौरांग राठी।

गैंगस्टर को तीन साल की सजा, 5 हजार जुर्माना

उन्नाव, अमृत विचार : क्षेत्र में भय व्याप्त कर व गैंग बनाकर अपराध करने के दोषी को कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। वहीं, न्यायाधीश ने उस पर 5 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। बता दें कि धनोपार्जन के लिए गैंग बनाकर विभिन्न प्रकार के अपराध करने के आरोप में अचलगंज पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के डीह गांव निवासी सोनू सिंह पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाई की थी। पुलिस ने 1 नवंबर 2019 को उसे पकड़कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। तभी से मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को हुई मुकदमे की अंतिम सुनवाई में न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष से विश्वास त्रिपाठी, अलंकार द्विवेदी व हरीश रावत की दलील व साक्ष्य के आधार पर गैंगस्टर सोनू सिंह को 3 साल की सजा सुनाई है।

'फूल नहीं चिंगारी हैं, हम भारत की नारी हैं'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: संसद में महिला आरक्षण बिल पारित न होने को लेकर भाजपा ने विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में जिला भाजपा कार्यालय से सदर विधायक पंकज गुप्ता व जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में महिलाएं, जनाक्रोश रैली में शामिल होने लखनऊ रवाना हुईं।

20 बसों व दर्जनों चौपहिया वाहनों के काफिले के साथ सब महिलाएं लखनऊ के लिए निकलीं तो मातृशक्ति जिंदाबाद व फूल नहीं चिंगारी हैं, हम भारत की नारी हैं जैसे नारे लगाए गए। रैली को रवाना करते समय जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने विपक्ष के रवैये की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष की नकारात्मक राजनीति ने नारी शक्ति के अधिकारों को रोकने का प्रयास किया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सपा, बसपा व कांग्रेस को लेकर कहा इन दलों ने हमेशा महिला हितों पर डाका डालने का काम किया है। जब-जब महिलाओं को सशक्त बनाने की बात आती है ये दल एकजुट होकर रुकावट डालते हैं। यह रैली उन ताकतों को जवाब देने के लिए है।

● जनाक्रोश रैली में लखनऊ कूच करने के दौरान बोलीं महिलाएं

लखनऊ जातीं महिलाएं व मौजूद विधायक व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार

आरक्षित वर्ग के उद्यमियों को 10 लाख का ब्याज मुक्त ऋण

उन्नाव, अमृत विचार: । उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों को अधिकतम 10 लाख तक की वित्तीय सहायता बैंको के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि सामान्य वर्ग के लाभार्थी को बैंक से पूंजीगत ऋण पर लिये जा रहे ब्याज में 4 प्रतिशत ब्याज उद्यमी वहन करेगा व शेष ऋण का ब्याज विभाग बैंक को देगा। आरक्षित वर्ग को पूंजीगत (सावधि) ऋण पर ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा दिलाई जायेगी। बताया कि लाभार्थी की उम्र 18 से 50 वर्ष होनी चाहिये। आईटीआई/तकनीकी योग्यता/ परमपरागत कारीगरों/सेवायोजन में पंजीकृत उद्यमियों को वरीयता मिलेगी। योजना के तहत शहरी क्षेत्र में रहने वाले उद्यमी जो गावों में उद्योग लगाना चाहते हैं वह भी आवेदन कर सकते हैं। उद्यमियों का चयन निर्धारित स्कोर कार्ड के अनुसार स्क्रूटनी कर स्कोर कार्ड में पूर्णांक 100 में 50 या उससे अधिक अंक लाने वाले आवेदक का आवेदन पत्र बैंकों को अग्रसारित किया जायेगा। इच्छुक लाभार्थी विभागीय वेबसाइट https://mmgrykhadi.upsdc.gov.in/ पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

8वें वेतन आयोग की सीमा में रखें

उन्नाव, अमृत विचार: वित्त विधेयक-2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाते हुए पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाए जाने की मुख्य मांग को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर एसोशिएशन उप्र की जिला शाखा द्वारा प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आनंद नायक को प्रेषित किया। ज्ञापन देने से पहले जिले के पेंशनरों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर बैठक में ज्ञापन के पूर्व पूरा समर्थन किया। मुख्य मांग के अतिरिक्त पेंशन के राशिकरण की कटौती 15 के बजाय 10 वर्षों के बाद बंद किए जाने, कोरोना काल के लंबित 18 माह के डीए की किश्तों का भुगतान किए जाने आदि मांगें सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम का नेतृत्व एसोशिएशन अध्यक्ष हृदयेशपाल सिंह, मंत्री बालगराम, पीडीएस रिटायर्ड एसोसिएशन के महामंत्री रामस्नेही यादव, वरिष्ठ पेंशनर केके त्रिपाठी ने किया। इसमें गिरीश चन्द्र, मदन मोहन, उत्तम लाल वर्मा, आरसी कनौजिया, माध्यमिक शिक्षक संघ के कौशल किशोर मिश्रा, टीसी भारती, सीएल सैनी आदि रहे। संचालन व संयोजन राजकीय पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स संघर्ष समिति संरक्षक केके मिश्रा ने किया।

ज्ञापन देते पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

8 घंटे के मेगा ब्लॉक में 40 एचबीम स्लीपर डाले

शुक्लागंज, उन्नाव : रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य में मंगलवार को मेगा ब्लॉक के दौरान 40 एचबीम स्लीपर डाले गए। कार्य को गति देने के लिए सुबह 9 :25 बजे से शाम 5 :25 बजे तक आठ घंटे का ब्लॉक लिया गया। जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल से शुरू हुए इस कार्य के 20वें दिन रेल अधिकारियों की निगरानी में कर्मचारियों ने तेजी से काम किया। जर्जर ट्रफ की लोहे की चादरों को गैस कटर से काटकर हटाया गया और उनकी जगह नई प्लेटें लगाई गईं। इसके बाद एचबीम स्लीपर बिछाने का कार्य किया गया। हालांकि तेज धूप के कारण कार्य की रफ्तार कुछ धीमी रही, जिससे निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 40 स्लीपर ही डाले जा सके। ब्लॉक समाप्त होने के बाद डाउन लाइन पर ट्रेनों का संचालन 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शुरू किया गया। इस बीच पूरी सावधानी बरती गयी थी।

नारी शक्ति पदयात्रा में शामिल होने लखनऊ रवाना हुईं 300 महिलाएं

लखनऊ के लिये बस से रवाना होतीं भाजपा कार्यकत्रियां।

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : मंगलवार सुबह गंगाघाट मंडल से करीब 300 महिलाएं लखनऊ में आयोजित नारी शक्ति पदयात्रा में शामिल होने के लिए रवाना हुईं। यह पदयात्रा मुख्यमंत्री आवास, कालिदास मार्ग से विधानसभा तक प्रस्तावित है, जिसमें अवध क्षेत्र की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मंडल अध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सुबह करीब पांच बजे तीन बसों से महिलाएं गंगाघाट से लखनऊ के लिए निकलीं। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पदयात्रा में शामिल होकर महिलाओं ने नारी वंदन अधिनियम के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करने की बात कही। महिलाओं ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि उसने इस बिल को लोकसभा में पारित नहीं होने दिया, जिसका विरोध करने के लिए वे एकजुट हुई हैं। उन्होंने कहा कि नारी अब अबला नहीं, बल्कि सशक्त है और आने वाले चुनावों में इसका जवाब दिया जाएगा। इस मौके पर कल्पना तिवारी, अर्चना गुप्ता, पल्लवी बाजपेई, संगीता साहू, ज्योति तिवारी, रेनू सोनकर, गीता कोरी और साधना दीक्षित सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।

पारदर्शी परीक्षा सम्पन्न कराने को हुई बैठक

बैठक में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार : जिले में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उप्र होमगाड्र्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा 25, 26 व 27 अप्रैल को रोज दो पालियों में सुबह 10 से 12 बजे तक व दोपहर 3 से 5 बजे तक जिले के 9 केंद्रों पर होनी है। यह परीक्षा पारदर्शी, निष्पक्ष व शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिये मंगलवार को पुलिस लाइन उन्नाव में एसएसपी जय प्रकाश सिंह, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव व एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने प्रशासनिक व पुलिस अफसरों व कर्मियों के साथ बैठक की। इसमें उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से जारी निर्देश पुस्तिका के बिंदुओं के तहत दिए गए दिशा-निर्देश सभी को बताए गए। बैठक में सभी को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की हर व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध व त्रुटिरहित संपन्न कराएं। जिससे परीक्षा की निष्पक्षता व विश्वसनीयता बनी रहे।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पीआरएस को मिली स्थायी बिजली आपूर्ति

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण पीआरएस से टिकट बुकिंग में यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को रेलवे की तकनीकी टीम स्टेशन पहुंची और आवश्यक सुधार कार्य शुरू किया। टीम ने पीआरएस सिस्टम के लिए ओवरहेड इलेक्ट्रिक पावर से सीधी बिजली आपूर्ति जोड़ने का कार्य किया। इसके तहत इलेक्ट्रिक केबल डालकर सिस्टम को स्थायी बिजली सप्लाई से जोड़ा गया, जिससे अब टिकट बुकिंग प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित हो सकेगी। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद यात्रियों को अब रिजर्वेशन कराने के लिए उन्नाव या कानपुर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर ही टिकट उपलब्ध होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

रेलवे स्टेशन पर केबल डालते कर्मचारी।

गंगा पुल निर्माण: 47 घर अधिग्रहण की जद में

शुक्लागंज, उन्नाव: गंगा नदी पर बन रहे नए पुल के निर्माण को लेकर मिश्रा कॉलोनी और सीताराम कॉलोनी के 47 मकान अधिग्रहण की जद में आ रहे हैं। मुआवजे को लेकर क्षेत्रीय लोगों में असंतोष देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में मंगलवार दोपहर प्रशासनिक और तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और लोगों से वार्ता कर स्थिति स्पष्ट की।

मौके पर नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, राज्य सेतु निगम के एई एके सागर, जेई कुंदन और लेखपाल प्रशांत अवस्थी पहुंचे। अधिकारियों ने अधिग्रहण की जद में आ रहे मकानों के स्वामियों से आवश्यक दस्तावेज मांगे और उन्हें प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्रीय निवासी शिवकुमार अग्निहोत्री, आशीष दीक्षित, बालगोविंद चतुर्वेदी, कल्लू सविता, राहुल शुक्ला, बऊवन गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, राघवेन्द्र सिंह ठाकुर, अरुण तिवारी, सागर चतुर्वेदी, आशीष पांडे, मुकेश जैन, अरुण गुप्ता, मुन्नी देवी, प्रदीप पांडेय, नीलू साहू, वेद चतुर्वेदी, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह यादव, अमर सिंह यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें पुराने सर्किल रेट के आधार पर मुआवजा दिया जा रहा है, जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई। नायब तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि यह गलतफहमी है और सभी प्रभावितों को नए सर्किल रेट के अनुसार ही मुआवजा दिया जाएगा।

नए सर्किल रेट की जानकारी देते नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

फोरलेन पर अनियंत्रित टेंपो पलटा, 4 घायल

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार : मंगलवार की सुबह उन्नाव से शुक्लागंज आ रही अनियंत्रित टेंपो अचानक पलट गई। इससे टेंपो सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखा टेंपो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसमें 4 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे टेंपो उन्नाव से शुक्लागंज आ रही थी। तभी चालक संतुलन खो बैठा और वाहन पलट गया। इसमें पोनी रोड निवासी सचिन, कानपुर निवासी अतुल सिंह व दो अन्य घायल हो गए। सचिन के चाचा उन्नाव बड़ा चौराहा निवासी सुशील कुमार ने बताया कि सचिन रोज की तरह फैक्ट्री से लौट रहे थे। सूचना पर वह वहां पहुंचे। लोगों ने पुलिस को सूचना देकर लोगों की मदद से टेंपो सीधा कराया। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए भेजा गया। घटना के बाद मौके पर काफी लोग जुट गये।

बरात से पहले खुली दूल्हे की पोल कोतवाली पहुंचते ही उतर गया सेहरा

नवाबगंज, उन्नाव: शादी का सेहरा बांधकर दूसरी दुल्हन लाने की तैयारी में जुटे दूल्हे की 'दोहरी जिंदगी' ऐन मौके पर उजागर हो गई। पहली पत्नी एक साल की बच्ची को गोद में लेकर कोतवाली पहुंची तो पूरे मामले का पर्दाफाश हो गया। पुलिस ने बरात निकलने से पहले ही दूल्हे को कोतवाली बैठा दिया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दिरगज खेड़ा गांव निवासी प्रवेश कुमार साहू ने घरवालों से अपनी पहली शादी छुपाकर दूसरी शादी तय कर ली थी। मंगलवार को रायबरेली के लालगंज बरात जानी थी। लेकिन इससे पहले ही उसकी पहली पत्नी ने कोतवाली पहुंचकर खेल बिगाड़ दिया। महिला ने पुलिस को कोर्ट मैरिज के दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि 16 जनवरी 2026 को उसने प्रवेश से शादी की थी और दोनों साथ रह रहे थे। आरोप है कि इसी बीच युवक चुपके से दूसरी शादी की तैयारी में लग गया। भनक लगते ही महिला अपनी बच्ची को लेकर थाने पहुंच गई और दूल्हे की सच्चाई सामने रख दी। कोतवाली प्रभारी मुकुल दुबे ने बताया कि युवक ने पहली शादी की बात परिजनों से छुपाई थी, जिससे घरवालों ने दूसरी शादी तय कर दी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरात रुकवा दी और दूल्हे को कोतवाली ले आई।

समस्या — क्षतिग्रस्त डंपर के हाईवे पर फंसने से लोगों को करीब 2 घंटे जाम से जूझना पड़ा

डंपर की टक्कर से पलटा लोडर, भीषण जाम लगने से लोग रहे परेशान

नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार: अजगैन कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर देरात तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से लोडर सड़क किनारे खंती में पलट गया। वहीं क्षतिग्रस्त डंपर के हाईवे पर फंसने से लोगों को करीब 2 घंटे जाम से जूझना पड़ा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दुर्घटना ग्रस्त डंपर को हटवाया। तब यातायात सामान्य हो पाया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर सोमवार रात वाहनों के तेज रफ्तार दौड़ने व लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। पक्षी विहार के पास अनियंत्रित डंपर ने लोडर में टक्कर मार दी। इससे लोडर सड़क किनारे खंती में पलट गया। वहीं क्षतिग्रस्त डंपर हाईवे पर फंस गया। इससे लखनऊ-कानपुर लेन पर 2 किमी तक वाहनों की कतार लग गई। पुलिस व एनएचएआई की टीम ने जेसीबी व हाइड्रा से 1 घंटे की मशक्कत के बाद डंपर को हटाया गया। बाद में खंती में गिरे लोडर को बाहर निकाला गया। हादसे में लोडर चालक संजय (30) पुत्र रजनेश, निवासी बिर्ची थाना माखी गंभीर घायल हो गया। जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। नवाबगंज चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे ने बताया कि डंपर की टक्कर से लोडर खंती में चला गया था। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराकर यातायात सामान्य कराया है।

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर लगा जाम। ● अमृत विचार

फोरलेन पर गिट्टियों के ढेर से पलटी बैंड बाजा ट्राली, टला बड़ा हादसा

शुक्लागंज, उन्नाव : सोमवार मध्य रात्रि फोरलेन मार्ग पर बड़ा हादसा टल गया, जब गिट्टियों के ढेर पर चढ़ने से बैंड बाजा की ट्राली बीच सड़क पर पलट गई। इस दौरान ट्राली को धक्का दे रहे और उस पर सवार चार लोग नीचे दबने से बाल-बाल बच गए। घटना श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम के सामने की है, जहां जल निगम द्वारा सड़क पर गिट्टियों का बड़ा ढेर डंप कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सहजनी से मरहला की ओर करीब एक दर्जन लोग बैंड बाजा ट्राली को धक्का देते हुए जा रहे थे। रात करीब साढ़े बारह बजे अंधेरे के कारण सड़क पर पड़ी गिट्टियां दिखाई नहीं दीं और ट्राली का एक पहिया उस पर चढ़ गया, जिससे ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद ट्राली बीच सड़क पर पड़ी रहने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया और न्यू आनंदपुरम के आगे तक लंबा जाम लग गया। राहगीरों और कार चालकों ने नीचे उतरकर ट्राली को सीधा किया, जिसके बाद करीब 45 मिनट बाद यातायात सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बिना संकेतक गिट्टियां डाले जाने से लगातार हादसे का खतरा बना हुआ है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

बीच सड़क पर पलटी पड़ी बैंड बाजा ट्राली।

न्यूज ब्रीफ

मारपीट में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर मे युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। घायल युवक के पिता रामवीर के अनुसार 19अप्रैल की शाम को मोहल्ले के कीर्ति कुमार रावत ने सोनू अग्निहोत्री, मोहितपाल और आकाश के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए उसके पुत्र संदीप को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी निवासी अनिमेष (10) सुबह करीब साढ़े 10 बजे सड़क पार कर रहा था। तभी शुक्लागंज से उन्नाव जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर से बच्चा सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने उसे उठाया और प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से निकल गया।

राम अवतार का उद्देश्य चरित्र निर्माण : साध्वी

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के रौली गांव में श्री आनंद मानस प्रचार सेवा समिति द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विष्णु महायज्ञ के तहत प्रवचन सभा में महोबा से पधारी साध्वी राजकुमारी ने कहा कि सदाचार ही परम धर्म है और भगवान राम का अवतार लेने का मुख्य उद्देश्य मानव को चरित्रवान बनाना है। साध्वी ने बताया कि जगत जननी सीता और भगवान राम ने मनुष्य रूप में अवतार लेकर मानव को कर्तव्य मार्ग का बोध कराया।

लापता महिला का बाग में मिला शव

महिला के चेहरे पर मिले चोट के निशान, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव,

घटनास्थल की जांच करती पुलिस व फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

अमृत विचार। एक दिन पूर्व घर से निकली कस्बा निवासी महिला का 5 किलोमीटर दूर निहालपुर गांव में शव मिलने से सनसनी फैल गई। फॉरेंसिक टीम के साथ एएसपी व सीओ पहुंचे और साक्ष्य एकत्र कर जांच के निर्देश दिए। परिजनों ने उसके शराब का लती बता किसी पर आरोप नहीं लगाया है। लेकिन चेहरे पर चोट के निशान होने से मौत को संदिग्ध मान पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सफीपुर कस्बा के मोहल्ला सराय मुबारक अली निवासी कमलेश मजदूरी के सिलसिले में बाहर रहता है। उसकी 50 वर्षीय पत्नी फूल कुमारी बच्चों के साथ रहती थी। सोमवार सुबह किसी काम से जाने की बात कहकर फूल कुमारी घर से निकली थी। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। अक्सर उसके घर से गायब रहने की आदत से परिजनों ने भी कोई खोज खबर नहीं की। मंगलवार सुबह कस्बे से 5 किलोमीटर दूर कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव के बाहर ग्रामीणों ने अविनाश गौड़ के बाग में एक महिला का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एएसपी शैलेन्द्र कुमार, सीओ सोनम सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा, कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी फोरेंसिक टीम के घटना स्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। मौके पर शराब के पाउच व खाली गिलास पड़े थे। मृतका की नाक पर चोट के निशान मिले। उधर शव मिलने की सूचना पर कमलेश लोधी के पुत्र जीतू भी वहां पहुंच गया और उसने मृतका की शिनाख्त अपनी मां फूलकुमारी के रूप में की। जीतू ने बताया कि मां शराब की लती थी। वह अक्सर कई कई दिन घर से गायब रहती थी। उसकी तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी मौत से बेटों जीतू, मिथलेश व दिनेश, बेटी नीतू व खुशबू का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

झाड़ियों में फंदे से लटकता मिला दिव्यांग छात्र का शव

संवाददाता, हरदोई, सुरसा

अमृत विचार। इन्टर की पढ़ाई कर रहा दिव्यांग छात्र घर से बगैर बताए निकल गया जा, मंगलवार की सुबह पांचवें दिन उसका शव फांसी पर लटकता हुआ देखा गया, घर वाले आत्महत्या की बात कह रहें है, लेकिन उसकी वज़ह नही बता सके। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया है।

सुरसा थाने के रेंदा पुरवा मजरा तुर्तीपुर निवासी 18 वर्षीय प्रियांशु पुत्र राधेश्याम लखनऊ में रहकर इन्टर की पढ़ाई कर रहा था। पांच भाइयों मे तीन उससे बड़े और दो छोटे है। प्रियांशु एक पैर से दिव्यांग था। पिता राधेश्याम ने बताया कि प्रियांशु एक माह से घर पर था। गुरुवार को वह घर से बगैर बताए निकल गया था, घर वालों को लगा कि वह वापस लखनऊ चला गया होगा, उसी बीच मंगलवार की सुबह राधेश्याम जब शौच करने के लिए खेतों की तरफ पहुंचा, वहां झाड़ियों से बदबू लगी, उसने अन्दर बढ़ कर देखा, जहां नीम के पेड़ मे दुपट्टे के फंदे से उसके दिव्यांग बेटे का शव लटक रहा था, इसका पता होते ही घर-परिवार में कोहराम बरपा हो गया। पिता राधेश्याम ने आत्महत्या करने की बात कही है, लेकिन उसकी वज़ह नही बता सका। सूचना पर वहांपहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है, उसका कहना है कि रिपोर्ट आने केबाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

घर में घुसकर मारपीट में पिता व पुत्री घायल

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम धानीनगरा में घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि नशे की हालत में पहुंचे दो लोगों ने एक व्यक्ति और उसकी बेटी को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम धानीनगरा निवासी विनोद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल को शाम करीब 6:30 बजे गांव के ही मुकेश सिंह व राजेश सिंह पुत्र सरेपाल सिंह नशे की हालत में उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाने पहुंची विनोद की पुत्री शिवानी सिंह को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे वह घायल हो गई।

विवाद के बीच फायरिंग से हड़कंप

मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

हरदोई, अमृत विचार। पचदेवरा थाने के सहसोगा गांव में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में मंगलवार की देर शाम फायरिंग होने की बात सामने आई है, आरोप है कि हवाई फायर में गोली एक कर में लगी। पुलिस के मुताबिक, मौके से उन्हें कार नहीं मिली। सीसीटीवी में भी कोई सुराग नहीं लगा है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

बताते है कि पचदेवरा थाने के लखनौर की प्रधान मुन्नी देवी हैं। लखनौर के मजरा सहसोगा निवासी उनके पुत्र मनोज हैं। चर्चा है कि लखनौर निवासी सुमित शुक्ला आने वाले पंचायत चुनाव में प्रधान पड़ की दावेदारी करेंगे। मंगलवार की शाम सुमित सरसों का गांव निवासी महिपाल सिंह के यहां आए थे। सुमित का दावा है कि इस दौरान वहां मनोज आ गए। दोनों में गाली गलौज होने लगी। सुमित का आरोप है कि इस दौरान मनोज ने हवाई फायर कर दिया। फायर वहां खड़ी एक कार में लगी। मौके पर अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर एसएचओ शिवनारायण सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महिपाल सिंह के मकान के बाहर लगे सीसीटीवी खंगाले। एसएचओ के मुताबिक सीसीटीवी में गोली चलने से संबंधित कोई सुराग अब तक नहीं दिखा है। सुमित द्वारा कार का नंबर बताया गया। नंबर से कर का विवरण निकल गया मालूम चला कि कर दिल्ली के पत्ते पर पंजीकृत है। इससे संबंधित मोबाइल नंबर स्विच ऑफ था।

निर्माणाधीन सरकारी इमारत में करंट उतरा, युवक की मौत

हरदोई। निर्माणधीन सरकारी इमारत में अचानक करंट उतरने से उसकी चपेट में आए युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इसका पता होते ही हादसे के शिकार हुए युवक के घर में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस जांच कर रही है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के कौढ़ा गांव निवासी 18 वर्षीय सुभाष चंद्र गांव के अपने साथियों विमलेश, सत्यम, नवल और सत्येंद्र के साथ शहर स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग कार्यालय परिसर में मंगलवार की सुबह निर्माणाधीन इमारत में शटरिंग का काम करने के लिए गए थे। दोपहर बाद वह पानी पीने के लिए सबमर्सिबल का तार बिजली बोर्ड में लगाने गए। उनके साथी सत्यम का दावा है कि इस दौरान बिजली का लगाते समय सुभाष चंद्र को करंट लग गया। इसमें करंट लगने से वह पड़ोस के पानी भरे गड्ढे में जा गिरे। मेडिकल कालेज में शाम को उसकी मौत हो गई।

एसपी के आदेश पर पुलिस ने धमकी देने का केस दर्ज किया

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम भुलभुलागंज में होलिका दहन के दौरान हुए विवाद के बाद युवक को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम भुलभुलागंज निवासी अजय कुमार ने बताया कि वह वर्तमान में हरदोई में रहकर पत्रकारिता करता है और होली पर्व पर 2 मार्च को गांव गया था। आरोप है कि 3 मार्च की शाम होलिका दहन के दौरान वीरेश ने रणधीर के कहने पर समरसेबिल से होलिका में पानी डाल दिया, जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी थी। आरोप है कि अगले दिन शिकायत से नाराज होकर वीरेश व रणधीर ने अजय को जान से मारने और गांव में न रहने की धमकी दी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–गोण्डा

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस
द्वितीय कॉल

पत्रांक 204/ग्रा0अ0वि0/ ई–निविदा/निर्माण/2026–27 दिनांक 15.04.2026

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी, सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1– कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रू0 में (जी0एस0 टी0 छोडकर)	बिड सिक्योरिटी लाख में	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
वित्तीय वर्ष 2025–26 में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि विधान सभा क्षेत्र करनैलगंज योजनान्तर्गत						
1	गोण्डा	नदायनपुर माझा बकियनपुरवा में पक्की सड़क से अनिल शुक्ला के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	13.661	0.27	300+500 + GST	चार माह
02	गोण्डा	पसका पाण्डेयपुरवा में अरूण सिंह के खेत से गोण्डा सालिकराम यादव के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	15.669	0.31	300+500 +GST	चार माह
03	गोण्डा	धनौरा गोण्डा डेहरास मार्ग से निर्माण सिंह के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	9.415	0.19	300+500 + GST	चार माह
04	गोण्डा	विकास खण्ड परसपुर की ग्राम पंचायत पसका में सरयू संगन स्थान घाट पर टीनशेड/रैन बसेरा का निर्माण कार्य।	14.136	0.28	300+500 + GST	चार माह

वेबसाइट पर बिक डाक्यूमेंट की उपलब्धता 23.04.2025 से 30.04.2026 तक।
ई–निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय–30.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय–30.04.2026 को अपरान्हन् 12.30 बजे।
निविदा आमन्त्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

UP - 250184 दिनांक: 20/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–गोण्डा

नहीं दूर हो पा रही रसोई गैस की समस्या

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सहालग शुरू होने के साथ ही जोर पकड़ रही है रसोई गैस की समस्या। अभी भी रसोई गैस के लिए लोग एजेंसियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जिन घरों में मांगलिक कार्य हैं उनके सामने और भी बड़ी समस्या है। कार्यक्रमों में लगे कारीगरों ने चार से आठ सिलेंडर तक की मांग रखी है। ऐसे में घर का एक सदस्य सिलेंडर के लिए ही दौड़ा भागी के लिए ही लगा हुआ है। गैस की कमी के चलते निश्चित समय में सीमित सिलेंडर मिल रहे हैं। ऐसे में शादी-बरात वाले घरों में काफी दिक्कतें हैं। तमाम लोग आपूर्ति कार्यालय से लेकर अधिकारियों की चौखट तक गुहार लगा रहे हैं।

रसोई गैस की समस्या अभी समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है, वहीं सहालग के चलते गैस की डिमांड बढ़ गई है। जिन घरों में मांगलिक कार्य है उनके लिए आजकल सिलेंडर की व्यवस्था करना बड़ा मुश्किल कार्य है। नियमानुसार जिनके पास कागज हैं उनको भी निश्चित अवधि में सिलेंडर मिल पा रहे थे। सिलेंडर की कमी के चलते तमाम होटलों पर लोग अब भट्ठियों का सहारा ले रहे हैं। छोटे-छोटे दुकानदारों की पहुंच से सिलेंडर दूर है। ऐसे में अब उनको भट्ठी का ही सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं तमाम लोग मौके का फायदा उठाते हुए सिलेंडरों की कालाबाजारी भी कर रहे हैं। सिलेंडर की कमी का लाभ उठाकर लोग 1500 से 2500 रुपये तक बेच रहे हैं। जिला प्रशासन की तमाम सख्ती के बावजूद कालाबाजारी करने वाले अभी भी सक्रिय हैं। गैस की किल्लत का कालाबाजारी वाले जमकर लाभ उठा रहे हैं, जिन लोगों के पास वास्तविक कागजात नहीं हैं और अब तक जुगाड़ से काम चलाते रहे उनसे इस समय कालाबाजारी करने वाले जमकर रुपये ऐंठ रहे हैं। सिलेंडर की समस्या दूर करने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। इसके बावजूद अभी स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है। एक-एक सिलेंडर के लिए लोगों को दर्जनों चक्कर एजेंसियों के काटने पड़ रहे हैं। कम आपूर्ति के चलते अभी भी सिलेंडर का संकट बना हुआ है।

सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। बहन के घर गए बीमार भाई को देखने जाने के लिए सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई।

अचलगंज थानाक्षेत्र के मंझरा भिखना गांव निवासी रामविलास (55) असोहा थानाक्षेत्र के सरांय जोगा गांव स्थित एक आन लाइन सामान बेचने वाली कंपनी के वेयर हाउस में मजदूरी करता था। शनिवार को वह ड्यूटी के बाद ऑटो से आशा खेड़ा चौराहा आया। जहां से कानपुर-लखनऊ हाईवे पैदल पार कर बाबाखेड़ा गांव निवासी बहन बेला के घर जा रहा था। तभी लखनऊ से आई बाइक ने उसे टक्कर मार दी। उछलकर सड़क पर गिरने से वह गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे टोल प्लाजा के पास एक निजी मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां देररात उसकी मौत हो गई। इसकी खबर से पत्नी शकुंतला, बेटा सचिन व बेटी मुस्कान बेहाल हो गई। भाई उमाशंकर ने बताया कि उसके बड़े सर्वेश का लखनऊ से इलाज चल रहा है। गांव से आने जाने में अधिक समय लगने से वह बहन बेला के घर रुके थे।

परिजनों से बात करते सांसद साक्षी महाराज।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पिता के निधन पर सांसद ने परिजनों को बंधाया ढांढस

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल के पिता रामशंकर पाल के निधन की सूचना पर सांसद साक्षी महाराज क्षेत्र के गांव गोरिया खुर्द स्थित उनके आवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बांगरमऊ नगर पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता, मनीष सिंह चंदेल, अभिषेक तिवारी, फतेहपुर चौरासी ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद, विजय निषाद, गोविंद कुशवाहा, गिरीश वर्मा आदि मौजूद रहे।

रिश्तेदारी मे आये युवक को पीटकर किया घायल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला दिलेरगंज मे रिश्तेदारी मे आये युवक को दो भाइयों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक के रिश्तेदारों ने भी आरोपियों के साथ मारपीट की है। दोनों पार्टियों ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर दी है। शाहजहांपुर के शहर कोतवाली थाना के मोहल्ला हुसैनपुरा निवासी गौतम गुप्ता के अनुसार वह 20 अप्रैल की रात एक वैवाहिक कार्यक्रम मे शाहाबाद आया था। मोहल्ला दिलेरगंज मे उसके साढ़ू धर्मेन्द्र गुप्ता रहते है। वह रात करीब 9 बजे उनके घर मिलने गया था। तभी उसके साढ़ू के पडोसी गौतम रस्तोगी ने अपनी भाई ऋषभ रस्तोगी और साथी प्रांजल गुप्ता के साथ उसे गाली गलौज कर लाठी डंडा सरिया से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसके रिश्तेदार निकल आये उन्होंने उसे बचाया पुलिस ने घायल का मेडिकल करवाया।

फायरिंग के मामले में जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

हरदोई, अमृत विचार। साड़ के दौड़ाने पर भैंस पड़ोस में पहुंच गई, बस उसी से बात का ऐसा बतंगड़ बना कि वही पड़ोसी बंदूक उठा लाया और सामने से गोली चला दी। गनीमत रहा कि सामने खड़े राकेश को रॉकी वाला फिल्मी किरदार याद आ गया और वह ज़मीन पर लेट गया, जिससे उसकी जान बच सकी। पुलिस ने दी गई तहरीर पर जानलेवा हमला करने का केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जैसा कि बताया गया है कि सोमवार को लोनार थाने के उसी गांव निवासी राकेश कुमार सिंह की भैंस चर रही थी, उसी बीच उसे सांड ने दौड़ा लिया, भैंस राकेश के पड़ोसी रघुवीर सिंह के मकान के सामने पहुंच गई। उसी बात से रघुवीर इतना नाराज़ हुआ कि वह राकेश को गाली-गलौज करने लगा, इतने में भी उसका गुस्सा ठंडा नहीं हुआ और वह घर के अंदर से लाइसेंसी बंदूक उठा लाया और रघुवीर के सामने से एक के बाद एक कर दो गोली चला दी, गनीमत रहा कि राकेश को एक दम से रॉकी वाले फिल्मी किरदार वाले अंदाज़ में वह ज़मीन पर लेट गया, जिससे कि उसकी जान बच सकी। गोली की आवाज़ सुन कर कई लोग दौड़ पड़े, उसी बीच हमलावर भाग निकला। पुलिस ने राकेश की तहरीर पर रघुवीर के खिलाफ जानलेवा हमला करने का केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कार्यालय समुचित सरकार/जिला कलेक्टर, अयोध्या।

संख्या 1527/वि0भू0अ0अ0/2026 दिनांक 16 अप्रैल, 2026

प्रारूप–1
(नियम–3 का उपनियम (1),
सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु प्रारम्भिक अधिसूचना

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 एवं नियमावली–2016 के नियम–3 (1) के अधीन सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सूची में उल्लिखित भूमि को लोक प्रयोजन अर्थात जनपद अयोध्या की सदर तहसील के ग्राम गंजा में महर्षि बाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल भवन तक पहुंच मार्ग के निर्माण हेतु अधिग्रहण किया जाना है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम–2013 की धारा–4(2) के अन्तर्गत भूमि अर्जन की कार्यवाही से पूर्व अग्रिमा ट्रस्ट द्वारा लोकहित में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत है:–

1	अपेक्षक निकाय का नाम	लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड, अयोध्या।
2	प्रस्तावित भूमि अर्जन का उद्देश्य	जनपद अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल भवन तक पहुंचन के लिए मार्ग का निर्माण हेतु।
3	संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा	M/S AGRIMAA TRUST
4	संगठन का सम्पर्क विवरण	D-52, III FLOOR STREET NO- 15, WEST VINOD NAGAR, NEW DELHI, 110092 Mob. No. 8826978266, 9811940598
5	भूमि का विवरण–	

जिला	तहसील	ग्राम	गाटा संख्या	प्रस्तावित क्षेत्र (हे0में)
1	2	3	4	5
अयोध्या	सदर	गंजा	337 मि0	0.0807
			339	0.5290
			340	0.0258
			341	0.0071
			372	0.0980
			376	0.0490
			377	0.1112
			379	0.1221
			381	0.0371
			382	0.0404
			383	0.0381
			384	0.0920
			385मि0	0.0028
			386	0.2370
			387	0.0410
			388	0.0403
			389 मि0	0.1406
			398	0.1036
			399	0.1269
		योग		1.9227

- प्रस्तावित परियोजना से होने वाले लाभ तथा संक्षिप्त विवरण: पर्यटन एवं ओद्योगिक विकास में सहायक।
- परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्रफलरू–1.9227हे0
- क्या ग्रान सभा और/अथवा भू–स्वामी की सहमति की आवश्यकता है:– प्रस्तावित निजी भूमि को अधिनियम–2013 के अन्तर्गत अर्जित किया जाना प्रस्तावित है।
- सामाजिक समाघात निर्धारण की पूर्ण होने की तिथि: सामाजिक समाघात निर्धारण नियमानुसार 06 माह की अवधि में पूर्ण कराया जाना अपेक्षित है।
- टिप्पणी – कलेक्टर (भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ), अयोध्या के कार्यालय में सभी कार्य दिवसों में विस्तृत विवरण देखा जा सकता है।

UP - 250209 दिनांक: 20/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

समुचित सरकार
कलेक्टर,

जनगणना | 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू, एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने कहा

जनगणना मात्र आंकड़ों का संग्रह नहीं

प्रशिक्षण शिविर में मौजूद प्रगणक व सुपर वाइजर। अमृत विचार

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। जनगणना के प्रथम चरण को त्रुटिरहित व सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए नगर पालिका सभागार में प्रगणकों व सुपर वाइजरों के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ।

पहले दिन प्रशिक्षुओं को मकान सूचीकरण व गणना की बारीकी से जानकारी दी गई। उद्घाटन कर एसडीएम बृजमोहन शुक्ला ने कहा कि जनगणना मात्र आंकड़ों का संग्रह नहीं है बल्कि यह देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है। इससे भविष्य की सरकारी योजनाओं व नीतियों का निर्माण होता है। उन्होंने प्रगणकों को निर्देश दिए कि फील्ड में कार्य के दौरान हर घर की जानकारी पूरी ईमानदारी व सावधानी से दर्ज करें ताकि पारदर्शिता बनी रहे। प्रशिक्षक ताहिर अली काजमी ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 30 जून तक चलेगा। कहा कि प्रशिक्षण प्रगणकों को डिजिटल माध्यमों के उपयोग व फील्ड में आने वाली चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाएगा। हर भवन व घर को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया, आंकड़ों के संकलन व सत्यापन के लिए डिजिटल उपकरणों का प्रयोग, निर्धारित अवधि 22 मई से 30 जून के बीच कार्य पूर्ण करना होगा। इसमें ईओ गुंजन गुप्ता, वीरेंद्र पाल, शिव स्वरूप दुबे आदि उपस्थित रहे।

अचानक लगी आग से जलकर सामान राख

सूरतगंज, बाराबंकी। अमृत विचार : मंगलवार को क्षेत्र के दुर्गापुर नौबस्ता गांव में छप्परनुमा घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगते ही आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और लोग बाल्टी, पाइप और अन्य साधनों से आग बुझाने में जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग की लपटें काफी तेज थीं, जिससे झोपड़ी में रखे दो मोबाइल व घरेलू सामान समेत हजारों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ के चलते समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आग अन्य मकान तक नहीं फैली और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए।

न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय कक्ष संख्या 2 कानपुर नगर
(नमूमा काबिज फरोख्त)
सम्मन वास्ते करदार उमूर तनकीह तलब
(आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद संख्या 1039 सन 2024

सोनू यादव उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश यादव निवासी–817 डी, रवीन्द्र नगर, यशोदा नगर थाना– नौबस्ता, कानपुर नगर ।

बनाम

श्रीमती स्वाती यादव पत्नी सोनू यादव पुत्री मिश्री लाल निवासी सोनामऊ, परियावा कुंडा, थाना– नवाबगंज, प्रतापगढ़–230001 मो. 9410637311,9412222512

हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अंतर्गत धारा–9 हिन्दू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय मे दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29/04/2026 को दिन में 10: 00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उप संजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय मे स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिन्दु आदि हेतु उपस्थित हो और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज़ पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इंतदलाल करना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से
वाद लिपिक
अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय
कक्ष संख्या–2, कानपुर नगर ।

न्यूज ब्रीफ

बुज़ुर्ग ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। घर से निकले बुजुर्ग का दुसरे दिन फंदे पर लटका हुआ शव देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। परिजन आत्म हत्या की वजह नहीं बता सके। बेहटा गोकुल थाने के इटोरिया निवासी 70 वर्षीय चक्र पाल खेती किसानी करते थे। पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है, पुत्र दीपू धर्म पाल और दिगपाल हैं। दीपू ने बताया कि सोमवार की सुबह चक्र पाल घर से बगैर बताए निकल गए थे। शाम तक उनकी तलाश की जाती रही। कोई सुराग नहीं लगा, मंगलवार को तलाश के बीच लोनार कोतवाली के दुबघटिया गांव के बाहर खड़े चांदी के पेड़ मे रस्सी के फंदे से लटका हुआ शव देखा गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। दीपू ने बताया कि उसके पिता ने अज्ञात कारणों के चलते आत्म हत्या की है। सूचना के आधार पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

मयंक कुंडू बने एसडीएम सदर

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी ने तीन उप जिलाधिकारियों के क्षेत्र में फेरबदल कर दिया। सदर तहसील में तैनात सुशील कुमार मिश्रा को शाहाबाद तहसील का एसडीएम बनाया गया। शाहाबाद में तैनात अंकित तिवारी को सवायजपुर तहसील का तथा सवायजपुर तहसील में तैनात मयंक कुंडू को सदर का उप जिलाधिकारी बनाया गया।

आज डेढ़ घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

हरदोई, अमृत विचार। 33/11 केवी महोलिया शिवपार उपकेंद्र के यार्ड में नया सर्किट ब्रेकर लगाने का कार्य किया जाएगा, जिस कारण 22 अप्रैल को सुबह 10 :30 से 12 बजे तक महोलिया शिवपार पावर हाउस से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अवर अभियंता आलोक रावत ने दी है।

हादसे में बाइक सवार दंपति की मौत

मंगलवार सुबह गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

अमृत विचार। पचदेवरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह गंगा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर सेढामऊ अंडरपास के निकट दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद तीन माह की मासूम बच्ची अपने माता-पिता के शवों के पास रोती-बिलखती मिली, जिसे देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

बताया गया कि मंगलवार सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक, दंपति के शव और पास में रो रही मासूम बच्ची पर पड़ी। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पचदेवरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर

नीलम व सियाराम की फाइल फोटो।

- माता-पिता के शव के पास रोती हुई मिली तीन माह की बच्ची

से बाइक सवार सियाराम (22) पुत्र सुभाष और उनकी पत्नी नीलम (20) निवासी ग्राम गहवरा थाना पाली की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि दंपति की शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी और उनकी तीन माह की एक मासूम बच्ची है। सियाराम ग्राम गहवरा में अपनी ननिहाल में रहता था, जबकि वह

रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

मूल रूप से नथीनगला थाना कलान जनपद शाहजहांपुर का निवासी था। परिजन बताते हैं कि दंपति पारिवारिक बहन की शादी में शामिल होकर नथीनगला गांव से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। सियाराम तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। हादसे के बाद मासूम बच्ची सुरक्षित मिली, जिसे परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन तलाश एवं मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

भीषण गर्मी को देखते हुए सरकारी स्कूलों के खुलने का समय बदला

हरदोई, अमृत विचार। भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए परिषदीय स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूल अब सुबह 7:30 बजे खुलेंगे और दोपहर में 12:30 बजे बच्चों की छुट्टी हो जाएगी। जबकि अध्यापकों को 1:30 तक विद्यालय में उपस्थित रहना होगा। इस संबंध में डीएम ने आदेश जारी किए हैं।

बता दें कि जिले में लगातार तापमान का बढ़ना जारी है। मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 42.5 तथा न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्शियस रहा। चार किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने लोगों की मुश्किलें और भी बढ़ा दीं। गर्म मौसम के चलते सरकारी स्कूलों में अवकाश के समय में कटौती की गई है, लेकिन अभी भी अधिकांश निजी स्कूल दोपहर एक-दो बजे छुट्टी कर रहे हैं, जिससे नौनिहालों को भीषण लू लपट में घरों में पहुंचना पड़ रहा है। गर्मी से बच्चे बीमार भी हो रहे हैं।

मंगलवार को भी कई स्कूलों में दोपहर एक-दो बजे छुट्टी की गई। भीषण गर्मी में

छाता लगाकर स्कूल से आते बच्चे। अमृत विचार

बच्चों को अपने घर पहुंचना पड़ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। मौसम की मार लगातार बढ़ती चली जा रही है। मंगलवार को भी दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा रहा।

बाजार जा रहे छात्र की परिवहन निगम की बस से टकराकर मौत, पुलिस हिरासत में चालक

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जूनियर हाई स्कूल का छात्र घर का सौदा खरीदने के लिए बाज़ार जा रहा था। उसी बीच रास्ते में परिवहन निगम की बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस के ड्राइवर को हिरासत लिया है और बस को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

सवायजपुर कोतवाली के कस्बा निवासी सोनपाल का 16 वर्षीय विजय गांव के ही जूनियर हाई स्कूल में आठवीं का छात्र था। पिता सोनपाल ने बताया कि मंगलवार की सुबह विजय कुछ घरेलू सौदा खरीदने के लिए घर से बाज़ार पैदल जा रहा था। उसी बीच परिवहन निगम की रोडवेज़ बस ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छात्रों की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा होते ही भीड़ ने बस को रोक लिया, उसी बीच पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेते हुए बस अपने कब्ज़े में ले कर जांच शुरु कर दी है।

सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अनवरी हॉस्पिटल के सामने हुए सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सण्डीला भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर शाम तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के बारे में जानकारी हो तो तत्काल थाना सण्डीला से संपर्क करें।

धोबिया आश्रम में पुलिस चौकी की मांग

हरदोई, अमृत विचार। हरियांवां ब्लॉक अंतर्गत ग्राम धोबिया स्थित प्राचीन स्थल धोबिया आश्रम में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग की है। इस संबंध में आश्रम के महंत स्वामी नारायणानंद ने भाजपा नेता आदर्श दीपक मिश्र के साथ मंगलवार को एसपी अशोक कुमार मीणा से मुलाक़ात की और प्रार्थना पत्र सौंपा है। पत्र में बताया गया है कि यह क्षेत्र घने जंगलों के बीच स्थित प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए यहां पुलिस चौकी की आवश्यकता बताई गई है। चौकी निर्माण के लिए आश्रम की ओर से निःशुल्क जमीन उपलब्ध कराई जाएगी।

खरीद सेंटरों पर बिचौलिये हावी

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। जिले में सरकारी खरीद केंद्रों पर खरीद न होने से भाकियू टिकैत ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सेंटरों पर किसानों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। व्यापारियों से मिले सेंटर संचालक किसानों का गेहूं लेने में आनाकानी करते हैं। सेंटरों पर बिचौलिये हावी हैं। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर खरीद केंद्रों पर किसानों का गेहूं खरीदे जाने की मांग की है।

किसानों ने चार सूत्री ज्ञापन में कहा कि सरकारी गेहूं की खरीद सरकार की तरफ से 30 मार्च को

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी। अमृत विचार

- भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

शुरू हो चुकी है, लेकिन जिले में उसके विपरीत मंगलवार को हो गई, लेकिन अभी तक खरीद न के बराबर है। किसान अपने गेहूं की ट्रालियां केंद्रों पर ले जाते हैं तो दो तीन दिन तक उन्हें परेशान किया जाता है। गन्ने की खेती के लिए अन्य उर्वरक जैसे कि दवाई, यूरिया, डीएपी, पोटाश इत्यादि सभी सोसाइटी व इफको सेवा केन्द्रों पर शीघ्र ही पहुंचायी जाये। पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सरदार प्रगट सिंह ने की एवं संचालन बलवीर राजवंशी जिला महासचिव ने की।

आग से 70 बीघा पराली राख

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पिहानी के करीमनगर स्थित झौनी पुरवा के पास मंगलवार को अज्ञात कारणों से खेतों की पराली में भीषण आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 60 से 70 बीघा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि पास स्थित एक मैरिज हाल के कर्मचारियों ने तुरंत आग बुझाने की कमान संभाल ली। मैरिज हाल के पास बने 3-4 नंबर नाले में भरे पानी का कर्मचारियों ने उपयोग कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर

खेतों में जलती पराली। अमृत विचार

काबू पाया और बड़ी तबाही टल गई। नाले का निर्माण समाजसेवी जोगराज सिंह द्वारा कराया गया था, जिसमें गर्मियों के दौरान मवेशियों के लिए पानी संरक्षित रहता है। आग काबू करने के दौरान कर्मचारी सलमान शाह झुलस गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। वहीं मैनेजर वेद प्रकाश पाल, व्यवस्थापक राजकुमार, दिलेर, जसविंदर सिंह बिहारी, जस्सा सिंह, सुभाष पाल, लक्खा सिंह सहित दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विवाहिता घर से लापता, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के एक मोहल्ले से विवाहिता के लापता होने पर पीड़ित पति ने अज्ञात के विरुद्ध पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित पति के अनुसार उसका विवाह इसी वर्ष फरवरी में बरेली जनपद निवासी युवती से हुआ था। उसकी पत्नी मोबाइल से किसी अज्ञात से बात करती थी। मंगलवार की सुबह करीब 6.30 पर उसकी पत्नी घर से बिना बताये कहीं चली गई। उसे शक है मोबाइल पर बात करने वाला अज्ञात युवक ही उसकी पत्नी को भगा ले गया है

10 रुपये के स्टांप पर बेच दी गई करोड़ों की सरकारी भूमि, प्रशासन को जानकारी नहीं

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। सरकारी ज़मीन की खरीद-फरोख्त का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पिहानी कस्बें में सिर्फ 10 रुपये के स्टांप पर नौटेरी के जरिए करोड़ों की सरकारी ज़मीन का सौदा हो गया। मामला रामलीला मैदान के पास की जमीन का है, जो सरकारी अभिलेखों में रास्ते की दर्ज भूमि बताई जा रही है।

बताया गया है कि शाहजहांपुर ज़िले के ग्राम आटा बुजुर्ग निवासी दिलशेर व सईक ने साल 2017 में करीब 2 करोड़ 35 लाख में जमीन खरीदने का दावा किया गया। हैरानी की बात यह है कि खरीद-फरोख्त रजिस्ट्री के बजाय सिर्फ नौटेरी पर की गई, जबकि संबंधित ज़मीन सरकारी बताई जा रही है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि करोड़ों की इस सरकारी जमीन का सौदा 10 रुपये के साधारण स्टांप पेपर पर नौटेरी के जरिए कर दिया गया। जबकि नियमों के तहत सरकारी ज़मीन की खरीद-फरोख्त होना नामुमकिन है, साथ ही नौटेरी से ज़मीन की खरीद कानूनन सही है। इसके बावजूद खुलेआम इस तरह का खेल होना राजस्व महकमे की लापरवाही कहें या मिलीभगत, उसी से इतना बड़ा खेल होने की तरफ इशारा करता है। लोगों का कहना है कि करोड़ों की कीमत वाली इस ज़मीन को नियमों को दर-किनार कर दबंगई के दम पर कब्ज़ाने की कोशिश की गई। पूरे मामले की जानकारी राजस्व टीम और प्रशासनिक अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदेश में सख्त कानून व्यवस्था और बुलडोजर कार्रवाई के दावों के बीच पिहानी का यह मामला प्रशासनिक उदासीनता और दबंगों के हौसलों की कहानी बयां कर रहा है। इस संबंध में उप जिलाधिकारी शाहाबाद ने कहा कि इस प्रकरण की उनको जानकारी नहीं है, यदि ऐसा है तो जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

मार्ग का शिलान्यास करते विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

विधायक ने किया भूमि पूजन एवं शिलान्यास

हरदोई, अमृत विचार। सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने मंगलवार को बरौलिया नोनखारा मार्ग के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होकर क्षेत्रीय जनों से भेंट कर उक्त मार्ग का विधिवत पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर सहायक अभियंता संतोष रावत, अवर अभियंता पंकज पाण्डेय, रिशू बाबू, ब्लाक प्रमुख अनिल राजपूत, मण्डल अध्यक्ष अजय राजपूत, बृम्हानन्द दीक्षित, अनिल पाण्डेय सहित क्षेत्रीय प्रधान मौजूद रहे।

पेंशन को आयकर से मुक्त रखे जाने की मांग

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन ने मंगलवार को एक बैठक कर केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के लागू होने की तिथि के पूर्व के पेंशनरों की पेंशन का पुनर्निर्धारण सहित अन्य सुविधाएं/लाभ दिए जाने की मांग की। बैठक के पश्चात जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई है कि वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाने हेतु पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा

मांगों संबंधित समस्याएं गिनाते पेंशनर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

में लाया जाये। भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 29-08-2008 में प्रकाशित निर्णयों के अनुसार कर्मचारियों, पेंशनरों, शिक्षकों के लिए अलग सीजीएचएस बनाई जाये। पेंशन उच्चतम न्यायालय की पूर्ण पीठ के निर्णयानुसार लम्बी सेवा अवधि का लाभ चेतन है, वह मान-कन्फीडेंशियल व अनफण्डेड नहीं है, इसलिए ऑप्शन 60 बहाल की जाये। पेंशनरों के राशिकरण की कटौती 10 वर्ष पर बन्द कर दी जाये। 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत पेंशन की वृद्धि की जाये। पेंशन को आयकर से मुक्त रखा जाये। कोरोना काल के 18 महीने के डीए/डीआर के एरियर का भुगतान किया जाये। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में 50 प्रतिशत की छूट दी जाये। आयुष्मान भारत में कैशलेस उपचार कराने की सीमा को 10 लाख किया जाये। मंहगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर उसे मूल वेतन / पेंशन में मर्ज किया जाये।

गर्मी में बगैर नाश्ता किये या खाना खाए घर से न निकलें

हरदोई, अमृत विचार। जिले में पड़ रही गर्मी व लू को देखते हुए सीएमओ ने लोगों को लू से बचाव के तरीके तथा अत्यधिक पानी पीने की सलाह दी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावनाथ ने लू और गर्मी से बचाव के बारे में बताया कि शासन ने अलर्ट जारी किया है कि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में गर्मी ज्यादा होगी और लू का स्पैन भी बड़ा हो सकता है, इसलिए इससे बचाव के लिए सावधानी बरतें। लू/गर्मी से बचाव के लिए घर से बगैर नाश्ता किये या खाना खाए बगैर न निकलें। घर से बाहर निकलें तो सिर को गीले कपड़े से ढंके, छाता और धूप का चश्मा लगायें और पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें। सूती, हलके रंग के और पूरी बांह के कपड़े पहने, आंखें सूरज की रोशनी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होती हैं। खूब पानी पीयें, ठंडे पानी से नहायें, खूब पानी पीकर शरीर को हाईड्रेटेड रखें, ताजा खाना खाएं। हीट स्ट्रोक या लू लगने के लक्षण आने पर तेज बुखार आता है, चक्कर आना, सिर में दर्द, उलटी आना, कमजोरी जैसे लक्षण दिखते हैं।

जल संकट पानी की जगह उड़ रही धूल, बूंद- बूंद को तरस रहे पशु-पक्षी

भीषण गर्मी में तालाब-पोखरों के हलक सूखे

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। भीषण गर्मी के बावजूद शासन के निर्देश का पालन अब तक जिले में नहीं हो रहा है। तालाब व पोखरों में धूल उड़ रही है। गांवों में पशु-पक्षी पानी के लिए तरस रहे हैं। जब जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्शियस से अधिक हो गया है, तब भी जिम्मेदारों के कान पर जूं नहीं रेंगी हैं।

जिले के अधिकांश गांव के तालाबों में पानी की जगह धूल उड़ती नजर आ रही है, तपती धूप के बढ़ते प्रकोप के चलते पशु पक्षी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं,,लेकिन जिम्मेदारों की मनमर्जी के चलते धनउगाही के नाम

सूखा पड़ा तालाब। अमृत विचार

पर कागजों में तालाबों की खुदाई वा सुंदरीकरण बेशुमार कराते हैं, लेकिन धरातल पर इन्हीं तालाबों में बेजुबान पशु पक्षियों को पानी की जगह धूल व सूखी घास चाटने को मिल रही है, जबकि सरकार के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष गर्मियों के मौसम में तालाबों में पानी भरवाने की समुचित व्यवस्था जिम्मेदारों को सौंप गई है। गांवों के अधिकांश तालाब ,अमृत सरोवर, पोखरी, में पानी की जगह धूल उड़ती दिखाई दे रही है, कई ग्राम पंचायतों के सचिव और प्रधान ने सरकार के निर्देशों की जमकर धज्जियां उड़ाते नजर आए, सरकार द्वारा प्रत्येक गांवों में जल संरक्षण हेतु तालाबो बनवाया गया था, लेकिन गर्मी का मौसम शुरू होते ही यह तालाब पूरी तरीके से सूखने लगते हैं, प्रत्येक वर्ष राज्य वित्त द्वारा इन तालाबों को भरवाने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पर यह निर्देश सिर्फ हवा हवाई ही साबित होते हैं तालाब भरवाने के नाम पर पंचायत सचिव और प्रधान अपनी-अपनी जेब भरने की फिराक में रहते हैं, गर्मी के मौसम में पशु पक्षी और आवारा पशुओं के लिए तालाब ही पानी पीने का एकमात्र साधन होता है ,लेकिन इन्हीं तालाबों के सूखा होने के कारण पशु पक्षी अन्य पानी की प्यास से तड़प रहे हैं।

युवक को पीटा, तीन लोगों पर केस दर्ज

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में गेहूं डालने को लेकर हुए विवाद में युवक समेत उसके परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम उदयपुर निवासी विवेक कुमार पाल ने बताया कि गांव के छोटे भइया उर्फ नेत्रपाल ने रंजिश के चलते 17 अप्रैल की सुबह करीब 7 बजे गांव के देवी मंदिर के पास छोटे भइया नेत्रपाल गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसके साथ विजय सिंह उर्फ बड़े लल्ला व रंजीत ने मिलकर विवेक को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंचे विवेक के चाचा कृष्णपाल और चचेरे भाई दुर्गेश को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीट दिया, जिससे सभी को चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

अखिलेश व नीतू सपा में शामिल

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके अखिलेश पाठक तथा बसपा व भाजपा में रह चुकी नीतू सत्यार्थी ने सपा का दामन थाम लिया। अखिलेश पाठक सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के चर्चे चल रहे हैं।

बताते चले कि अखिलेश पाठक भाजपा के टिकट पर शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके हैं। अपने सौम्य व्यवहार व लोगों के बीच उपलब्ध रहने वाले श्री पाठक के सपा में शामिल होने से जिले में राजनैतिक हलचलें तेज हो गई हैं। चर्चा है कि वह सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी

- दो सियासी दिग्गजों के पाला बदलने से राजनीतिक हलचल

के रूप में मैदान में उतर सकते हैं। पिछले कुछ समय से श्री पाठक सवायजपुर क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं। वह 2012 में शाहाबाद विधानसभा से चुनाव लड़े थे। भाजपा संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर वह रह चुके हैं। 2022 में भाजपा ने उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी को मैदान में उतार दिया था। इससे नाराज होकर अखिलेश पाठक ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। इस पर भाजपा ने इनको पार्टी से निकाल दिया था। राजनैतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि सवायजपुर सीट से सपा इस बार ब्राम्हण चेहरे को चुनाव मैदान में लाना चाहती है। जिला पंचायत सदस्य रहने के दौरान श्री पाठक ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में काफी कार्य भी कराया था। पिछला विधानसभा चुनाव निर्दलीय लड़ने पर वह हार गए थे। इसके बावजूद क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहते हैं। शाहाबाद और सवायजपुर दोनों क्षेत्रों के प्रमुख लोगों से उनके अच्छे संबंध भी हैं और वह दोनों विधानसभाओं में लोगों के सुख दुख में उपस्थित रहते हैं। इसी प्रकार नीलू सत्यार्थी भी बसपा की नेता रह चुकी हैं। वह भी विधानसभा का चुनाव लड़ चुकी हैं। दोनों नेताओं के सपा में पहुंचने से जिले की राजनैतिक हलचलें तेज हो गई हैं। चर्चा यह भी है कि विभिन्न दलों के कुछ और कद्दावर नेता जल्द ही समाजवादी पार्टी का दामन थाम सकते हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

पेड़ से टकराया मौरंग लदा अनियंत्रित ट्रक

रामपुर मथुरा, सीतापुर : क्षेत्र के पर्वतपुर चौराहे के पास दोपहर एक मौरंग लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराया। गनीमत रही कि हादसे में कोई राहगीर चोटिल नहीं हुआ, लेकिन ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के काम के चलते सड़क के किनारों पर मिट्टी डाली गई है, जिससे वाहनों को गुजरने में परेशानी हो रही है। इसी के चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं।

बोतल लेकर डांस करते वीडियो वायरल

महमूदाबाद, सीतापुर : एक शिक्षण संस्थान में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान मंच पर कथित रूप से बीयर की बोतल लेकर डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। कॉलेज के प्रधानाचार्य का कहना है कि वायरल वीडियो अधूरा है और इसे गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। प्रस्तुति देने वाले पूर्व छात्रों ने भी इसे महज मनोरंजन का प्रयास बताया है।

लहरपुर में सांड़ों की लड़ाई से अफरा-तफरी

लहरपुर/सीतापुर : लहरपुर में छुट्टा मवेशी मुख्य मार्ग पर मुसीबत बन रहे हैं। इसी क्रम में नगर के दो अलग-अलग मोहल्लों में सांड़ों के बीच भिड़ंत हो गई। इस दौरान दो बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गईं। देर तक मार्ग पर आवागमन ठप रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां आए दिन छुट्टा मवेशियों के बीच लड़ाई होती रहती है जिससे आवागमन करने वाले राहगीर घायल होते रहते हैं।

हाईवे पर खड़े वाहन में घुसी बाइक, दो युवकों की मौत

खड़े कैंटर में जा घुसी बाइक, सिधौली के सिंहपुर गांव में कोहराम

रफ्तार की मार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। लखनऊ से वापस अपने गांव लौट रहे बाइक सवार युवक मनवा के पास सड़क किनारे खड़े एक कैंटर से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान कोतवाली सिधौली के सिंहपुर निवासी सूरज (25) पुत्र सुशील और नंदराम (30) पुत्र ढोढे के रूप में हुई है। बताते हैं कि दोनों युवक लखनऊ में भर्ती अपने एक परिजन को देखकर वापस घर लौट रहे थे। मनवा के समीप एक पेट्रोल पंप के पास हाईवे किनारे खड़े भारी वाहन से उनकी बाइक जा भिड़ी। एनएचआई की एम्बुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए।

सूरज (फाइल फोटो)

युवकों की मौत से गांव में पसरा मातम: एक ही गांव के दो युवकों की मौत की खबर जैसे ही सिंहपुर पहुंची वहां मातम पसर गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। मृतकों के परिजनों की चीख-पुकार से अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने हाईवे पर अवैध रूप से खड़े होने वाले ट्रकों पर कार्रवाई की मांग की है।

खाई में पलटी दूल्हा-दुल्हन की कार, चार घायल

जिला अस्पताल में भर्ती दुल्हन। अमृत विचार

पिसावां/सीतापुर : शादी की खुशियां उस समय गम में बदल गईं जब दुल्हन की विदाई कराकर लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोग घायल हो गए, जिनमें नवविवाहित जोड़े की हालत गंभीर बनी हुई है। महोली निवासी शिवम हरदोई से अपनी पत्नी शालू की विदाई कराकर घर लौट रहा था। पिसावां में ओवरटेक करते समय एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को बाहर निकाला जा सका। घायल दूल्हा शिवम, दुल्हन शालू, चालक अंकुल वर्मा व एक अन्य को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दूल्हा-दुल्हन की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

सिधौली, सीतापुर : रेलवे स्टेशन पर हादसा हो गया। लखनऊ से पीलीभीत जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका छह माह का मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। संदना थाना क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर निवासी रेनू (25) अपने बच्चे के साथ प्लेटफार्म नंबर एक की दूसरी ओर से निकल रही थी, तभी वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। छह माह के बच्चे का हाथ कट गया। स्टेशन पर मौजूद लोगों और रेलवे कर्मचारियों ने आनन-फानन में घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में महिला को मृत घोषित कर दिया, मासूम की हालत गंभीर बताई जा रही है।

दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए किशोर की मौत

सीतापुर/मिश्रिख: कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर मजरा भिठौली में मंगलवार दोपहर दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गए किशोर की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार, राम भजन का 17 वर्षीय पुत्र विजय अपने साथियों के साथ सीतापुर मार्ग पर कटेहरी पुलिया के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक संतुलन खो बैठा और गहरे पानी में समा गया। साथियों द्वारा शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद विजय को पानी से बाहर निकाला। उसे तत्काल एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक विजय अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अभी पढ़ाई कर रहा था। उसके पिता ईंट-भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। छोटे बेटे की मौत से मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सचिव ने लीगल एड क्लीनिक व वृद्धा आश्रम का जाना हाल

नैमिषारण्य/सीतापुर: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने नैमिषारण्य स्थित लीगल एड क्लीनिक और वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

लीगल एड क्लीनिक के निरीक्षण में सचिव ने वहां मौजूद पीएलवी हरिओम शुक्ला, विनय मिश्रा और छोटे मुन्ना से रजिस्टर की जांच की। इसके बाद सचिव ने वृद्धा आश्रम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं को परखा। आश्रम में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। सचिव ने केयर टेकर को सख्त निर्देश दिए कि वृद्धजनों के खान-पान और उनकी चिकित्सा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और उन्हें उनकी आवश्यकतानुसार ही भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय लिपिक रितिकेश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

मुआएना करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव।

फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन करते श्रमिक और उनका परिवार। अमृत विचार

फैक्ट्री के बाहर मजदूरों का प्रदर्शन, सड़क जाम

सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली देहात क्षेत्र के शाहमहोली स्थित एक फैक्ट्री के बाहर मजदूरों ने जमकर हंगामा किया। वेतन में भेदभाव और सुविधाओं के अभाव का आरोप लगाते हुए श्रमिकों ने सीतापुर-लखीमपुर मार्ग जाम करने की भी कोशिश की। मजदूर व उनके परिवारों से जुड़े पप्पू, राजू, सुनील आदि का आरोप है कि महिला श्रमिकों से 10 घंटे काम लेकर उन्हें मात्र 58 सौ वेतन दिया जा रहा है, जबकि अन्य पुरुषों को उसी काम के 8 हजार मिल रहे हैं। उनकी मांग है कि वेतन बढ़ाकर 10, हजार किया जाए और महीने में 4 सवेतन अवकाश दिए जाएं। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित श्रमिकों को समझाकर यातायात बहाल कराया। फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से रेनू राठौर ने समाधान के लिए 15 दिन का समय मांगा है, हालांकि मजदूर दो दिन के भीतर ठोस निर्णय की मांग पर अड़े हैं। मांगें पूरी न होने पर मजदूरों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक आज

सीतापुर, अमृत विचार : जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता सीतापुर के सांसद व समिति के अध्यक्ष करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को दोपहर 12 :00 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिले के प्रमुख विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

दिव्यांगों को मिलेंगे सहायक उपकरण

सीतापुर, अमृत विचार : जिले के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. के निर्देश पर विकास खंड स्तर पर विशेष चिन्हांकन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित इस योजना के लिए अब ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य है। इसके लिए इच्छुक लाभार्थी विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। पात्र होने के लिए आवेदक की दिव्यांगता न्यूनतम 40 प्रतिशत होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र के लिए वार्षिक आय 46,080 रुपये व शहरी क्षेत्र के लिए 56 460 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

56 गांवों में बिजली का संकट, होगा प्रदर्शन

ग्रामीणों से संवाद करते किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार : बड़ागांव क्षेत्र के 56 गांवों में व्याप्त गंभीर बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया है। समस्या और प्रस्तावित पावर हाउस का निर्माण न होने के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में ग्रामीण 27 अप्रैल को गल्ला मंडी में प्रदर्शन करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने परसेरा, ढकिया, पूरनापुर, सिमराव, बीरमपुर और नीमचेना सहित कई गांवों में बैठक कर ग्रामीणों को एकजुट किया है। संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि बिजली न मिलने से खेती, बच्चों की पढ़ाई और छोटे व्यवसाय पूरी तरह ठप हो गए हैं। इससे 56 गांव प्रभावित हो रहे हैं।

मेले में बिछड़े मासूम को परिजनों से मिलाया

सीतापुर, अमृत विचार : कमलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा कमलापुर स्थित महोठे रानी मेले में परिजनों से बिछड़े सात वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया। मासूम को वापस पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे। बता दें कि मेले में भीड़ के दौरान एक सात वर्षीय बालक अपने परिजनों से अलग हो गया था।

कब्जे के कारण अटका स्टेडियम का निर्माण

सीतापुर, अमृत विचार : विकास खंड की ग्राम पंचायत सड़िला में क्षेत्र पंचायत सदस्य रीमा सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से उपजिलाधिकारी एसडीएम मिश्रिख को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने सरकारी नजूल, तालाब और बंजर भूमि पर कब्जा कर रखा है। भूमि उपलब्ध न होने के कारण सरकार द्वारा स्वीकृत स्टेडियम निर्माण की योजना या तो रुक गई है या उसे दूसरी ग्राम पंचायत में स्थानांतरित करने की नौबत आ गई है।

डीएम का आदेश फिर भी कर लिया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: यहां डीएम का आदेश भी बेअसर है, जिस अवैध अतिक्रमण को गत माह ढहाने में पुलिस प्रशासन को घंटों जूझना पड़ा, वहीं कुछ दिनों के भीतर फिर अस्तित्व में आ गया। फलपट्टी खैराबाद में एक बार फिर रसूखदारों ने गिराए गए अतिक्रमण पर निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है।

दरअसल, दो दशक पूर्व खैराबाद फलपट्टी का आम विदेशों में अपनी धाक जमाए था, इस बीच सिंडीकेट की नजर हरियाली पर पड़ी और रातो-रात ठूंठ गायब हो गए। फलपट्टी को पट्टी बनाते हुए प्लाटिंग शुरू कर दी। इसमें हाईवे और कस्बे के भीतर इलाके में शामिल हुए। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अधीनस्थों को आदेशित किया। रेलवे स्टेशन खैराबाद के निकट नियमों से इतर हो रही प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। समय बीता, एक माह के भीतर फिर उन्हीं क्षेत्र में गिरी मलबे को समेटकर निर्माण कार्य शुरू हो गया। सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय बताती हैं कि रेलवे स्टेशन के निकट और कुछ अन्य स्थानों पर एक बार फिर अतिक्रमण किये जाने की सूचना मिली है, नोटिस के साथ विधिक और विभागीय दोनों कार्रवाई की जाएगी।

खैराबाद में निर्माण कार्य के दौरान बनाई जाती सड़क। अमृत विचार

पुराना शहर में अतिक्रमण हटवातीं नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय।

केके सिंडीकेट की फिर बजीं घंटियां: सुनो, बड़े अधिकारी जाने वाले हैं। परेशान होने की जरूरत नहीं। सब फिर से ठीक हो जाएगा, फोन की बजी घंटियों के बीच अतिक्रमणकारियों ने रफ्तार पकड़ ली। खगेसियामऊ, खैराबाद, मछरेहटा मार्ग और हाईवे किनारे बजरी, गिट्टी और मौरंग डाली जाने लगी है।

पुराने शहर में अतिक्रमणकारियों को सिटी मजिस्ट्रेट की खरी-खरी: पुराने शहर में सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय पहुंची, इनके साथ लोक निर्माण के अधिकारी मौजूद थे। पक्के पुल से लेकर सिटी स्टेशन तक सड़क के किनारे बन रहे नाले के निर्माण कार्य का जायजा लिया। आ रहे अतिक्रमण को हटाया गया, मकानों के जीने, छज्जे भी ध्वस्त किये गए।

टाउनहॉल में बनेगा अस्पताल का प्रशासनिक भवन, कब्जा हटाने की अंतिम चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार: प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज के प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के लिए नजूल भूमि पर कड़ा प्रहार किया है। जिलाधिकारी कोर्ट ने सिविल लाइंस स्थित टाउन हॉल परिसर में काबिज समाजवादी पार्टी कार्यालय समेत अन्य कब्जाधारकों के आवंटन निरस्त कर नोटिस जारी कर दिया है। नगर पालिका बोर्ड द्वारा 8 अप्रैल को लिए गए फैसले के बाद अब इन कब्जों को अवैध घोषित कर दिया गया है। प्रशासन के मुताबिक, सपा कार्यालय का वर्षों से किराया जमा नहीं था, जबकि अन्य पट्टों की अवधि समाप्त हो चुकी थी। जिलाधिकारी ने सभी पक्षों को 6 मई तक अपना जवाब दाखिल करने का अंतिम अवसर दिया है। स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि तय समय तक कब्जा न छोड़ने पर पुलिस बल के साथ बेदखली की कार्रवाई की जाएगी और इसका खर्च भी कब्जाधारकों से ही वसूला जाएगा।

पुलिस की गिरफ्त में शातिर। अमृत विचार

मैजिक पेन से ठगी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली नगर पुलिस और सर्विलांस टीम ने मैजिक पेन और लाइटर के जरिए चेक की रकम बदलकर ठगी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन शातिर सदस्यों पीयूष शुक्ला, अशोक रतन और अमर सिंह को बहुगुणा चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। एसपी अंकुर अग्रवाल के मुताबिक, पकड़े गए आरोपियों ने खुद को श्रीराम फाइनेंस का एजेंट बताकर व्यापारियों को बिजनेस लोन दिलाने का झांसा देते थे। गिरोह के सदस्य पीड़ितों से उन्हीं के मैजिक पेन से चेक भरवाते थे। बाद में लाइटर की गर्मी से स्याही मिटाकर बड़ी रकम भरकर बैंक से निकाल लेते थे। आरोपियों के पास से एक कार, 5 कूट रचित पहचान पत्र, चेकबुक, मैजिक पेन, लाइटर और 5, हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों में बलिया जनपद के थाना बांसडीह स्थित मिसरौलिया निवासी पीयूष शुक्ला पुत्र कौशल शुक्ला हाल पता अल्लापुर नया साकेत अस्पताल थाना जार्ज टाउन प्रयागराज में रह रहा था। कोलकाता के बनियापुक्कुर थाना क्षेत्र स्थित पार्क स्ट्रीट अशोक रतन पुत्र जी रतन निवासी पिछले कुछ समय से प्रयागराज के थाना कैण्ट के अशोकनगर में रह रहा था।

भरण-पोषण का वाद डाला तो पत्नी को दी धमकी

हरगांव, सीतापुर : एक महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ कोर्ट में भरण-पोषण का मुकदमा दायर करने पर पति ने उसे और उसकी मां को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। एक गांव वासी कंचन ने बताया कि उसका विवाह मई 2017 में प्रांजुल के साथ हुआ था। कंचन का आरोप है कि पति की एक महिला से करीबियां थीं, जिसका विरोध करने पर उसे घर से निकाल दिया गया। कंचन के मुताबिक, वो अपने दो बच्चों के साथ मायके में रह रही है। हाल ही में जब पीड़िता ने कोर्ट में भरण-पोषण का वाद दायर किया, तो उसके पति प्रांजुल ने उसे और उसकी माता को फोन पर अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी बलवंत शाही ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, चार गंभीर

हरगांव, सीतापुर : सरांवा गांव के मजरा पंडित पुरवा में शादी समारोह के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक संघर्ष में बदल गया। दबंगों के हमले में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताते हैं कि देर रात लतीफ और अनीश पक्ष के बीच गाली-गलौज हुई थी। सूचना पर मेवा रामनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने के कारण मामला फिर बढ़ गया। लतीफ का आरोप है कि सरांवा निवासी अनीश, मुजाहिम, शरीफ और शकील ने चौराहे पर उन पर लाठी-डंडों व बांके से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए इस्लाम, बाबू और शफीक को भी गंभीर चोटें आई हैं। मेवा रामनगर चौकी प्रभारी बसंत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल कराया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई की गई है।

महिलाओं ने भरी हुंकार, प्रदर्शन

सीतापुर, अमृत विचार : लोकसभा में विपक्ष के विरोध के चलते 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' बिल गिरने के विरोध में विशाल 'जन आक्रोश महिला पदयात्रा' निकाली गई। भारतीय जनता पार्टी सीतापुर के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में जनपद की बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने लखनऊ पहुंचकर भी अपना विरोध-प्रदर्शन दर्ज कराया। इस मौके पर आशा मौर्य, मनीष रावत, श्रद्धा सागर, जया सिंह पटेल, रेखा वर्मा, कंचन प्रभा पांडे मौजूद रहीं।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार : एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने पाक्सो एक्ट के वांछित व तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। तंबौर पुलिस ने आरोपी रोहित निवासी शीतलापुरवा थाना सकरन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार रोहित एक शातिर अपराधी है, जिस पर सीतापुर, लखनऊ और खीरी के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 13 मुकदमे दर्ज हैं। सिधौली पुलिस ने एनआई एक्ट के वारंटी राजेश कुमार निवासी हरदोइया, बिसवां पुलिस ने वारंटी सालिकराम निवासी लक्ष्मनपुर और पिसावां पुलिस ने बीएनएस की धारा 108 में वांछित आरोपी कौशल निवासी सबेलिया को गिरफ्तार किया है।

दुकानों में आग लगने से 10 लाख का नुकसान

मलबे में सामान की तलाश करता दुकानदार। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार : रेउसा कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित बिसवां रोड पर दो ऑटो मोबाइल दुकानों में आग लग गई। अग्निकांड में दुकानों के भीतर रखा करीब दस लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। रेउसा चौराहे पर फैजान इलेक्ट्रीशियन और शफीक ऑटो मोबाइल की दुकाने हैं। बताते हैं कि स्थानीय लोगों ने जब दुकानों से धुआं और लपटें उठती देखीं, तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी शफीक के मुताबिक, दुकान के पीछे फेंके गए कूड़े में किसी ने आग लगाई थी, जो फैलकर दुकान तक पहुंच गई। थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी ने बताया कि आग के कारणों की जांच की जा रही है।

शिक्षित बनें और छोड़ें नशा : सुधीर

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भीम आर्मी के संगठन मंत्री व अन्य। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार : कमलापुर के रामगढ़ पूरवा गांव में आयोजित पांच दिवसीय बुद्ध कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथावाचक नीरज कुमार बौद्ध ने भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े प्रसंगों को गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भीम आर्मी के संगठन मंत्री डॉ. सुधीर कुमार राजवंशी उपस्थित रहे।

देवेश्वर मंदिर के पास हादसे में दो घायल

औरंगाबाद, सीतापुर : नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के देवेश्वर मंदिर मुख्य गेट के पास दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी हादसे के बाद घटनास्थल पर राहगीरों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश पटेल ने बताया कि हादसे में घायल हुए युवकों की पहचान विकास पुत्र प्रहलाद निवासी अहिरोरी, हरदोई और आंचल वर्मा पुत्र प्रेम प्रकाश निवासी ग्राम सिंगरौली, कोतवाली महोली के रूप में हुई है।

लहरों पर लगाम

22 करोड़ से तीन ठोकरों का निर्माण शुरू, बरसात से पहले कार्य पूरा करने का लक्ष्य, चहलारी-गणेशपुर बांध को मिलेगी मजबूती

खोई जमीन तो नहीं मिली लेकिन अब घर को बचाने की उम्मीद

शिव कुमार मौर्य, रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार : विकास खंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत शुकुलपुरवा में घाघरा नदी के कटान को रोकने के लिए शासन-प्रशासन ने कमर कस ली है। करीब 22 करोड़ रुपये की लागत से बांध की सुरक्षा के लिए तीन बड़ी ठोकरों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि बीते वर्ष घाघरा नदी ने भीषण कटान करते हुए सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि और दर्जनों घर लील लिए थे। कटान की स्थिति इतनी भयावह थी कि चहलारी-गणेशपुर बांध और नदी के बीच की दूरी महज कुछ सौ मीटर रह गई थी। यदि बांध कट जाता तो क्षेत्र में भारी जन-धन की हानि हो सकती थी। इसी खतरे को देखते हुए इस वर्ष तीन ठोकरों का निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में तीन पोकलैंड मशीनों और दर्जनों ट्रैक्टरों के जरिए नोज खुदाई व मिट्टी पटाई का काम चल रहा है।

मयंकर।

बदलू।

कराया जाता निर्माण कार्य। अमृत विचार

ग्रामीण बोले, बची रहेगी सिर छिपाने की जगह: ग्रामीण बदलू मेरी घर और खेती की जमीन नदी पहले ही निगल चुकी है। अब सरकार द्वारा दी गई जमीन पर मजदूरी करके गुजारा कर रहा हूं। ठोकर बनने से कम से कम अब सिर छिपाने की जगह तो बची रहेगी।

आवासीय जमीन मिले तो बने बात: मयंकर कहते हैं कि सब कुछ नदी में समा गया, अब बांध पर ही बसेरा है। अभी तक आवासीय जमीन नहीं मिली है, लेकिन संतोष है कि ठोकर बनने से अब आगे कटान रुक जाएगा और हमारा वर्तमान आशियाना सुरक्षित रहेगा।

> निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है। निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा ताकि बांध और ग्रामीण दोनों सुरक्षित रह सकें
> –रजनीश वर्मा, अवर अभियंता

डोलो और पोकलैंड मशीनों से चल रहा है इलाज: डोलो व पोकलैंड मशीनों से दिन-रात काम चल रहा है। पत्थरों की खेप पहुंचने के साथ ही क्रैच बिछाने और नोज बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

न्यूज ब्रीफ

गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बछरावां (रायबरेली)। बछरावां थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार की रात उप निरीक्षक नितिन कुमार अपनी टीम के साथ खैरहनी गांव के पास गश्त पर थे। इसी दौरान थुलेंडी–कन्नावां संपर्क मार्ग से आ रहे दो बाइक सवार संदिग्ध दिखाई दिए। तभी तलाशी के दौरान उनके पास से लगभग एक किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके बाद दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान रामनेवल पुत्र पारसनाथ और शैलेन्द्र कुमार पुत्र स्व. मन्नालाल के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

संपत्ति को लेकर मारपीट, चार घायल

महाराजगंज: महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नाथगंज मजरे हलोर गांव में मां की मृत्यु के बाद जेवरात और संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो सगे भाई बेचनलाल व श्यामलाल के परिवारों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों भाई और उनकी पत्नियां घायल हो गईं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से छोटे भाई श्यामलाल और उनकी पत्नी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

आग से भूसा और गेहूं जलकर राख

महराजगंज: क्षेत्र के खेरवा गांव में मंगलवार दोपहर बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग ने भारी तबाही मचाई। खेतों में पड़ी पराली से शुरू हुई आग तेज हवाओं के कारण विकराल रूप लेते हुए गांव तक पहुंच गई। घटना में किसान अमरजीत सिंह के भूसे के साथ 20 बोरी गेहूं भी जलकर खाक हो गए, वहीं रामजीत सिंह का करीब दस हजार रुपये का भूसा जलकर स्वाहा हो गया। ग्रामीणों ने पंप सेट की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि करन सिंह ने बताया कि लेखपाल प्रीति गुप्ता को सूचना दे दी गई है और पीड़ित किसानों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की गई है।

दो हफ्ते तक जिंदगी और मौत से जूझ रहा घर का दीपक बुझा

सलोन: कोतवाली अंतर्गत सम्राट ढाबा के निकट बीती 9 अप्रैल को सलोन बाईपास नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक कई फीट दूर जा गिरा था। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक सिंह पुत्र धनंजय सिंह निवासी खमरिया पूरे कुशल को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे एम्स रेफर किया गया था। युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसके चलते उसे एम्स के इमरजेंसी वार्ड रेड जोन और फिर आईसीयू वेंटिलेटर पर रखा गया था। करीब 12 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद मंगलवार सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। माता-पिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं क्षेत्रीय लोगों में तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई न होने को लेकर भारी नाराजगी है।

विषाक्त पदार्थ खाने से महिला की हुई मौत

लालगंज। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे अवसेरी मजरे रानीपुर गांव की महिला सियावती (40) पत्नी गुड्डू ने कलह के चलते विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिसकी जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

गर्मी व हीटवेव से दोपहर में सूनी होने लगीं सड़कें

स्कूलों का बदला समयः दोपहर में पारा 40 डिग्री पार, गर्म हवाओं से जूझते निकलने को विवश लोग

भीषण गर्मी में धूप से बचाव के लिए दुपट्टा ओढ़कर निकलीं छात्राएं।

छाता लेकर निकले बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। गर्मी और हीटवेव का असर अब साफ दिखने लगा है। दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आने लगीं हैं। गर्म हवाओं के थपेड़ों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। लगातार पारा चढ़ने और लू को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया है। छोटे बच्चों को हीटवेव से बचाने के लिए स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। हीटवेव के बढ़ते खतरे को देखते हुए लोगों को जरूरी दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।

पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा रहा है, जिससे दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। हाल यह है कि लोग 12 बजे से 4 बजे के बीच घर से निकलना कम कर दिया है, इसलिए सड़कें खाली दिखने लगी हैं। इसके साथ ही स्कूलों का समय सुबह जल्दी कर दिया गया है। बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार के आदेश पर परिषदीय विद्यालयों के समय परिवर्तन कर दिया गया है। राज्य सरकार के नए आदेश के अनुसार विद्यालय प्रातः साढ़े सात बजे से अपरान्ह डेढ़ बजे तक ही शिक्षण कार्य होगा। राज्य सरकार ने गर्मियों में होने वाली विभिन्न बीमारियों व छात्रों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए यह कदम उठाए हैं।

उल्लेखनीय है कि विगत कई दिनों से तापमान की सूई 40 डिग्री सेंटीग्रेट के आसपास ही घूम रही है। जिससे विद्यालय जाने वाले नौनिहालों को तेज धूप में आने जाने से उल्टी दस्त, सिर चकराना, डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा था। जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के आंकड़े भी इस बात की गवाही दे रहे हैं कि गर्मी अब तन को झुलसाने लगी है। अभिभावकों ने भी विभिन्न माध्यमों से राज्य सरकार व जिला प्रशासन से विद्यालय के समय में परिवर्तन की मांग की थी, जिससे नौनिहालों को गर्मी से बचाया जा सके।

वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने भी राज्य सरकार के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन के समय में परिवर्तन का आदेश जारी कर दिया है। बीएसए के आदेशानुसार अब परिषदीय विद्यालय प्रातः साढे. सात बजे से अपरान्ह डेढ़ बजे तक खुलेंगे।

नवागंतुक डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने कार्यभार किया ग्रहण

नवागंतुक डीएम सरनीत कौर ब्रोका।

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। नवागंतुक जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुंचकर में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के दौरान स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, पारदर्शी प्रशासन देना तथा जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना उनके कार्यकाल का मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाएगी तथा आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। इसके पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट का भी निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि सरनीत कौर ब्रोका 2016 बैच की आईएएस है जो मूलतः मध्य प्रदेश की निवासी है। आईएएस में आने के पश्चात आगरा, गोरखपुर, बस्ती, उन्नाव जनपदों में अपनी सेवायें दे चुकी हैं। वर्तमान समय में निदेशक, बाल विकास पुष्टाहार के पद पर कार्यरत थी।

आग से भूसे का ढेर जलकर राख, दमकल ने बुझाया

खेत में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी, मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

बछरावां (रायबरेली)

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां-राजामऊ रोड पर बिशुनपुर-समोधा गांव की सरहद पर स्थित आवासीय विद्यालय के पास मंगलवार को लगभग 50 बीघा खेत में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि गेहूं की फसल कटने के बाद खेत में पड़े अपशिष्ट में आग लग गई, जिससे वहां रखा भूसा भी जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे सड़क के दूसरी तरफ दूसरी पटरी पर सैकड़ों बीघा खड़ी फसल आग की चपेट में आने से बच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि किसी चिंगारी या लापरवाही के चलते खेत में आग लगी होगी। लेखपाल प्रमोद कुमार ने बताया कि नुकसान की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से लगी आग

शार्ट सर्किट से जला किसान का सामान। अमृत विचार

गेहूं के खेत में लगी आग।

खीरों (रायबरेली)

अमृत विचार। विकास क्षेत्र के गांव मऊ मजरे भीतरगांव में मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से एक किसान के छप्पर में आग लग गयी। जब तक ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करते तब तक किसान का छप्पर और उसके नीचे रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग से सिंचाई करने की प्लास्टिक पाइप, चारपाई, तखत, गेंहू की खड़ी फसल सहित एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने विद्युत उपकेन्द्र खीरों को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराकर आग बुझाई।

मऊ निवासी पीड़ित किसान राजेश यादव ने बताया कि गांव के

सारा सामान राख

किनारे खेतों में मेरा निजी नलकूप है। जिसके बगल में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे इसी ट्रांसफार्मर से अकस्मात चिंगारी निकल कर बगल में रखे मेरे छप्पर पर गिरी और आग लग गई, जिससे छप्पर के नीचे सारा सामान राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल प्रियम पाण्डेय ने बताया की नुकसान का आंकलन करके उच्चाधिकारियों के माध्यम से पीड़ित किसान को मुवावजा दिलाया जाएगा। उपकेन्द्र खीरों के अवर अभियंता कमल किशोर ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

आग से 5 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख, लाखों का नुकसान, बछरावांः बछरावां क्षेत्र के थुलेंडी गांव में दोपहर अचानक अज्ञात कारणों से गेहूं के खेतों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे गांव के धुन्नी यादव, सजीवन यादव और सुलेमान के करीब 5 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पास में रखा पुवाल का डंप भी आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गया। इस अग्निकांड में लगभग दो लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन दल और स्थानीय लोगों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

रिटायर्ड बड़े बाबू को किया सम्मानित

लालगंज। मंगलवार को दीवानी कचहरी के रिटायर्ड बडे बाबू जय प्रकाश श्रीवास्तव को उनके निज आवास पर समाजसेवी चंदन त्रिवेदी द्वारा श्री रामचरितमानस देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री राम, जय राम, जय जय राम के महामंत्र के साथ श्री राम संपूर्ण विश्व का कल्याण करे ऐसी प्रार्थना सभी भक्तों द्वारा की गयी। रिंकू मिश्रा, रमेश शुक्ला, चंदन शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, रिशू अवस्थी, शिवम अवस्थी सहित अन्य राम भक्त मौजूद रहे। सभी ने निरन्तर कई महीनों से चल रहे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार की सराहना की।

पीड़ित परिवार ने एसपी से मांगा न्याय

लालगंज। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बनई मऊ गांव की महिला विद्यावती पत्नी श्रीपाल यादव ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगाई है। विद्यावती ने बताया कि उसकी बहू रिंकी पत्नी राम सजीवन आए दिन घर वालों से लड़ाई झगड़ा व गाली गलौज करती है। पूरे परिवार को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजवाए जाने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। बहू से पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड पत्र भेज कर न्याय और जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है।

डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल और हैंडबॉल वूमेंस लीग का आयोजन 25 को

प्रतियोगिता की तैयारी पर चर्चा करते पदाधिकारी।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। जिला ओलंपिक संघ रायबरेली के तत्वाधान में 25 अप्रैल को खेलो इंडिया डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल वूमेन 'एस लीग एवं डिस्ट्रिक्ट हैंडबॉल वूमेंस लीग का आयोजन मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में किया जागए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमों को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के द्वारा प्रमाण पत्र विजेता और उपविजेता को पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला ने बताया की प्रतिभाग करने वाली सभी टीम अपनी सूची जिसमें प्रतिभागी बालिका का नाम पिता का नाम जन्म तिथि और संस्था अंकित होगी 24 अप्रैल तक हैंडबॉल व वॉलीबॉल बालिका की सूची सीनियर जॉइंट सेक्रेटरी अजय सिंह चंदेल को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा देंगे। हैंडबॉल प्रतियोगिता के चीफ कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार सिंह सचिव जिला हैंडबॉल एसोसिएशन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के चीफ कोऑर्डिनेटर वॉलीबॉल के राष्ट्रीय रेफरी अजय वर्मा होंगे जो क्वालिफाइड ऑफिशियल के माध्यम से अपनी अपनी प्रतियोगिताएं संपन्न कराएंगे। प्रतियोगिता में किसी प्रकार का कोई एंट्री फीस नहीं ली जाएगी और प्रतियोगिता नॉकआउट सिस्टम के आधार पर संपन्न होगी।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता का सम्मान

सम्मानित हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय व अन्य।

महराजगंज। बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' के सफल आयोजन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान देव संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पंड्या द्वारा प्रदान किया गया। विद्यालय में आयोजित इस परीक्षा में कुल 312 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं—शिवांशी मौर्य, नीतिका, निशांत, आयुष रावत, आयुष पटेल एवं विनायक को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. यज्ञ नाथ ने शिक्षक मनोज कुमार पांडेय व सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

हाईवे पर मिला युवक का शव, हड़कंप

संदीप कुमार की फाइल फोटो।

घटना स्थल पर लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

शिवगढ़ (रायबरेली)

अमृत विचार। बांदा-बहराइच राजमार्ग पर स्थित नरबिला पुल के पास मंगलवार की सुबह एक युवक का खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने एवं खेतों के लिए निकले स्थानीय लोगों की नजर जब सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी तो लोगों में हड़कम्प मच गया। देखते ही देखते कुछ ही देर में घटना स्थल पर ग्रामीणों का मजमा गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 व शिवगढ़ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से शव का शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाद में घटना पर पहुंचे मृतक के परिजनों द्वारा फोटोग्राफ आदि के आधार पर मृतक की पहचान संदीप कुमार गौतम उम्र 20 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामविशाल गौतम निवासी जगदीशपुर, थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली के रूप में की गई। मृतक पिछले कई सालों से दिल्ली में फर्नीचर की दुकान पर नौकरी करता था। परिजनों के मुताबिक करीब 10 दिन पूर्व वह दिल्ली से वापस घर आया था। जो 4-5 दिन से मानसिक उलझन में था। जिसका प्राइवेट इलाज कराने के साथ ही साथ परिजन जिसका इधर-उधर दुआ ताबीज एवं झाड़फूक करा रहे थे। बताते हैं कि सोमवार की शाम करीब छह बजे वह अपने सात वर्षीय छोटे भाई समर उर्फ सत्यजीत को अपनी साइकिल पर बैठाकर घर से निकला था। जिसे गांव में ही एक दुकान पर कोल्ड ड्रिंक की छोटी बोतल दिला दी और उसे वहीं से वापस घर भेज दिया और साइकिल से कहीं चला गया। मंगलवार की सुबह जिसका शव बंदा-बहराइच हाईवे पर स्थित नरबिला पुल के पास पाया गया। युवक की मौत से मां अनीता आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पीसीएस में चयनित शिवानी सिंह का हुआ सम्मान

पीसीएस शिवानी को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

महराजगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू की पूर्व छात्रा शिवानी सिंह का यूपी पीसीएस-2024 में असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी पद पर चयन होने पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने शिवानी की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शिवानी ने अपनी मेहनत और समर्पण से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वह हमारे विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार पर दिया जोर

देवीदास में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद शिक्षक व अन्य। अमृत विचार

छतोह, अमृत विचार। प्राथमिक विद्यालय पूरे देवीदास में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक छात्र को कक्षा स्तर के अनुरूप दक्ष बनाने, नियमित असेसमेंट और रिपोर्ट कार्ड तैयार करने पर बल दिया। शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण, डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग तथा प्रेरणा पोर्टल और यू-डायस प्लस पर डेटा अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, फर्नीचर व स्मार्ट क्लास की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। साथ ही, स्कूल चलो अभियान, ड्रॉपआउट बच्चों के पुनः नामांकन और अभिभावक सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। संकुल की बैठक दौरान संकुल नसीराबाद के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि लोग उपस्थित रहीं।

कोतवाल ने दी चेतावनी | चेतावनी बोर्ड और बैरीकेडिंग कराए बगैर सड़क का ठेकेदार करा रहा निर्माण

सड़क निर्माण में लापरवाही से जा रही जान, जिम्मेदार मौन

सलोन (रायबरेली)

अमृत विचार। सड़क निर्माण ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा लोगों को अपनी जान गंवा कर चुकानी पड़ रही है। हाल यह है कि कहीं पर कार्य कराने का चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगाया गया है ओर ना ही बैरीकेडिंग है। इसके चलते अकसर वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है तो कहीं पर राहगीर की जान जा रही है। सलोन कोतवाल ने नगर और ग्रामीण क्षेत्रो में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुचारू करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। सलोन-परशदेपुर मार्ग पर लगातार हादसे में हो रही मौतों पर कोतवाल ने सड़क निर्माण कम्पनी के ठेकेदार को सख्त चेतावनी दी है।

बात करें तो विगत पांच दिनों के लगभग आधा दर्जन लोगों ने सड़क हादसे में अपनी जान गवाई है। जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गम्भीर रुप से घायल हुए है।अकेले सलोन-परशदेपुर मार्ग पर दो दिनों में बाइक सवार तीन लोगों को सड़क निर्माण में लगे डंपर ने टक्कर मार कर उन्हें मौत की नींद सुलाई है। इसमे आक्रोशित परिजनों के आगे पुलिस को जलालत झेलनी पड़ी थी।

सलोन-परशदेपुर मार्ग निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्लूडी विभाग के हाथों में है। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि सोमवार को पीडब्ल्यूडी अमेठी ने सड़क निर्माण कार्य देख रहे ठेकेदार तेजराम सिंह को भेजा था। इस दौरान कोतवाल ने ठेकेदार को सख्त लहजे में कहा कि निर्माणाधीन सड़क पर जगह-जगह संकेतक लगवाए जाए। इसके अलावा रोड पर बैरियर और जहां-जहां दोनों तरफ गड्ढे किये गए है वहा बोरी रखकर जागरूकता बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ डंपर चालको मार्ग पर दूसरे को बचाकर धीरे चलने की चेतावनी दी गई है।

सलोन-परशदेपुर मार्ग पर अब तक हो चुके हादसे

सलोन-परशदेपुर मार्ग पर 16 अप्रैल को नगर पंचायत परशदेपुर मोहल्ला कजियाना निवासी सब्जी कारोबारी मोहम्मद अयाज को गद्दीपुर के समीप डंपर ने कुचल दिया। 17 अप्रैल को रायबरेली जौनपुर हाइवे उसरी नहर के समीप आवारा मवेशियों से टकराकर बाइक सवार लकी अभिराज शर्मा शाहबाजपुर और अंकित कुमार जमुरवाखुर्द की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि अंकित कुमार और अनिकेत गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। 18 अप्रैल को सलोन-परशदेपुर मार्ग स्थित केशवापुर मार्ग पर डंपर ने बाइक सवार रमेश बहादुर सिंह गोपालापुर और खलील घोषी कजियाना अंसार चौक को रौंद दिया। 19 अप्रैल को सलोन रायबरेली मार्ग उमरी के समीप बाइक और कार की आपस में जोरदार टक्कर से बाइक सवार महिला रेखा की मौत हो गई। जबकि दुर्घटना ने मृतका का पति राजकुमार, बेटी लाडो और काव्या गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

बाइकों की टक्कर में मां और दो बेटे घायल

बछरावां (रायबरेली)। बछरावां क्षेत्र में लखनऊ-रायबरेली राजमार्ग पर टोल टैक्स के पास दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक महिला और उसके दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पहुरावां गांव निवासी 55 वर्षीय राजरानी अपने बेटों करण (17) और राहुल (20) के साथ दवा लेने सुदौली जा रही थीं। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

न्यूज ब्रीफ

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

अमावां (रायबरेली)। मिल एरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को अयोध्या–रायबरेली राजमार्ग पर शारदा नहर स्थित रिंग रोड के पास एक सड़क हादसा हो गया। मिल एरिया थाना क्षेत्र निवासी देशराज सिंह पुत्र जागेश्वर सिंह निवासी पूरे धमसीराय का पुरवा (निकट त्रिपुला पावर हाउस) अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक ट्रक के नीचे फंस गई, जिससे उनका दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

युवक ने की जान देने की कोशिश, भर्ती

संग्रामपुर (अमेठी): थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भावलपुर में पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। समय रहते परिजनों की सतर्कता से उसकी जान बच गई और फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, भावलपुर निवासी 30 वर्षीय सुरजीत पुत्र महाराज दिन ने सोमवार सुबह करीब 9 बजे घर के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। घटना की भनक लगते ही परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने युवक को सांस लेने में दिक्कत बताई, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बाद में मिली जानकारी के अनुसार उसकी हालत अब खतरे से बाहर है।परिजनों ने बताया कि सुरजीत रोजी–रोटी के सिलसिले में बाहर रहता है, जबकि उसका परिवार गांव में ही रहता है। घर की देखभाल बुजुर्ग पिता करते हैं। हाल ही में घर आने पर किसी बात को लेकर पिता–पुत्र में कहासुनी हो गई थी, जिससे आक्रोशित होकर उसने यह कदम उठा लिया।

शाखा प्रबंधक पर धोखाधड़ी और उत्पीड़न का आरोप

जगदीशपुर (अमेठी): भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के ग्राम बूबूपुर निवासी 70 वर्षीय रामकरन पाण्डेय ने बैंक ऑफ बड़ौदा रानीगंज शाखा के प्रबंधक संतोष कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुलतानपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। वादी के अनुसार, उन्होंने बैंक में केसीसी खाता खोलकर 1.10 लाख रुपये का ऋण लिया था, लेकिन शाखा प्रबंधक द्वारा बिना अनुमति खाते से धनराशि निकालने और अनियमित लेनदेन किए जाते रहे। पीड़ित ने बताया कि उनका एक बचत खाता बैंक ऑफ बड़ौदा, जगदीशपुर शाखा में भी था, जिसमें फिक्स डिपॉजिट और उसका ब्याज आता था। आरोप है कि रानीगंज शाखा प्रबंधक ने इस खाते पर भी निकासी की रोक लगा दी और बार–बार पैसे जमा करने का दबाव बनाया। जब पीड़ित पैसे निकालने गया तो उसे अपमानित कर भगा दिया गया और 1 लाख रुपये जमा करने की मांग की गई, अन्यथा जेल भेजने की धमकी दी गई। आरोप है कि उसने कई बार चेक और नकद के माध्यम से धनराशि जमा की, लेकिन पूरी रकम खाते में नहीं चढ़ाई गई। विशेष रूप से 50,000 रुपये नकद लेने के बाद भी उसे जमा नहीं किया गया। इसके अलावा, बिना अनुमति बचत खाते से 41,586 रुपये निकालकर केसीसी खाते में समायोजित कर दिए गए और खाते पर 1.15 लाख रुपये का लियन लगाकर निकासी रोक दी गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि लगातार पैसे जमा करने के बावजूद निकासी की रोक नहीं हटाई गई और बार–बार अतिरिक्त धन की मांग की जाती रही। विरोध करने पर गाली–गलौज, अपमान और जेल भेजने की धमकी दी गई।

शादी में आए युवक का सड़क किनारे मिला शव

पूरे भिखारी सिंह मजरे समसेरियन गांव के पास शव मिलने से सनसनी, पिता ने जताई हत्या की आशंका

मुसाफिरखाना (अमेठी)

शुभम प्रजापति की फाइल फोटो।

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के पूरे भिखारी सिंह मजरे समसेरियन गांव के पास सोमवार देर रात सड़क किनारे एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुल्तानपुर जनपद के धम्मौर थाना क्षेत्र स्थित खौपुर गांव निवासी शुभम प्रजापति (18) के रूप में हुई है। पिता ने बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताई है, जबकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे दुर्घटना का मामला मान रही है।

जानकारी के अनुसार पूरे भिखारी सिंह निवासी सुरेश की पुत्री की सोमवार को शादी थी, जिसमें भादर थाना रामगंज क्षेत्र के बीघापुर से बारात आई थी। सुरेश के यहां खौपुर निवासी शिवनाथ का मौसियाना होने के कारण वह अपने दोनों पुत्र शुभम और शिवम के साथ समारोह में शामिल होने आए थे। मृतक के पिता शिवनाथ ने बताया कि रात करीब 10:50 बजे शुभम कहीं चला गया था। लगभग 11 बजे फोन करने पर उसने बताया कि वह एक दोस्त से मिलने गया है और थोड़ी देर में वापस आ जाएगा। इसके बाद रात करीब 12 बजे दोबारा फोन करने पर मोबाइल बंद मिला। बाद में उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला।

पिता का आरोप है कि शुभम के सिर और पीठ पर चोट के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के सिर और शरीर पर रगड़ के घाव मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

गोमती नदी में मिला लापता बुजुर्ग का शव, मुसाफिरखाना: भद्दौर गांव के पास गोमती नदी में सोमवार देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे स्थानीय चौकीदार ने पुलिस को खबर दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के थौरी निवासी 60 वर्षीय साहब बख्श पुत्र छेदीलाल के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएचओ विवेक कुमार सिंह ने बताया कि साहब बख्श 18 अप्रैल से घर से लापता थे और मानसिक रूप से बीमार बताए जा रहे थे। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है।

बहुमंजिला इमारत से गिरकर युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

जायस (अमेठी) अमृत विचार। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरे कोलई निवासी एक युवक की मुंबई में दर्दनाक हादसे में मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार मयंक पटेल उम्र 24वर्ष पुत्र गुरुदीन पटेल में मुंबई में रहकर ए.सी. मैकेनिक का काम करता था और अपने परिवार का भरण–पोषण करता था। बताया जा रहा है कि घटना के दिन युवक एक बहुमंजिला इमारत में ए.सी. की मरम्मत का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जैसे ही घटना की सूचना गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल।

मयंक पटेल की फाइल फोटो।

सचिव की लापरवाही से महीना बीतने के बाद भी नहीं बना जन्म प्रमाण पत्र

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। विकास खण्ड में सचिव पर लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। सरवनपुर गांव निवासी छात्र अंशुमान त्रिपाठी का जन्म प्रमाण पत्र पिछले एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जारी नहीं किया गया है, जिससे परिजनों में आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार, अंशुमान के पिता ने 14 मार्च 2026 को उपजिलाधिकारी अमेठी कार्यालय में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन किया था। आवेदन के साथ ग्राम प्रधान द्वारा जारी प्रमाण पत्र, हाईस्कूल अंकपत्र, चार गवाहों के हस्ताक्षर व मोबाइल नंबर तथा शपथपत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए गए थे। 15 मार्च को यह प्रकरण एसडीएम कार्यालय से अग्रसारित होकर विकासखंड कार्यालय पहुंच गया।आरोप है कि इसके बाद पंचायत सचिव सुरेश कुमार से जन्म प्रमाण पत्र को बनवाने के लेकर लगभग 17 बार मोबाइल फोन से वार्ता हो चुकी है। इसके बावजूद पंचायत सचिव लगातार बहाने बनाकर मामले को टालते रहे।

पीड़ित पिता का कहना है कि यदि वह "सुविधा शुल्क" दे देते तो प्रमाण पत्र काफी पहले जारी हो चुका होता। उन्होंने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) अमेठी से भी दूरभाष पर शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों ने बताया कि अंशुमान को शैक्षिक कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता । जन्म प्रमाण पत्र समय पर न बनने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।वहीं पीड़ित परिवार ने एसडीएम अमेठी से मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। वहीं, क्षेत्र में इस घटना को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

इस मामले में बीडीओ बृजेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है सचिव से स्पष्टीकरण के साथ जांच भी कराई जाएगी यदि दोषी पाए जाते हैं तो विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी।

प्रेमी की तलाश में दिल्ली से अमेठी पहुंची युवती

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां दिल्ली में साथ काम करने वाले एक युवक पर युवती ने गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का कहना है कि युवक ने शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक उसके साथ संबंध बनाए और अब उसे छोड़कर गांव में दूसरी शादी करने जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, दोनों की मुलाकात दिल्ली के एक शॉपिंग मॉल में काम करने के दौरान हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम संबंध स्थापित हो गया। युवती का आरोप है कि इस दौरान उनके बीच शारीरिक संबंध भी बने, जिससे वह दो बार गर्भवती हुई। हर बार युवक ने उसे गर्भपात की दवा खिलाकर गर्भ गिरवा दिया। युवती ने यह भी बताया कि युवक लगातार शादी का वादा करता रहा और उसे अपने साथ रखता रहा। इतना ही नहीं, उसके आधार कार्ड में पति के नाम के स्थान पर युवक का नाम भी दर्ज कराया गया। आरोप है कि कुछ समय पहले युवक उसे नई दिल्ली में छोड़कर अपने गांव, अमेठी के मोचवा गांव वापस आ गया और अब 2 मई को दूसरी शादी करने की तैयारी में है। जब युवती को इसकी जानकारी मिली, तो वह उसे ढूंढते हुए अमेठी पहुंच गई और तीन दिन तक युवक के घर पर रुकी रही। इसके बाद युवक के परिजनों ने उसे घर से निकाल दिया। न्याय की तलाश में युवती ने अमेठी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची, जहां अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन साथ ही उसे दिल्ली लौटने की सलाह भी दी। फिलहाल युवती अपनी मांग पर अड़ी हुई है। उसका कहना है कि युवक उसके साथ ऐसा करके दूसरी शादी नहीं कर सकता है।

सड़क हादसे में युवक की गई जान

सिंहपुर (अमेठी)

- शादी समारोह में शामिल होने गया था युवक

अमृत विचार। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के पेंडारा गांव निवासी 28 वर्षीय राजेश गौतम पुत्र सुरेन्द्र गौतम की सोमवार देर शाम सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर बाराबंकी जिले के चौबिसी कस्बे में हुई, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के समय राजेश अपने ससुराल धरमूपुर में साली की शादी में शामिल होने गया था। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और राजेश को घायल अवस्था में लेकर सिंहपुर सी एच सी आये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

राजेश गौतम की फाइल फोटो।

राजेश गौतम अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे और परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र सहारा थे। उनके परिवार में माता पिता व पत्नी और दो छोटे बच्चे एक पुत्र और एक पुत्री हैं। इसके अलावा उनकी तीन बहनें हैं, जिनमें एक की शादी हो चुकी है, जबकि दो बहनों की शादी अभी बाकी है। राजेश की असमय मौत से परिवार पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

पुलिस ने शव भेजा पोस्टमार्टम, आरोपी हिरासत में: घटना की सूचना पर शिवरतनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के समय ही हैदरगढ़ बाराबंकी पुलिस ने दूसरे बाइक सवार आरोपी को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को पैतृक गांव पेंडारा में राजेश का अंतिम संस्कार कर दिया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस घटना को अपूर्णीय क्षति बताते हुए शोक व्यक्त किया है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

मौत से माता व पत्नी हुए बेहाल: माता रामावती व पत्नी लक्ष्मी का रो रोकर बुरा हाल है और बताते बताते बेहोश हो जा रही हैं वहीं एक पुत्र लक्ष्य 4 वर्ष व पुत्री लक्षिता 2 वर्ष अपने पिता के न रहने से अनजान हैं वहीं दो भेंनें रिंकी व पिंकी अपने सर से भाई का साया उठने से दहाडें मारकर रो रही हैं।

इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष शिवरतनगंज डी एस मिश्रा ने बताया की अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।

बिना फार्मर रजिस्ट्रेशन भी बिकेगा गेहूं किसानों को राहत: प्रज्ञा मिश्रा

अमेठी, अमृत विचार। गेहूं बेचने को लेकर परेशान किसानों के लिए राहत की खबर है। अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्रेशन के भी सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना गेहूं बेच सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जिले में भी इसे लागू कर दिया गया है। डीपीआरमो प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि पहले गेहूं बेचने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी गई थी, जिससे काफी किसान परेशान हो रहे थे। आधार और खतौनी में नाम की स्पेलिंग गलत होने के चलते सैकड़ों किसानों की आईडी नहीं बन पा रही थी और उन्हें बार–बार चक्कर लगाना पड़ रहा था। अब जिलाधिकारी के निर्देश पर क्रय केंद्र प्रभारियों को साफ कहा गया है कि कोई भी किसान अगर बिना फार्मर आईडी के गेहूं बेचने आए तो उसे वापस न किया जाए। ऐसे किसानों का गेहूं खरीदा जाए और साथ ही उनकी आईडी बनवाने की प्रक्रिया भी कराई जाए। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि किसानों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की गई है। जो किसान बिना फार्मर रजिस्ट्रेशन के आ रहे हैं, उनका भी गेहूं खरीदा जाएगा और मौके पर ही नोडल अधिकारी के जरिए उनकी आईडी बनवाई जाएगी।


प्रज्ञा मिश्रा, डीपीआरमो।

पेंशनरों ने आठवें वेतन आयोग में शामिल करने सहित 10 मांगें रखीं

अमेठी, अमृत विचार। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने 21 अप्रैल, 2026 को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इसमें आठवें वेतन आयोग से पहले के पेंशनरों की पेंशन के पुनरीक्षण सहित अन्य लाभों की मांग की गई। संगठन ने अखिल भारतीय राज्य सरकार पेंशनर महासंघ के आह्वान पर धरना प्रदर्शन भी किया। पेंशनरों में असंतोष है, उन्हें आठवें वेतन आयोग में नहीं रखा गया। संगठन ने इस संबंध में कई पत्र भेजे और कार्यक्रम आयोजित किए। लेकिन समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है। आज के कार्यक्रम में 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रस्ताव पारित हुआ। 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पांच फीसदी पेंशन वृद्धि की मांग है। पेंशन को आयकर से मुक्त रखा जाए और कोरोना काल के 18 महीने के महंगाई भत्ता/महंगाई राहत का भुगतान हो। वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में 50 फीसदी छूट मिले। आयुष्मान भारत में नकद रहित उपचार की सीमा 10 लाख रुपये हो। महंगाई भत्ता 50 फीसदी से अधिक होने पर उसे मूल वेतन में विलय हो।

पूजा साहू ने संभाला सीडीओ अमेठी का कार्यभार संभाला

अमेठी, अमृत विचार। पूजा साहू ने मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी का कार्यभार विधिवत ग्रहण किया। उन्होंने जनपद में संचालित विकासपरक एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रभावी तथा समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उनका मुख्य जोर जनहित से जुड़ी योजनाओं को गति देने पर है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पूजा साहू ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उनका उद्देश्य जनपद के समग्र विकास को गति देना है। उन्होंने लाभार्थीपरक योजनाओं को भी प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों से जनहित में कार्य करने की पूजा साहू वर्ष 2022 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं। इससे पहले वह संयुक्त मजिस्ट्रेट, चित्रकूट के पद पर कार्यरत रही हैं। अपने पूर्व दायित्वों के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों का कुशल संचालन किया। उन्होंने जनहित से जुड़े विषयों के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पूजा साहू, सीडीओ।

सवेरा मार्ट रहता है बंद, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की उड़ रहीं धज्जियां

कमरौली (अमेठी)

अमृत विचार। सरकार लाखों खर्च फिर भी जमीनी हकीकत कुछ अलग ही बयां कर रही है आपको बताते चले कि औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के रोड नंबर-1 पर बना सवेरा मार्ट राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के दावों की परतें उधेड़ता नजर आ रहा है।

लापरवाही का आलम यह है कि करीब एक साल पहले रंगरोगन कर चमकाया गया यह केंद्र आज तक एक दिन भी नहीं खुला। सवाल सीधा है क्या अमेठी में सशक्तिकरण सिर्फ दीवारों की पेंटिंग तक सीमित है।हैरानी की बात यह है कि यह मार्ट ऐसे इलाके में खड़ा है, जहां ग्राहक ढूंढ़ने नहीं पड़ते, बल्कि खुद चलकर आते हैं। आसपास यूपीसीडा, भेल और इंडोरामा की बड़ी आवासीय कॉलोनियां, रोड नंबर-1 की व्यस्त मार्केट, सैकड़ों कारखाने और दर्जनों अस्पताल, स्कूल व प्रशिक्षण केंद्र मौजूद हैं। यानी मांग भी है, भीड़ भी है, बाजार भी है—फिर भी दुकान बंद है। यह नाकामी नहीं तो और क्या है। सवेरा मार्ट को स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं को रोजगार, आय और बाजार से जोड़ने के मॉडल के रूप में पेश किया गया था। यहां राशन, घरेलू सामान और समूहों के उत्पाद बिकने थे, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। लेकिन हकीकत में यह मॉडल ताले में कैद है। बाहर दीवारों पर सशक्तिकरण के नारे चमक रहे हैं, अंदर शून्य गतिविधि यह विरोधाभास खुद सिस्टम पर सवाल है।और चौंकाने वाला तथ्य यह कि विकास खंड जगदीशपुर में 1500 से अधिक स्वयं सहायता समूह सक्रिय बताए जाते हैं। इतने बड़े नेटवर्क के बावजूद सबसे उपयुक्त लोकेशन पर बना यह मार्ट शुरू न होना सीधे-सीधे निगरानी की नाकामी, जिम्मेदारों की उदासीनता और योजनाओं के खोखले को उजागर करता है।

बंद पड़ा सवेरा मार्ट। अमृत विचार

लापरवाही

मनरेगा कर्मियों की कलमबंद हड़ताल शुरू

बीडीओ को ज्ञापन सौंपते मनरेगा कर्मचारी। अमृत विचार

संग्रामपुर (अमेठी)

अमृत विचार। विकासखंड संग्रामपुर मुख्यालय पर मंगलवार को मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले रोजगार सेवकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी। ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए खंड विकास अधिकारी आकांक्षा सिंह को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले करीब 20 वर्षों से लगातार सेवा दे रहे हैं, इसके बावजूद उनका नियमितीकरण नहीं किया गया है।साथ ही 4 अक्टूबर 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मनरेगा कर्मियों के हित में की गई घोषणाएं अब तक लागू नहीं की गई हैं।कर्मचारियों ने मानदेय के भुगतान में हो रही देरी, ईपीएफ में कटौती और अन्य समस्याओं के स्थायी समाधान की भी मांग उठाई। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि यह सांकेतिक कलमबंद हड़ताल है, जो 25 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगी।हड़ताल में मनरेगा विभाग से जुड़े रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

तीन बच्चों की मां का लटकता मिला शव

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: कूरेभार थाना क्षेत्र के ममरखा गांव में एक 45 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका की पहचान राम पेयरे वर्मा की पत्नी छोटका के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोमवार देर रात करीब 10 बजे वह घर के कच्चे हिस्से में गईं, जहां बांस की बल्ली के सहारे साड़ी से फंदा बनाकर उन्होंने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने जब उनका शव फंदे से लटकता देखा तो चीख–पुकार मच गई। सूचना पर थाना प्रभारी संदीप त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। परिजनों से पूछताछ जारी है ताकि घटना के पीछे के कारण स्पष्ट हो सकें। मृतका अपने पीछे तीन अविवाहित पुत्र लवकुश, लवकेश और राजू को छोड़ गई हैं। मां की असमय मौत से बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।

कल्यानपुर गोलीकांड में रितिक की जमानत मंजूर

सुलतानपुर, अमृत विचार: कल्यानपुर गोलीकांड मामले में अखंड नगर थाने में दर्ज जानलेवा हमला समेत अन्य आरोपों में आजमगढ़ जिले के थानाक्षेत्र जहानागंज के मिन्टूपुर निवासी जेल में निरुद्ध आरोपित रितिक राय की जमानत सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा की दलीलों को सुनने के बाद राहत देते हुए मंजूर कर ली है। वादी जिलाजीत यादव ने बीती 15 मार्च को कल्यानपुर गांव में जानलेवा हमला व फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

निर्देश जारी

जनपद में प्रत्येक पाली में कुल 3504 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे

जिले के 10 केंद्रों पर होगी होमगार्ड इनरोलमेंट परीक्षा

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उप्र पुलिस में होमगाड्र्स के पदों पर इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा 25, 26 व 27 अप्रैल 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पाली में प्रथम पाली समय प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक व द्वितीय पाली समय अपरान्ह तीन बजे से शाम पांच बजे तक जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। जनपद में प्रत्येक पाली में कुल 3504 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। प्रश्नगत परीक्षा के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं परीक्षा को शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। परीक्षा केन्द्र पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केन्द्रों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ससमय अवश्य कर लेंगे और परीक्षा दिवस पर परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व कम से कम तन घंटा पहले अनिवार्य रूप से पहुंच जायेगें। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम इत्यादि का निरीक्षण करेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला समन्वयक परीक्षा संचालन डॉ श्रीकांत उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह आदि उपस्थित रहें।

होमगार्ड इनरोलमेंट परीक्षा को लेकर दिशा–निर्देश देतीं जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार। अमृत विचार

टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित

रायबरेली। जिला क्षय रोग विभाग की अगुवाई में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक ने 'निक्षय मित्र' बनकर टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। साथ ही जनभागीदारी को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपियन पद्मश्री सुधा सिंह ने कहा कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूर्णतः उपचार योग्य बीमारी है। समय पर जांच, नियमित दवा और उचित पोषण से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बृजभानु सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह, डॉ. संजीव जायसवाल, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. मनीष सिंह चौहान रहे।

कभी-कभी क्लास बंक करके दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करना बेहतर होता है, क्योंकि अब जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो नंबर मुझे हंसाते नहीं, बल्कि यादें हंसाती हैं।

एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व राष्ट्रपति

रणनीतिक साझेदारी

भारत-दक्षिण कोरिया के बीच हुए हालिया समझौते केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी का नया अध्याय है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और वैश्विक व्यापार में उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच होर्मुज संकट, आपूर्ति श्रृंखला के टूटने और वैश्विक ध्रुवीकरण के इस दौर में भारत और दक्षिण कोरिया द्वारा द्विपक्षीय सहयोग के तहत 25 अहम समझौते करना तथा 2030 तक आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य इसके एक रणनीतिक उत्तर के रूप में देखा जाना चाहिए। ये समझौते बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के संकेत हैं।

समझौतों का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि सहयोग का विस्तार पारंपरिक व्यापार से आगे बढ़कर रणनीतिक और उच्च तकनीकी क्षेत्रों तक है। सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, शिपबिल्डिंग, रक्षा उत्पादन और महत्वपूर्ण खनिज इसके कुछ उदाहरण हैं। 'चिप से शिप' तक का यह विस्तार भारत की उस नीति के अनुरूप है, जिसमें वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक विश्वसनीय विकल्प बनना चाहता है। दक्षिण कोरिया की उन्नत तकनीक और भारत के विशाल बाजार और श्रमबल का संयोजन इस साझेदारी को स्वाभाविक मजबूती देता है। शिपबिल्डिंग में सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। दक्षिण कोरिया इस क्षेत्र का वैश्विक नेता है और भारत अपनी समुद्री क्षमता बढ़ाने के प्रयास में है। दक्षिण भारत में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड शिपयार्ड और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल औद्योगिक विकास को गति देंगे, बल्कि भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सामरिक बढ़त भी दिला सकते हैं। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त उत्पादन और टेक्नोलॉजी साझेदारी भारत की 'आत्मनिर्भर रक्षा' नीति को गति दे सकती है। वहीं सेमीकंडक्टर और डिजिटल ब्रिज जैसे समझौते भारत की तकनीकी संप्रभुता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम हैं। यह विशेष महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि वैश्विक चिप आपूर्ति पर अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा का गहरा प्रभाव है। इन समझौतों के कई सकारात्मक पहलू हैं, पर कुछ सवाल भी। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापार असंतुलित है, भारत का आयात अधिक है, निर्यात कम। यदि इस असंतुलन को ठीक नहीं किया गया तो यह साझेदारी एकतरफा लाभ की ओर झुक जाएगी। भारत में 700 से कम कोरियाई कंपनियां सक्रिय हैं, जो बहुत कम है। छोटे और मझोले कोरियाई उद्यमों के लिए औद्योगिक टाउनशिप की योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए हमें अपने नियामक ढांचे, भूमि अधिग्रहण और निवेश का वास्तविक प्रवाह तथा श्रम सुधारों में खासी तेजी लानी होगी।

आखिरी बात यह कि पश्चिम एशिया के संघर्ष के चलते यदि समुद्री मार्ग बाधित होते हैं और ऊर्जा कीमतें बढ़ती हैं, तो निवेश और उत्पादन लागत दोनों प्रभावित होंगे। इन सबके बावजूद समझौतों का व्यापक प्रभाव सकारात्मक है। यह भारत को दुनिया में चीन-निर्भर आपूर्ति श्रृंखलाओं के विकल्प के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा। साथ ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक स्थिर और नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देगा, जो दोनों देशों के साझा हित में है।

प्रसंगवश

स्वच्छ भारत मिशन ने बदली गांवों की तस्वीर

स्वच्छता किसी भी समाज की बुनियादी पहचान होती है। यह केवल स्वास्थ्य से नहीं, बल्कि सामाजिक विकास और सम्मान से भी जुड़ी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का स्तर किसी जिले के समग्र विकास का आईना होता है। अधिकांश ग्रामीण इलाकों में खुले में शौच एक आम समस्या थी। गांवों की गलियों और खेतों के आसपास गंदगी फैली रहती थी, जिससे मलेरिया, डायरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता था, लेकिन वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन लागू होने के बाद से इस स्थिति में धीरे-धीरे बदलाव देखने को मिला है।

स्वच्छ भारत मिशन ने ग्रामीण क्षेत्र में अहम किरदार अदा किया है, जिसके तहत सरकार द्वारा प्रत्येक पात्र परिवार को शौचालय निर्माण के लिए 12,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इस राशि में केंद्र और राज्य सरकार का संयुक्त योगदान होता है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार का होता है। यह सहायता राशि ने गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों को अपने घर में शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित किया। दूसरी ओर अब गांवों की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर पहले की तुलना में कम गंदगी दिखाई देती है। लोग घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित हुए हैं।

रागिनी कुमारी
एक्टिविस्ट

केंद्र और राज्य सरकार ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कई अन्य योजनाएं भी लागू की हैं। स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में अब केवल शौचालय निर्माण ही नहीं, बल्कि ठोस और तरल कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके तहत गांवों में कचरा संग्रहण केंद्र, कम्पोस्ट गड्ढे और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। छोटे गांवों के लिए प्रति व्यक्ति लगभग 60 रुपये तक ठोस कचरा प्रबंधन और 280 रुपये तक गंदे पानी के प्रबंधन के लिए सहायता दी जाती है। इससे गांवों में स्वच्छता बनाए रखने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो रही है।

वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में भी स्वच्छता को एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है। इस बजट में स्वच्छ भारत मिशन के लिए कुल लगभग 9,692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम के लिए 7,192 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए यह राशि महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

गांव के विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण होने से बच्चों, विशेषकर लड़कियों की उपस्थिति में भी सुधार हुआ है। इससे न केवल स्वच्छता बढ़ी है, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके बावजूद चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। कई बार शौचालय बनने के बाद भी उसका नियमित उपयोग नहीं किया जाता या उसकी साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता।

इसी प्रकार कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए पर्याप्त संसाधनों और तकनीकी ज्ञान की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी और पुराने व्यवहार भी इस दिशा में बाधा बनते हैं, इसलिए केवल सरकारी योजनाएं ही नहीं, बल्कि सामुदायिक सहभागिता भी इस अभियान की सफलता के लिए आवश्यक है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं)

नया समझौता भारत-रूस मैत्री का अहम पड़ाव

दिग्विजय सिंह
कानपुर

रूस, भारत का स्वाभाविक मित्र है। जब भी भारत पर किसी भी तरह का संकट आया, रूस ने संकटमोचक की भूमिका अदा की। रूस को अपने पाले में करने के लिए पाकिस्तान ने एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है, लेकिन भारत और रूस के बीच हुए एक अहम समझौते ने न सिर्फ पाकिस्तान को परेशान कर दिया है, बल्कि चीन और अमेरिका जैसे देश भी सकते में हैं। अमेरिका तो कभी नहीं चाहता कि रूस और भारत की दोस्ती बनी रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो इस दोस्ती को खत्म कराने के लिए एक के बाद एक चाल चली, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। भारत की रूस से दोस्ती और गहरी हो गई।

भारत और रूस के बीच हुए अहम समझौते के तहत अब दोनों देश एक-दूसरे के देश में तीन हजार सैनिकों के अतिरिक्त 10 लड़ाकू विमान, पांच युद्धपोत तैनात कर सकेंगे। दशकों पुराने दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच हुआ ये ऐतिहासिक करार से पाकिस्तान के हुक्मरान चिंतित हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस वक्त क्वाड और नाटो की तर्ज पर ही इस्लामिक नाटो का खाका खींचने में लगे हुए हैं। उनके इस प्लान को तुर्किए, मिस्र और सऊदी अरब ने समर्थन दिया है। इससे भारत की चिंता बढ़ी है।

पाकिस्तान के दोगलेपन का तो इतिहास है, उससे यह सभी को पता है कि इस्लामिक नाटो यदि बन भी जाता है, तो बहुत दिन तक टिक नहीं पाएगा, क्योंकि पाकिस्तान स्वार्थी देश है और जहां उसे लगेगा कि इस गठबंधन से उसका आर्थिक नुकसान हो रहा है, तो वह तुरंत बाहर भी आ जाएगा। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच नाटो की तरह ही पिछले वर्ष समझौता हुआ था। इसके तहत इनमें से किसी भी देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा, लेकिन ईरान द्वारा सऊदी अरब पर की गई बमबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना चुप रही। उसने सऊदी अरब की तरफ से ईरान को कोई जवाब नहीं दिया।

भारत और रूस के बीच लॉजिस्टिक्स सपोर्ट के पारस्परिक आदान-प्रदान के इस समझौते से अब पूरी दुनिया को पता लग गया है कि यह दोस्ती अटूट है। उसे न तो ट्रंप टैरिफ रूपी हथियार से तोड़ पाएंगे न ही चीन, रूस पर दबाव बनाकर खत्म करा पाएगा। पाकिस्तानी एक्सपर्ट तो अब यहां तक कहने लगे हैं कि रूस, भारत पर दांव लगाकर बेवकूफी कर रहा है, हालांकि पाकिस्तानी एक्सपर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के कायल नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि भारत बड़ी ही खूबसूरती से अमेरिकी निवेश, रूस के हथियार और चीन के उत्पाद एक साथ चाहता है और इसमें सफल भी हो रहा है।

रूस की चीन के साथ पारंपरिक दोस्ती है। कई मौकों पर चीन ने रूस की मदद भी की है। ऐसे में अब पाकिस्तान को यह लग रहा है कि कहीं चीन और भारत के कड़वाहट भरे दिन दूर न हो जाएं। अगर चीन और भारत की दोस्ती रूस के जरिए और गहरी होती है, तो इसका नुकसान पाकिस्तान को ज्यादा होगा। भारत में इसी साल होने वाली ब्रिक्स देशों की बैठक में चीनी राष्ट्रपति के भी आने की उम्मीद है। गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच कड़वाहट आई थी, लेकिन अब धीरे-धीरे वह खत्म हो रही है। इसमें रूस भी बहुत हद तक दोनों देशों की मदद कर रहा है।

चीन नहीं चाहता था कि रूस और भारत के बीच यह समझौता हो, लेकिन इस समझौते पर उसने किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया भी नहीं दी है, क्योंकि वह भारत से बिगड़ चुके रिश्ते को बहाल करने में लगा हुआ है। इस समझौते से अब भारत, रूस के मुरमांस्क और सेवेरोमोर्स्क में स्थित बड़े बंदरगाहों का उपयोग आसानी से कर सकेगा। यह समझौता सामरिक दृष्टि से भी दोनों देशों के लिए बड़ा मददगार होगा। रूस को हिंद महासागर में भारतीय नौसेना से लॉजिस्टिक्स सहयोग मिलेगा। इससे रूस को ईंधन भरने, मरम्मत, कलपुर्जे और अन्य सहायता मिलने में आसानी होगी।

यह समझौता दोनों देशों को लंबी दूरी के अभियानों में पैसे और समय की बचत करने में मदद भी करेगा।

इंडो-रशियन रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक्स एग्रीमेंट' फरवरी 2025 में हुआ था, जो अब पूरी तरह से लागू हो गया है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और मानवीय सहायता अभियानों में संयुक्त रूप से शामिल होंगी। यह केवल सैन्य तैनाती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें लॉजिस्टिक सहयोग का भी प्रावधान किया गया है। दोनों देश युद्धपोतों को बंदरगाह सेवा, मरम्मत सुविधा, पानी, भोजन और अन्य तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही सैन्य विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल, उड़ान से जुड़ी सूचनाएं, नेविगेशन सिस्टम का उपयोग, पार्किंग और सुरक्षा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगे।

भारत रूस से सर्वाधिक हथियारों की आपूर्ति करता है। अगर इतिहास की बात करें तो रूस हर मौके पर भारत के साथ खड़ा रहा है। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ, तो ब्रिटेन-अमेरिका जैसे देश भारत के विरुद्ध खड़े हो गए थे। उस समय सोवियत संघ (रूस) ही था, जिसने सीना तानकर भारत की मदद का न सिर्फ एलान किया, बल्कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों को स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी ने पाकिस्तान की सैन्य मदद करने की कोशिश की तो वह भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेगा।

यहां तक संयुक्त राष्ट्र संघ में भी रूस ने वीटो करके भारत को राजनयिक सुरक्षा प्रदान की थी। रूस की सक्रियता के कारण ही चीन, पाकिस्तान की मदद नहीं कर पाया था, जबकि पाकिस्तान को उम्मीद थी कि ब्रिटेन, अमेरिका और चीन उसके पक्ष में भारत के विरुद्ध हमले करेंगे। विदेशी मामलों के कुछ जानकार कहते हैं कि भारत और रूस के बीच कई और सामरिक समझौते जल्द होंगे, जो दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करेंगे।

भारत और रूस के बीच हुए अहम समझौते के तहत अब दोनों देश एक-दूसरे के देश में तीन हजार सैनिकों के अतिरिक्त 10 लड़ाकू विमान, पांच युद्धपोत तैनात कर सकेंगे।

आमने सामने

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी यही चाहते हैं कि सिर्फ उनकी पत्नी सांसद बनकर लोकसभा जाएं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश में 272 बहनें लोकसभा पहुंचें और महिलाओं को सही मायने में सशक्त बनाया जाए।

-सम्राट चौधरी
मुख्यमंत्री, बिहार

जघन्य अपराध करने वाले, अपराध से बचने के लिए उम्र बदलने वाले, विचारहीन और सिद्धांतहीन होकर दल बदलने वाले, किसी को छल से हटाने वाले तथा भ्रष्टाचार के शिरोमणि कहलाने वाले व्यक्ति बिहार के मुख्यमंत्री कैसे बन सकते हैं?

-अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा

देश के लिए अहम है फास्ट ब्रीडर रिएक्टर कार्यक्रम



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

इस महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु में कल्पक्कम पहुंचे और 500 मेगाइलेक्ट्रान क्षमता तक बिजली बनाने वाले एक 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' को इनके सामने चालू किया गया। परमाणु संयंत्र ने सफलतापूर्वक 'क्रिटिकैलिटी' हासिल की। भारत पहले से ही यूरेनियम खनिज को एनरिच करके और बाहर से खरीद कर भी 20 परमाणु संयंत्रों को चलाकर बिजली बना रहा है। भारत के इस पहले चरण में परमाणु विद्युत् ऊर्जा उत्पादन के लिए संवृद्ध यूरेनियम-235 का इस्तेमाल होता है। दूसरे चरण के विकास में थोरियम खनिज से विद्युत उत्पादन आता है, जिसके लिए, पहले टेस्ट रिएक्टर बनाया गया और अब पूरी क्षमता का फास्ट ब्रीडर रिएक्टर बना कर चालू किया है, जिसके लिए थोरियम खनिज से प्राप्त प्लूटोनियम का इस्तेमाल हुआ है।

इसे फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में इस्तेमाल होने वाले फ्यूल ग्रेड मटीरियल में बदलने की प्रक्रिया में न्यूट्रॉन एक्टिवेशन, यूरेनियम-233 का विखंडन, ऊर्जा का उपयोग और लगातार ब्रीडिंग वाले चरण शामिल होते हैं। थोरियम-232 एकल/सिंगल न्यूट्रॉन सोख लेता है और थोरियम-233 में बदल जाता है जो टूटकर प्रोटैक्टिनियम-233 बनता है। यह आगे टूटकर यूरेनियम-233 बन जाता है, जिसका विखंडन होता है और इस प्रक्रिया में यह ऊर्जा और अतिरिक्त न्यूट्रॉन पैदा करके कुछ और विखंडन उत्पाद बनता है। विखंडन से मिली ऊर्जा गर्मी में बदल जाती है, जिसका इस्तेमाल फिर बिजली बनाने के लिए किया जाता है। थोरियम को प्रॉसेस करके एक न्यूक्लियर फ्यूल के तौर पर काम में लाया जा सकता है, भले ही वह शुरू में विखंडनीय न हो। रिएक्टर की कोर में ऐसी व्यवस्था की जाती है, जिससे यूरेनियम-233 की लगातार ब्रीडिंग होती है और नियंत्रित तरीके से उसका इस्तेमाल संभव है। थोरियम फ्यूल आधारित रिएक्टर प्रॉसेस्ड और एनरिच्ड और मिक्स्ड ऑक्साइड फ्यूल के इस्तेमाल और कचरा कम करने के मामले में ज्यादा कुशल है।

थोरियम फ्यूल साइकिल को यूरेनियम-आधारित न्यूक्लियर रिएक्टरों के एक व्यवहार्य पूरक विकल्प के तौर पर पहचान मिली है, क्योंकि इसमें न्यूक्लियर सुरक्षा, प्रसार और स्थिरता है। भारत ने इस विकल्प को इसलिए चुना है, क्योंकि हमारे पास केरल के समुद्र तट पर थोरियम का विशाल भंडार है, जो अगले पांच सौ साल तक बिजली की वर्तमान खपत बढ़ने के बाद भी ख़त्म नहीं होने वाला नहीं। संवर्द्धित यूरेनियम सप्लायर देशों पर इससे हमारी निर्भरता कम हो जाएगी। हमारा फास्ट ब्रीडर रिएक्टर सोडियम तरल से ठंडा किया जाता है। थोरियम-आधारित परमाणु ऊर्जा के प्रति चीन का दृष्टिकोण भी पारंपरिक ठोस-ईंधन वाले फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों की तुलना में अलग तरह से डिजाइन किया गया है।

चीन मुख्य रूप से मोल्टन सॉल्ट रिएक्टरों को विकसित करने में अग्रणी है, जो पारंपरिक रिएक्टरों में इस्तेमाल होने वाली ठोस ईंधन छड़ों के बजाय तरल ईंधन का उपयोग करते हैं। भारत ने ऐसा नहीं किया, बल्कि सुरक्षा कारणों की समीक्षा करके प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर के लिए यूरेनियम-प्लूटोनियम मिक्स्ड ऑक्साइड फ्यूल राड्स का इस्तेमाल किया है। थोरियम-232 का इस्तेमाल कोर के चारों ओर एक ठोस ब्लैंकेट सामग्री के तौर पर किया जाता है, ताकि भविष्य में इस्तेमाल के लिए यूरेनियम-233 बनाया जा सके। इस तरह यह तरल ईंधन के इस्तेमाल के बजाय एक ठोस-अवस्था वाली ब्रीडिंग प्रक्रिया बन जाती है।

कलपक्कम में चालू किया गया प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी न्यूक्लियर इंजीनियरिंग उद्यमिता को दर्शाने के अलावा विशाल थोरियम भंडारों का उपयोग करने की दिशा में एक तसल्ली बख्श कदम है। रूस के बाद, भारत ने ही कमर्शियल-स्केल पर फास्ट ब्रीडर रिएक्टर चला कर यह क्षमता हासिल की है। प्रोटोटाइप रिएक्टर में लिक्विड सोडियम कूलेंट का इस्तेमाल करके यूरेनियम-238 को प्लूटोनियम-239 में बदला जाता है। कलपक्कम में स्थापित इस पहले प्रोटोटाइप रिएक्टर का डिजाइन स्थित इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र ने और फेब्रिकेशन इंजीनियरिंग का कार्य भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड ने किया है। इस कार्य में 200 से ज्यादा भारतीय उद्योगों का अहम योगदान रहा है, जिसने साबित किया है कि परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल करने के लिए सभी तरह की प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग में हमें इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर लिया है।

कलपक्कम में प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की 500 मेगा इलेक्ट्रान वोल्टस विद्युत उत्पादन इकाई के लिए मॉक्स-फ्यूल या मिक्स्ड-ऑक्साइड ईंधन इस्तेमाल हुआ है। यह एक ऐसा परमाणु ईंधन है, जिसे प्लूटोनियम ऑक्साइड को यूरेनियम ऑक्साइड के साथ मिलाकर बनाया जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

कलपक्कम में चालू किया गया प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर हमारी न्यूक्लियर इंजीनियरिंग उद्यमिता को दर्शाने का तसल्ली बख्श कदम है।

सोशल फोरम

नेहरू परिवार की यहूदी बहू

इतिहास में कुछ जीवन ऐसे होते हैं जो अपने भीतर की संवेदनशीलता और साहस के कारण याद किए जाते हैं। शोभा नेहरू, जिन्हें परिवार और मित्र 'आंटी फोरी' कहकर पुकारते थे, ऐसी ही एक असाधारण स्त्री थीं। उनका जीवन किसी उपन्यास की तरह कई महाद्वीपों, संस्कृतियों और संकटों से होकर गुजरा और हर मोड़ पर उन्होंने एक नया रूप धारण किया।

राज गोपाल सिंह वर्मा
लेखक

बुडापेस्ट की एक यहूदी लड़की के रूप में जन्मी फोरी ने बचपन में ही हिंसा और भय का चेहरा देखा। उन्होंने बाद में याद किया था कि एक बार ट्रेन से यात्रा करते हुए उन्होंने रास्ते में पेड़ों से लटके लोगों को देखा था। वह दृश्य उनके मन में हमेशा के लिए बस गया। उस समय शायद उन्हें यह आभास नहीं था कि जीवन उन्हें एक ऐसे देश में ले जाएगा, जहां वे केवल एक परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि संकट के समय लोगों की संरक्षक बनेंगी।

लंदन में पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात जवाहर लाल नेहरू के भतीजे बृज कुमार नेहरू से हुई। प्रेम हुआ और फिर विवाह का निर्णय। यह निर्णय आसान नहीं था। उस समय धर्म, जाति और नस्ल के प्रश्न विवाह के रास्ते में बड़ी दीवार की तरह खड़े होते थे। फिर भी उन्होंने जोखिम उठाया और 1935 में लाहौर में हिंदू रीति से विवाह किया। भारत आने पर उन्होंने जीवन का ढंग भी बदल लिया। साड़ी पहनना, हिंदी सीखना और भारतीय परिवार की परंपराओं में घुलना उनके लिए एक आत्मिक परिवर्तन की तरह था।

उनके ससुराल वालों ने उनका नाम शोभा रखा, जिसका अर्थ है चमक या सौंदर्य। इस विवाह को व्यापक रूप से प्रचारित किया गया और इसकी तस्वीरें कई समाचार पत्रों में छपीं। नेहरू परिवार ने फोरी को पूरी तरह स्वीकार किया। जवाहरलाल नेहरू उस समय जेल में थे, जिनसे मिलने फोरी भी गई थीं। बीके नेहरू अपनी आत्मकथा 'नाइस गाइज़ फ़िनिश सेकेंड' में लिखते हैं, 'जवाहर लाल की नजर से ये छिपा नहीं रह सका कि फोरी की आंखों में आंसू थे। अगले दिन उन्होंने फोरी को पत्र लिख कर कहा, अब जब तुम नेहरू परिवार का सदस्य बनने जा रही हो, तुम्हें परिवार के क़ायदे-कानून भी सीख लेने चाहिए। सबसे पहली चीज़ जिस पर तुम्हें ध्यान देना चाहिए, वो ये है कि चाहे जितना बड़ा दुख हो, नेहरू कभी किसी के सामने नहीं रोते।'

-फेसबुक वॉल से

सामयिकी

तेजी से बढ़ा तापमान बदलते मौसम का चेतावनी संकेत

इस वर्ष गर्मी ने अपने तेवर समय से पहले ही दिखाने शुरू कर दिए हैं। अप्रैल के महीने में ही तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह केवल मौसम का सामान्य बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरे पर्यावरणीय संकट की ओर संकेत करता है। यह स्थिति हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम वास्तव में प्रकृति के संतुलन को समझ पा रहे हैं, या फिर हम इन परिवर्तनों को अनदेखा करते हुए उन्हें सामान्य मानने लगे हैं। कभी जो मौसम अपने निर्धारित समय और स्वरूप के अनुसार चलता था, आज वह असंतुलित होता दिखाई दे रहा है। असामान्य गर्मी, अनियमित वर्षा और बढ़ता जल संकट, ये सभी संकेत हैं कि प्रकृति के साथ हमारा संबंध अब संतुलित नहीं रह गया है।

शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की तेज गति ने विकास तो दिया है, लेकिन इसके साथ पर्यावरणीय दबाव भी लगातार बढ़ाया है। शहरों में कंक्रीट का विस्तार, हरियाली की कमी और प्राकृतिक सतहों का नष्ट होना तापमान को और अधिक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बढ़ती गर्मी का प्रभाव केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, जल संसाधनों और कृषि व्यवस्था पर भी गहरा असर डाल रहा है। हीटवेव की घटनाएं अब अधिक सामान्य होती जा रही हैं, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और श्रमिक वर्ग को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय तक तेज गर्मी में काम करने वाले लोगों के लिए यह स्थिति कई बार जानलेवा भी हो सकती है। इसके साथ ही, फसलों पर पड़ने वाला प्रभाव खाद्य सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है।

संध्या अग्रवाल
लेखिका

जल स्रोतों का सूखना और पानी की कमी इस संकट को और गंभीर बना रही है। भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और कई क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। जल संरक्षण के पारंपरिक उपायों की अनदेखी ने इस समस्या को और गहरा कर दिया है। इसके साथ ही, प्रदूषण इस संकट को बढ़ाने वाला एक प्रमुख कारण है। वायु प्रदूषण वातावरण के तापमान को प्रभावित करता है, जबकि जल और भूमि प्रदूषण प्राकृतिक संसाधनों की गुणवत्ता को कम करता है। विशेष रूप से प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।

प्लास्टिक कचरा न केवल जमीन और जल स्रोतों को प्रदूषित करता है, बल्कि इसके कारण पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। ऐसे में आवश्यक है कि हम प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करें और उसके स्थान पर इको-फ्रेंडली विकल्पों को अपनाएं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि हम इन परिवर्तनों को धीरे-धीरे सामान्य मानने लगे हैं। एयर कंडीशनर और कूलर के सहारे हम अस्थायी राहत तो पा लेते हैं, लेकिन यह समाधान नहीं, बल्कि समस्या को और बढ़ाने का एक कारण भी बनता है।

ऊर्जा की बढ़ती खपत और उससे जुड़ा प्रदूषण इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। यह समय केवल चिंता करने का नहीं, बल्कि अपनी जिम्मेदारी को समझने और उसे निभाने का है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक का सीमित उपयोग और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली— ये छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तन की दिशा तय कर सकते हैं। इसके साथ ही, नीति स्तर पर भी ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाने की आवश्यकता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

आदिवासी कला का पुनरुत्थान

भारतीय आदिवासी कला के इतिहास में सन् 1980 का दशक सदैव याद किया जाएगा, क्योंकि इस समय मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भवन की स्थापना हुई और भारतीय आदिवासी कला का तो जैसे पुनरुत्थान काल आरंभ हुआ। उस समय तक लोग आदिवासी चित्रकला के नाम पर महाराष्ट्र के वारली, मध्य प्रदेश के भील, गुजरात के राठवा और ओडिशा के सौरा आदिवासियों के चित्र ही जानते थे। इनमें भी वारली आदिवासियों के चित्र प्रसिद्धि के शिखर पर थे।

मुश्ताक खान
लेखक, नई दिल्ली

कलाकारों की खोज का अभियान

भारत भवन की स्थापना के साथ ही प्रसिद्ध चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के विभिन्न आदिवासी समुदायों की कला परंपराओं और प्रतिभाशाली कलाकारों की खोज का एक सुविचारित अभियान आरंभ हुआ। इसका केंद्रबिंदु आदिवासी मानस की सृजन क्षमता की पहचान, परख और उसे पल्लवित होने के अवसर प्रदान करना था। परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश की परधान, गोंड, बैगा , मुरिया, भील, भिलाला, कोरवा, नगेसिया, बादी, कोरकू , भारिया, ओरांव जैसे अनेक आदिवासी समुदायों के कलाकार सामने आए। इनके साथ ही अनेक पिछड़े समुदायों के लोक कलाकारों को भी पहचान मिली। इस आभियान का फोकस समुदाय से अधिक व्यक्तिगत सृजनशीलता और संभावनाओं पर था। अत : किसी कलाकार के व्यक्तिगत सृजन को भी उसकी समूचि समुदायिक कला चेतना की अभिव्यक्ति का परिणाम मान लिया गया। यह स्थिति प्रधान–गोंड चित्रकार जनगढ़ सिंह श्याम के साथ रही और यही स्थिति बस्तर के मुरिया चित्रकार बेलगूर तथा झाबुआ की भील चित्रकार भूरी बाई और लड़ो बाई के साथ रही। उनकी व्यक्तिगत चित्रकारी क्षमताएं ही उनके समुदाय की प्रतिनिधि चित्रकला समझी जाने लगीं। यहां यह बता दूं कि मैं व्यक्तिगत तौर पर भारत भवन, भोपाल के इस अभियान का अंग रहा हूं और यह सब कुछ मेरी आंखों के सामने हो रहा था।

बैगा जनजाति में विकसित होती कला

भोपाल में स्वामीनाथन के प्रयोगों की सफलता से प्रेरित और उत्साहित होकर अन्य स्थानों पर अन्य अनेक कलाकारों एवं कला संस्थाओं ने इसी प्रकार के प्रयोग करना आरंभ किए। कुछ प्रयोग सफल भी हुए और कुछ आगे नहीं बढ़ सके। सन् 1985 के दौरान गुजरात के अहमदाबाद में ख्यातिप्राप्त चित्रकार हाकु भाई शाह ने गणेश जोगी और

उनकी पत्नी तेजल बेन के साथ ऐसा ही प्रयोग आरंभ किया और उनसे चित्र बनवाना आरंभ किया। गणेश जोगी मूलतः राजस्थान की घुमक्कड़ जोगी समुदाय से थे, जो गांव-गांव घूमकर भजन और लोक कथाएं गाते हैं। उस समय राजस्थान में सूखा पड़ा था और गणेश का परिवार मजदूरी की तलाश में अहमदाबाद आया था। वे और उनकी पत्नी सड़क किनारे गड्ढे खोदने का काम कर रहे थे, जहां से हाकु शाह उन्हें लाए थे। हाकु शाह का प्रयोग सफल रहा गणेश और तेजल दोनों ही प्रतिभा संपन्न निकले और उन्होंने लोक चित्रकला की एक नई जोगी चित्रशैली को जन्म दिया। बाद में भारत सरकार ने गणेश जोगी को जोगी चित्रकला में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्तमान में उनके कुटुंब के लगभग 15-20 सदस्य चित्रकारी कर रहे हैं और जोगी लोकचित्र, कला जगत में अपनी पहचान बना चुकी हैं। ऐसा ही एक अन्य प्रयोग आशीष स्वामी नाम के एक युवा चित्रकार ने मध्य प्रदेश के उमरिया क्षेत्र के बैगा आदिवासियों के गांव में आरंभ किया। आशीष भोपाल के भारत भवन से भी जुड़ा हुआ था और स्वामीनाथन जी से बहुत प्रभावित था। वह अपने व्यक्तिगत प्रयासों से बैगा आदिवासियों के लोढ़ा गांव में रहकर उन्हें कलाकर्म के लिए प्रेरित करने लगा। बैगा लोगों की अपनी पारंपरिक भित्ति अलंकरण और मिट्टी के काम तथा लकड़ी के मुखौटे बनाने की एक सीमित परंपरा थी। आशीष ने उन्हें कागज और रंग-ब्रश देकर चित्र बनाने के लिए उत्साहित किया। अंततः एक साठ वर्षीय बैगा महिला जुधैया बाई ने उसकी पहल को स्वीकार किया और अपनी व्यक्तिगत कला प्रतिभा के बल पर कुछ ही वर्षों में वे एक सफल बैगा चित्रकार के रूप में स्थापित हो गईं। जुधैया बाई को भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया और एक नई बैगा चित्रकला विश्व में विख्यात हो गई। वर्तमान में यह कला आसपास के कुछ गांवों के अनेक बैगा स्त्री-पुरुष कर रहे हैं।

तेलंगना सरकार खरीदती है चित्र

राजस्थानी भील मांडना चित्रों का व्यवसायीकरण भी आरंभ किया गया था। सन् 1984 में जब उदयपुर के जनजातीय अनुसंधान संस्थान के सांस्कृतिक अधिकारियों को इस क्षेत्र में भेजा गया, तो उन्होंने गोमा परगी और फूला परगी नामक दो युवा भील कलाकारों को अपने पारंपरिक भित्तिचित्र मांडनो को कागज और कैनवास पर चित्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया था। उन दोनों चित्रकारों ने इन सामग्रियों का उपयोग करते हुए चित्रकारी की परंपरा को आगे बढ़ाया। परंतु इन चित्रकारों को आशातीत सफलता नहीं मिल सकी। संभवतः यह चित्रकार उतने प्रतिभशाली नहीं थे कि पारंपरिक चित्रों को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकें।

वर्तमान में लगभग दस-पंद्रह भील चित्रकार इससे अपनी आजीविका कमा रहे हैं। इस समय यशपाल बरंडा प्रसिद्ध राजस्थानी भील चित्रकार हैं, वे उदयपुर जिले की नयागांव तहसील के कनबई गांव के रहने वाले हैं। बाद में दक्षिण भारत में भी इस प्रकार के प्रयास हुए। सन् 2016 में तेलंगाना के भद्राचलम स्थित इंटीग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी ने हैदराबाद स्थित नेहरू सेंटिनरी म्यूजियम के साथ मिलकर, कोया आदिवासियों के लिए जनजातीय चित्रकारी का एक ट्रेनिंग कार्यक्रम चलाया, जिसके अंतर्गत बीस कोया आदिवासी युवक-युवतियों को चित्रकारी की ट्रेनिंग दी गई। एक सप्ताह की इस ट्रेनिंग को वर्ष में तीन बार आयोजित किया गया। इसके परिणामस्वरूप कोया आदिवासी चित्रकला का उदय हुआ। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के मुखिया नेहरु सेंटिनरी म्यूजियम के क्यूरेटर डॉ. सत्यनारायण थे तथा चित्रकारी सिखाने के लिए

कला महाविद्यालय के शिक्षकों को लाया गया था। उन्होंने निश्चित किया कि चित्र केवल गेरू मिट्टी के लाल और सफेद मिट्टी के रंग से बनाए जाएंगे, जिनका प्रयोग कोया आदिवासी पहले से अपने घर पोतने के लिए करते रहे हैं। चित्रों के विषय भी कोया दैनिक जीवन की गतिविधियों से लिए गए। इनमें गौर सींघ नृत्य तथा सर पर लकड़ी का गट्ठर ले जाती महिला प्रमुख हैं। इस कार्यक्रम को स्वरोजगार योजना से भी जोड़ा गया है। अतः इन प्रशिक्षित चित्रकारों के बनाए चित्र प्रतिमाह राज्य सरकार खरीद लेती है। वर्तमान में कुछ कोया आदिवासी चित्रकार सक्रिय हैं।

भारतीय कला के उन्नयन में योगदान

दक्षिण भारत में अनेक आदिवासी समुदाय निवास करते हैं, लेकिन उनकी चित्रकला के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। सन् 2022 में तमिलनाडु के नीलगिरी क्षेत्र में रहने वाले कुरुंबा आदिवासियों द्वारा पूजा अनुष्ठानों के लिए बनाए जाने वाले भित्तिचित्रों के बारे में चेन्नई की एक संस्था सी.पी. रामास्वामी अय्यर फाउंडेशन को पता लगा और उन्होंने कुछ कुरुंबा चित्रकारों को कागज पर इन चित्रों को बनाने के लिए प्रेरित किया। इसका परिणाम बहुत उत्साहजनक रहा। बाला सुब्रमण्यन और कृष्णन नामक दो कुरुंबा आदिवासी चित्रकारों का आदिवासी कला जगत में उदय हुआ। चेन्नई स्थित दक्षिण चित्र संग्रहालय ने इन कुरुंबा चित्रकारों को अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित किया और इस प्रकार दक्षिण भारत की पहली आदिवासी चित्रकला से कला प्रेमियों का परिचय हुआ। इस प्रकार सन् 1982 में कला चिंतक और चित्रकार जगदीश स्वामीनाथन द्वारा भारत भवन, भोपाल के माध्यम से आरंभ किए गए, आदिवासी कला की विभिन्न परंपराओं के पुनरुत्थान के अभियान के परिणामस्वरूप भारत के अनेक आदिवासी समुदायों के चित्रकार प्रकाश में आ सके और वे अब भारतीय कला के उन्नयन में अपना योगदान दे रहे हैं।

लोकायन

परंपरा, वीरता और उत्सव की जीवंत अभिव्यक्ति

नागालैंड के लोक नृत्य वहां की सांस्कृतिक पहचान का जीवंत और आकर्षक रूप हैं। ये नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक परंपराओं, धार्मिक आस्थाओं और सामूहिक जीवन की अभिव्यक्ति भी हैं। आमतौर पर ये नृत्य त्योहारों, धार्मिक अनुष्ठानों और विशेष अवसरों पर समूहों में प्रस्तुत किए जाते हैं। नागा समाज में पुरुषों का युद्ध नृत्य विशेष रूप से प्रसिद्ध है, जो साहस, शक्ति और वीरता का प्रतीक माना जाता है। इस नृत्य की शैली में मार्शल आर्ट जैसी ऊर्जा और एथलेटिक गति देखने को मिलती है, जिसमें नर्तक युद्ध–घोष और गीतों के साथ प्रदर्शन करते हैं।

नागालैंड की विभिन्न जनजातियों के अपने-अपने पारंपरिक नृत्य हैं, जिनमें कुछ समानताएं भी देखने को मिलती हैं। अधिकतर नृत्यों में शरीर को सीधा रखते हुए पैरों की लयबद्ध गतिविधि प्रमुख होती है। फसल कटाई के समय किए जाने वाले नृत्य विशेष रूप से उल्लासपूर्ण होते हैं, जिनमें समुदाय के लोग मिलकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं।

जेलियांग जनजाति का नृत्य इस दृष्टि से विशिष्ट है कि इसमें महिलाएं भी पुरुषों के साथ सक्रिय भागीदारी करती हैं। नृत्य की शुरुआत में प्रतिभागी धीमी गति से मंच पर प्रवेश करते हैं और फिर वृत्त या अन्य आकृतियां बनाते हुए लय में बंध जाते हैं। इसके बाद पैर पटकते हुए तालमेल के साथ नृत्य शुरू होता है। समूह में गाए जाने वाले शब्द, तालियां और सामूहिक स्वर इस नृत्य को एकजुटता और उत्साह से भर देते हैं। कई बार नर्तक काल्पनिक शत्रु पर आक्रमण का दृश्य प्रस्तुत करते हैं, जिसमें हाथों में लिए गए हथियारों को लयबद्ध ढंग से घुमाया जाता है। जेमी जनजाति के नृत्य भी अपनी विविधता के लिए प्रसिद्ध हैं। इन नृत्यों के नाम अक्सर पक्षियों, जानवरों या कीड़ों की चाल-ढाल से प्रेरित होते हैं, जैसे मुर्गा नृत्य या क्रिकेट नृत्य। कुछ नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किए जाते हैं और इनमें गीत-संगीत का साथ होता है, जिसमें झांझ जैसी वाद्य ध्वनियां भी शामिल होती हैं। नागालैंड के विभिन्न उत्सवों, विशेषकर फसल और सांस्कृतिक पर्वों के दौरान, ये नृत्य पूरे उत्साह के साथ प्रस्तुत किए जाते हैं। पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण और सामूहिक भागीदारी इन प्रस्तुतियों को और भी आकर्षक बनाते हैं। इस प्रकार, नागालैंड के लोक नृत्य वहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जीवन की गहराई को दर्शाते हैं।

अनोखी परंपरा

प्रकृति और परंपरा का संगम मेंढकों की शादी

भारत की विविध लोक परंपराओं में कई ऐसे अनोखे रीति-रिवाज देखने को मिलते हैं, जो पहली नजर में आश्चर्यचकित कर देते हैं, लेकिन उनके पीछे गहरी आस्था और प्रकृति से जुड़ा सांस्कृतिक संबंध होता है। पेड़ों की शादी की परंपरा के बारे में तो आपने सुना ही होगा, लेकिन मेंढक और मेंढकी की शादी भी भारत के कुछ हिस्सों में विशेष महत्व रखती है। विशेष रूप से असम के जोरहाट जिले और अन्य पूर्वोत्तर क्षेत्रों के गांवों में यह परंपरा प्रचलित है। यहां के लोगों का मानना है कि जब लंबे समय तक वर्षा नहीं होती और सूखे जैसी स्थिति बन जाती है, तब मेंढकों की शादी कराने से वर्षा देवता प्रसन्न होते हैं और अच्छी बारिश होती है। यह मान्यता प्राचीन समय से चली आ रही है और आज भी लोग इसे पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाते हैं।

इस अनोखी शादी में सभी पारंपरिक हिंदू विवाह रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। सबसे पहले गांव के लोग एक नर और एक मादा मेंढक को पकड़ते हैं। इसके बाद उन्हें स्नान कराया जाता है और हल्दी लगाई जाती है। फिर छोटे-छोटे कपड़े या फूलों से उन्हें सजाया जाता है। शादी के लिए मंडप बनाया जाता है और बाकायदा एक पुजारी को बुलाया जाता है, जो मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न कराता है। विवाह के दौरान 'बारात' भी निकलती है, जिसमें गांव के लोग गीत गाते और नाचते हुए शामिल होते हैं। इस परंपरा का एक वैज्ञानिक पहलू भी माना जाता है। मेंढक आमतौर पर बारिश के मौसम में अधिक सक्रिय होते हैं और उनकी टर्र-टर्र की आवाज वर्षा के आगमन का संकेत मानी जाती है। इसलिए यह विवाह एक प्रतीकात्मक प्रयास भी हो सकता है, जिससे लोग मानसून के प्रति अपनी आशा और विश्वास व्यक्त करते हैं।

केवल असम ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी इस तरह की परंपराएं देखने को मिलती हैं। कहीं-कहीं इसे 'मेंढक विवाह' के रूप में त्योहार की तरह मनाया जाता है, जिसमें पूरे गांव की भागीदारी होती है। हालांकि आधुनिक विज्ञान इन मान्यताओं को अंधविश्वास मान सकता है, लेकिन सामाजिक दृष्टि से यह परंपरा लोगों को एकजुट करती है और संकट के समय सामूहिक आशा और सकारात्मकता का संचार करती है। इस तरह की लोक परंपराएं भारत की सांस्कृतिक विविधता और प्रकृति के साथ उसके गहरे संबंध को दर्शाती हैं।

सिनाई की 5000 वर्ष पुरानी शिलाकृति सत्ता, हिंसा और इतिहास का दृश्य दस्तावेज

सामान्यत : कला और साहित्य को प्रेम, सौंदर्य और शांति के वाहक के रूप में देखा जाता है, किंतु मानव इतिहास का यथार्थ इससे कहीं अधिक जटिल रहा है। विश्व की विभिन्न कला परंपराओं– चाहे वह भारतीय लघुचित्र हों या पाश्चात्य आधुनिक चित्रकला में, युद्ध, विजय और सत्ता–संघर्ष के दृश्य बार–बार उभरते हैं। भारतीय संदर्भ में मुगल और राजपूत शैली के लघुचित्रों में युद्ध और विजय के प्रसंग मिलते हैं, जबकि पशिचम में द्वितीय विश्वयुद्ध से प्रेरित अनेक कलाकृतियां निर्मित हुईं। स्पष्ट है कि विजेताओं की गाथाओं के साथ–साथ उनके दृश्यांकन की परंपरा भी उतनी ही पुरानी है। इसी परिप्रेक्ष्य में मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप से प्राप्त लगभग 5000 वर्ष पुरानी एक शिलाकृति (पेट्रोग्लिफ) ने पुरातत्वविदों का विशेष ध्यान आकर्षित किया है।

सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

जर्मनी के बॉन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वादी खामिला क्षेत्र में शैल-कला के एक सर्वेक्षण के दौरान मिस्र के पुरातत्वविद मुस्तफा नूर एल-दीन और बॉन विश्वविद्यालय के विद्वान लुडविग मोरेन्ज ने इस महत्वपूर्ण खोज को सामने रखा। यह शिलाकृति प्रारंभिक मिस्री राजवंशीय काल से जुड़ी मानी जा रही है और इसमें दक्षिणी सिनाई क्षेत्र पर एक प्रारंभिक फराओ की विजय का दृश्य अंकित है।

इस उत्कीर्णन में एक व्यक्ति को लंगोटी पहने खड़े हुए दर्शाया गया है, जिसके हाथ ऊपर उठे हैं मानो वह विजय या शक्ति का प्रदर्शन कर रहा हो। उसके सामने एक अन्य आकृति घुटनों के बल बैठी है, जिसके हाथ बंधे हुए हैं और उसके सीने में एक तीर धंसा हुआ दिखाई देता है। यह दृश्य केवल एक सामान्य चित्रण नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से हिंसा, दमन और सत्ता-प्रदर्शन का प्रतीक है। यही कारण है कि विद्वानों ने इसे 'क्रूर कथा' के रूप में अभिहित किया है। शैलीगत दृष्टि से यह चित्रण मिस्र के प्रथम राजवंश से जुड़े अन्य स्थलों विशेषतः नूबिया क्षेत्र में स्थित गेबेल शेख सुलेमान पर प्राप्त चित्रों से साम्य रखता है। इससे यह संकेत मिलता है कि उस समय मिस्रवासी अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहे थे और सिनाई जैसे क्षेत्रों पर नियंत्रण स्थापित करना चाहते थे। इस क्षेत्र का महत्व विशेष रूप से वहां उपलब्ध खनिज संसाधनों- जैसे तांबा और फिरोजा के कारण था।

इस शिलाकृति के साथ एक शिलालेख भी प्राप्त हुआ है, जिसका अनुवाद "देवता मिन, तांबे की खान/खनन क्षेत्र के शासक" के रूप में किया गया है। यहां मिन का उल्लेख अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिन प्राचीन मिस्र के ऐसे देवता थे, जिन्हें उर्वरता, प्रजनन, पुरुष शक्ति और यात्रियों के संरक्षक के रूप में पूजा जाता था। इस प्रकार यह शिलालेख न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि इस विजय को दैवीय संरक्षण के अंतर्गत वैध ठहराया गया। विद्वानों के अनुसार, इस प्रकार की शिलाकृतियां केवल कलात्मक अभिव्यक्ति नहीं होतीं, बल्कि वे एक प्रकार की 'राजनीतिक घोषणा' भी होती हैं। इस चट्टान पर उकेरा गया दृश्य संभवतः सिनाई क्षेत्र पर मिस्र के अधिकार की औपचारिक उद्घोषणा रहा होगा। उल्लेखनीय है कि बाद के काल में इस चित्र और शिलालेख के ऊपर नबातियन और अरबी लिपियों में लेख अंकित कर दिए गए, जिससे मूल विजेता शासक का नाम अस्पष्ट हो गया। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि अब तक वादी खामिला क्षेत्र को मुख्यतः नबातियन शिलालेखों के संदर्भ में ही जाना जाता था, जो इस खोज से लगभग 3,000 वर्ष बाद के हैं। ऐसे में यह नई खोज इस क्षेत्र के इतिहास को कहीं अधिक प्राचीन और जटिल बनाती है।

कला-इतिहास और पुरातत्व की दृष्टि से यह शिलाकृति इस बात का सशक्त प्रमाण है कि प्रारंभिक मानव समाजों में भी सत्ता, संघर्ष और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति विद्यमान थी। यह हमें यह भी समझाती है कि कला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सत्ता और भय के प्रदर्शन का माध्यम भी रही है। अंततः सिनाई की यह 5,000 वर्ष पुरानी शिलाकृति केवल एक पुरातात्विक खोज नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता के उस पक्ष का सजीव दस्तावेज है, जिसमें विकास के साथ-साथ हिंसा, वर्चस्व और राजनीतिक आकांक्षाएं भी अंतर्निहित रही हैं। यह खोज हमें अतीत के माध्यम से वर्तमान को समझने और मानव इतिहास के बहुआयामी स्वरूप पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करती है।

बिजनेस ब्रीफ

रुपया 28 पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर

मुंबई। पश्चिम एशिया शांति वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच अमेरिकी मुद्रा में स्थिरता और कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण रुपया मंगलवार को 28 पैसे टूटकर 93.44 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के मुताबिक, घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख भी स्थानीय मुद्रा को सहारा नहीं दे पाया। इस पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हाल के कदम का भी असर पड़ा, जिसमें नॉन-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) बाजार में सट्टेबाजी से जुड़े प्रतिबंधों में ढील दी गई है।

चांदी 700 रुपये मजबूत सोने में 300 की तेजी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि वैश्विक अनिश्चितता और मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में भी मामूली बढ़त देखने को मिली। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 1,57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने बताया कि घरेलू बाजारों में सोने की कीमत में मामूली तेजी देखने को मिली, क्योंकि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है, जिसके चलते निवेशक 'सुरक्षित निवेश' की ओर रुख कर रहे हैं।

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 753 अंक उछला

प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों से ब्रेंट क्रूड 0.75% गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल

मुंबई, एजेंसी

कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.73 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप

कच्चे तेल की कीमतों में कमी से सुधार की संभावना

विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से आयात पर निर्भर भारत जैसे देश के लिए मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आती है और कंपनियों के मार्जिन में सुधार की संभावना बढ़ती है।

सेलेक्ट सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में एफएमसीजी खंड सर्वाधिक 2.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि रियल्टी खंड में 2.17 प्रतिशत एवं निजी बैंक सूचकांक में 1.67 प्रतिशत की तेजी रही। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,531 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए, जबकि 1,760 कंपनियों में गिरावट रही और 162 अन्य अपरिवर्तित रहीं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिका-ईरान युद्धविराम की समयसीमा खत्म होने के पहले सबकी नजरें दूसरे दौर की शांति वार्ता पर टिक गई हैं।

बाजारों ने इससे उम्मीदें लगा रखी हैं लेकिन अगर तनाव बढ़ता है तो गिरावट का जोखिम भी है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,059.93 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सेंसेक्स सोमवार को 26.76 अंक बढ़कर 78,520.30 और निफ्टी 11.30 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,364.85 अंक पर बंद हुए थे।

ये रहे लाभ में

बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक

गिरावट वाले शेयर

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी

वर्तमान परिस्थितियों में मल्टी-एसेट में करें निवेश: बजाज फिनसर्व एएमसी

नयी दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम एशिया संकट के बीच बजाज फिनसर्व एएमसी ने निवेशकों को एक ही तरह की परिसंपत्तियों की बजाय विविध परिसंपत्तियों (मल्टी-एसेट) में निवेश की सलाह दी है। बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के प्रमुख (इक्विटी) सौरभ गुप्ता ने कहा कि इस माहौल में लार्ज-कैप इक्विटी आकर्षक वैल्यूएशन और अस्थिर परिस्थितियों में स्थिरता प्रदान करती है। साथ ही, मल्टी-एसेट रणनीति भू-राजनीतिक और कॉमोडिटी से जुड़ी अनिश्चितता के बीच झटकों को सहने में मददगार हो सकती है। उन्होंने स्मॉल-कैप में निवेश करने वालों को अल्पावधि की अस्थिरता से निपटने के लिए अनुशासित एसआईपी की सलाह दी है।

प. एशिया संघर्ष के बीच दूध की आपूर्ति निर्बाध जारी, दाम स्थिर: सरकार

नयी दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देशभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई है।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग में निदेशक पूजा रुस्तगी ने पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयीय बैठक में कहा कि दुग्ध क्षेत्र को ईंधन, गैस तथा प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो, डेयरी उद्योग को एलपीजी के स्थान पर पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

- डेयरी उद्योग को दी एलपीजी के स्थान पर पीएनजी का इस्तेमाल करने की सलाह

रुस्तगी ने संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के बीच भी देशभर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण एवं आपूर्ति बिना किसी बाधा के बनी हुई है।

दूध और दुग्ध उत्पादों के दाम स्थिर हैं। बाजार में किसी प्रकार की आपूर्ति बाधित नहीं हुई है और पश्चिम एशिया संकट की अवधि के दौरान डेयरी किसानों को भुगतान भी जारी रहा है।

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल दूध उत्पादन 24.787 करोड़ टन रहा।

देश को 100% एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखना चाहिए: नितिन गडकरी

नयी दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश को निकट भविष्य में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल आपूर्ति की अनिश्चितता ने देश के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता-तीन मानकों का इलेक्ट्रिक और 'फ्लेक्स-फ्यूल' वाहनों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।

गडकरी ने इंडियन फेडरेशनल ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई) के हरित परिवहन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में नरेन्द्र मोदी ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) की शुरुआत की थी और वर्तमान में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण वाहन मामूली बदलाव के साथ इस पर चल सकते हैं। ब्राजील जैसे देशों में 100 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण पहले से लागू है। गडकरी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का करीब 87 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसलिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन का उत्पादन बढ़ाना जरूरी है।

- आईएफजीई के हरित परिवहन सम्मेलन में बोले गडकरी-ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना जरूरी
- हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताया, कहा-एक डॉलर प्रति किलो होनी चाहिए कीमत

क्या है फ्लेक्स फ्यूल वाहन

'फ्लेक्स फ्यूल' वाहन एक ऐसा वाहन है जिसमें पेट्रोल/डीजल इंजन लगा होता है और इसे एक से अधिक प्रकार के ईंधन पर चलने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर पेट्रोल को एथनॉल या मेथनॉल के साथ मिलाकर 'फ्लेक्स फ्यूल' के रूप में इसका उपयोग किया जाता है।

हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बताते हुए उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन पंप के संचालन की लागत कम करना जरूरी है, ताकि यह आर्थिक रूप से व्यवहारिक बन सके। हाइड्रोजन के परिवहन में भी चुनौतियां हैं और इसकी लागत घटाकर करीब एक डॉलर प्रति किलोग्राम करना होगा, ताकि भारत ऊर्जा निर्यातक बन सके।

भारतीय वित्तीय संस्थानों में विदेशी शेयरधारकों की हिस्सेदारी सकारात्मक: फिच

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी शेयरधारकों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी भारतीय वित्तीय संस्थानों के ऋण खंड के लिए सकारात्मक हो सकती है क्योंकि इससे दीर्घकालिक पूंजी मिलती है और कुछ मामलों में कामकाज के मानकों में सुधार होता है। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि हालांकि, केवल विदेशी रुचि को मजबूत ऋण आधार का विश्वसनीय संकेत नहीं माना जा सकता। वे लेनदेन जो आंतरिक नियंत्रण, जोखिम प्रबंधन एवं नेतृत्व की जवाबदेही को मजबूत करते हैं, केवल वित्तीय लाभ के लिए किए गए सौदों की तुलना में अधिक ऋण-संबंधी महत्व रखते हैं।

फिच ने कहा कि हाल के समय में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि भारत की दीर्घकालिक विकास संभावनाओं, वित्तीय क्षेत्र के नियमन एवं निगरानी तथा बेहतर जोखिम प्रबंधन ढांचे पर उनके बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि निवेशक ऐसे मंच की तलाश करेंगे जिनमें विस्तार योग्य वितरण क्षमता और स्थानीय विशेषज्ञता हो।

इसमें कहा कि विकसित बाजारों का अनुभव रखने वाले अधिग्रहणकर्ता जोखिम नियंत्रण और निगरानी में सुधार ला सकते हैं। साथ ही प्रतिष्ठित रणनीतिक शेयरधारकों की मौजूदगी पूंजी की लागत को कम करने में सहायक हो सकती है। ये कारक वित्तीय संस्थानों की स्वतंत्र ऋण खंड को मजबूत करने में योगदान दे सकते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2026' के अनुसार 2025 में वृद्धि दर बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई

भारत की अर्थव्यवस्था इस वर्ष 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत की अर्थव्यवस्था के इस वर्ष 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग एशिया व प्रशांत (ईएससीएपी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाएं 2025 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ीं जबकि 2024 में वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत थी। इसमें भारत की मजबूत वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। 'इकोनॉमिक एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक

2026' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की वृद्धि दर 2025 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई।

इस मजबूत खपत, विशेष रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था से मांग, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और अमेरिका के शुल्क लागू होने से पहले निर्यात में तेजी ने समर्थन दिया।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में 2025 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ीं क्योंकि अगस्त 2025 में 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका को निर्यात में 25 प्रतिशत की गिरावट आई। सेवा क्षेत्र प्रमुख वृद्धि चालक बना रहा।

इसमें अनुमान लगाया गया है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और अगले वर्ष 6.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करेगा। देश में मुद्रास्फीति के इस वर्ष 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.3 प्रतिशत रहने के आसार हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि व्यापार तनाव एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विकासशील एशियाई एवं प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह घटा है। 2024 में 0.6 प्रतिशत वृद्धि के बाद 2025 में इस क्षेत्र में एफडीआई दो प्रतिशत घटा जबकि वैश्विक प्रवाह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

रिपोर्ट में कहा गया कि अपने देश से बाहर कार्यरत एशिया और प्रशांत के श्रमिकों द्वारा भेजा जाने वाला व्यक्तिगत धन प्रेषण (रेमिटेंस) लगातार बढ़ रहा है जिससे घरेलू रोजगार की कमजोर परिस्थितियों के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

रिपोर्ट में साथ ही कहा गया कि सरकारें ऊर्जा बदलाव का उपयोग पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ अर्थव्यवस्था की दिशा में नए घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने और सहायक समूहों का निर्माण करने के लिए कर सकती हैं।

इसमें भारत की उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार व्यापक आर्थिक नीतियों एवं फोटोवोल्टिक, बैटरी व हरित हाइड्रोजन के घरेलू विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन देकर हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकती है।

भारत ने आकर्षित किया सर्वाधिक एफडीआई

इसमें कहा गया कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहले तीन तिमाहियों में जिन देशों ने नए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को सबसे अधिक आकर्षित किया... वे भारत, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया गणराज्य और कजाखस्तान हैं... जहां क्रमशः 50 अरब डॉलर, 30 अरब डॉलर, 25 अरब डॉलर और 21 अरब डॉलर के निवेश की घोषणाएं हुईं।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**

तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में प्रचार थमा, मतदान 23 को

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में 142 सीटों पर दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा।

- तमिलनाडु की सभी 234 और पश्चिम बंगाल के पहले चरण में 152 सीटों पर पड़ेंगे वोट

चुनाव आयोग के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला वर्तमान सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक, गैर-भारतीय जनता पार्टी बीच है। अभिनेता सी जोसफ विजय की नई पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को 16 जिलों की 152 सीटों पर मतदान होगा। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये हैं और संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की सघन तैनाती की गयी है। इनमें उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल अंचल के पांच जिले शामिल हैं।

विजय का रोड शो

तमिलनाडु में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने चेन्नई में रोड शो कर वोट मांगे। विजय की नई पार्टी ने राज्य में मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

प्रचार थमने से पहले अन्नाद्रमुक ने किए 10 और वादे

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थमने से कुछ ही घंटे पहले, मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने मतदाताओं को लुभाने के लिए 10 नये चुनावी वादों की घोषणा की है। 23 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले, पार्टी ने अपने पहले से घोषित विस्तृत घोषणापत्र के अतिरिक्त इन नयी योजनाओं को पेश किया है। अन्नाद्रमुक महासचिव और राज्य के मुख्यमंत्री पद के चेहरे ई. के. पलानीस्वामी ने बयान जारी कर बताया कि सत्ता में आने पर कामकाजी युवाओं को दोपहिया वाहन खरीदने के लिए 10,000 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी, जिससे लगभग 10 लाख युवाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा श्री पलानीस्वामी ने आम उत्पादक किसानों के लिए एमएसपी निर्धारित करने की घोषणा की। साथ ही निर्माण श्रमिकों और ताड़ के पेड़ों पर चढ़ने वाले किसानों के लिए मुआवजे की राशि में भारी बढ़ोतरी का वादा किया है। श्रमिक की मृत्यु की स्थिति में मृतक के परिवारों को क्रमशः 25 लाख और 20 लाख रुपये का मुआवजा देने की बात कही गयी है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में 24x7 'वार रूम' स्थापित करने और कुड्डालोर व विल्लुपुरम जैसे जिलों में काजू उद्योग में लगी महिलाओं के लिए मुफ्त उपकरण देने की घोषणा की है। सरकारी केबल टीवी के शुल्कों में 50% की कटौती का वादा किया है।

पीएम मोदी हैं ममता सरकार के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर: अभिषेक बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को नरेन्द्र मोदी को पश्चिम बंगाल की मौजूदा सरकार का 'सबसे बड़ा ब्रांड एंबेसडर बताया। कहा कि प्रधानमंत्री का झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है कि टीएमसी ने इस क्षेत्र को माओवादी हिंसा से बचाया है। उन्होंने भाजपा पर जमीनी हकीकतों को नजरअंदाज करते हुए टीएमसी सरकार पर निराधार राजनीतिक हमले करने का आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा कि जो लोग बंगाल की कानून व्यवस्था की आलोचना करते हैं और राज्य को गुजरात, उत्तर प्रदेश या मध्य प्रदेश में बदलने का वादा करते हैं, उन्हें यह करना चाहिए कि 2011 से पहले यहां जीवन कैसा था। ममता बनर्जी की टीएमसी ने 2011 में पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस समय झाड़ग्राम, गोपीबल्लभपुर, लालगढ़, बिनपुर और निताई में लोग दोपहर के बाद घर से बाहर नहीं निकल सकते थे। उस समय प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर भी झाड़ग्राम में नहीं उतर पाता। लेकिन आज की स्थिति देखिए।

- उनका झाड़ग्राम में झालमुड़ी खरीदना सबूत है टीएमसी ने खत्म की माओवादी हिंसा

घुसपैठियों को बचा रहीं ममता: शाह

शालबनी (प. बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल में एक जनसभा के दौरान पारंपरिक बांग्ला ढोलक बजाते अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घुसपैठियों को संरक्षण, और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं। राज्य में बाबरी मस्जिद के समान मस्जिद बनाने के प्रयासों का समर्थन कर रही हैं, जिसे भाजपा किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी।

शाह ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के शालबनी में चुनाव के पहले चरण से पहले एक रैली को संबोधित करते हुए, इस चुनावी मुकाबले को सीधे भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव घुसपैठ और भ्रष्टाचार से पश्चिम बंगाल को मुक्त कराने का लेकर है। बोले- मैं आपसे कह रहा हूं, 23 अप्रैल को ईवीएम पर कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) का बटन दबाइए और भाजपा की सरकार बंगाल से हर घुसपैठिये को बाहर निकाल देगी। कहा कि ममता जी अपने भतीजे को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं। शाह ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा, जो बंगाल में जन्मा और पला-बढ़ा होगा और बांग्ला बोलेगा। निश्चित रूप से वह भाईपो नहीं, भाजपा का कार्यकर्ता होगा।

- शालबनी में केंद्रीय गृहमंत्री बोले- हम पश्चिम बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद

तृणमूल कांग्रेस फिर लौटेगी: ममता

हल्दिया, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस लगातार चौथी बार राज्य की सत्ता में आएगी और कोई नहीं चाहता कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाए। पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने विपक्षी दलों का आह्वान किया कि केंद्र से भाजपा नीत राजग सरकार को हटाने के लिए सब साथ में आएं।

उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार पश्चिम बंगाल में चुनाव नहीं जीतेगी। तृणमूल कांग्रेस एक बार फिर सरकार बनाएगी। हम 2026 में ही दिल्ली से भी भाजपा को हटा देंगे।

वर्ल्ड ब्रीफ

रूस ने किया यूक्रेन के लुगांस्क क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण का दावा

मॉस्को। रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव ने मंगलवार को घोषणा की कि रूसी सेना ने लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। गेरासिमोव ने कहा कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक की मुक्ति का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। इस समय रूसी सेना सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं और उनका अभियान जारी है। लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) यूक्रेन के लुहान्स्क क्षेत्र में एक स्वघोषित अलगाववादी क्षेत्र है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र समेत अधिकांश देश इसे यूक्रेन का ही हिस्सा मानते हैं। रूसी सैन्य प्रमुख ने यूक्रेनी कमान पर निशाना साधते हुए कहा कि वे फरवरी और मार्च में अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सूचना अभियान चला रहे हैं।

इमरान खान के साथ जेल में अमानवीय व्यवहार का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें पर्याप्त चिकित्सीय सुविधा नहीं दी जा रही। अलीमा द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इमरान खान को 16 अक्टूबर 2025 से एकांत कारावास में रखा गया है। उन्होंने 2025 में केवल दो बार और फरवरी 2026 में एक बार वह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, अपने बेटों से बात की थी। उन्हें पढ़ने के लिए किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं और जो किताबें भेजी गईं, उनमें से केवल तीन ही उन्हें मिल पाईं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी तरह स्वस्थ खान की आंख में अचानक खून का थक्का बन गया, लेकिन उन्हें समय पर चिकित्सा नहीं दी गई।

शहबाज और मुनीर के लिए नोबेल पुरस्कार का प्रस्ताव पेश किया

पेशावर। खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मंगलवार को पेश किए गए एक प्रस्ताव में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को कूटनीति के जरिए क्षेत्रीय तनाव कम करने में उनकी भूमिका के मद्देनजर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया गया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की विधायक फराह खान ने यह प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय को दिया। इसमें वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव के समय पाकिस्तान की जिम्मेदार, विवेकपूर्ण और सक्रिय कूटनीतिक भागीदारी की सराहना की गई है। प्रस्ताव के अनुसार, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर शांति को बढ़ावा देने और उसे बनाए रखने में पाकिस्तान के योगदान को स्वीकार किया गया है।

कांग्रेस ने बिरला को दिया प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

राष्ट्र के नाम संबोधन में संसद में हुई चर्चा को अपने उद्देश्यों के लिए सड़कों पर ले जाने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिया। पार्टी ने आरोप लगाया कि सदन में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने के बाद प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन में विपक्षी दलों पर आक्षेप लगाया, जो सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 222 के तहत बिरला को दिए नोटिस में यह आग्रह भी किया कि संसद की गरिमा और इसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाया जाए ताकि इस तरह के उल्लंघन को न दोहराया जा सके।

लोकसभा सदस्य वेणुगोपाल ने दावा किया कि गत 17 अप्रैल को लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 के पारित नहीं होने के बाद 18 अप्रैल 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित किया था और 29 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने विधेयक को रोकने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की, साथ ही विपक्ष के सदस्यों के मतदान के तरीके का प्रत्यक्ष रूप से उल्लेख किया और इसमें निहित उद्देश्यों को जोड़ दिया। वेणुगोपाल के मुताबिक यह एक स्थापित परंपरा है कि संसद सदस्यों की ओर से संसद में दिए गए भाषणों के संबंध में सदन के बाहर उन पर बात करना, आक्षेप लगाना या किन्हीं उद्देश्यों को लेकर दोषारोपण विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन के साथ सदन की अवमानना भी है।

बिरला को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, वह विशेषाधिकार हनन का यह नोटिस उन्हें सौंप रहे हैं ताकि इस गंभीर घटना और जानबूझकर किए गए विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का संज्ञान लिया जा सके तथा मामले को विस्तृत जांच के लिए लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जा सके ताकि प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार कार्यवाही शुरू की जा सके। उन्होंने बिरला कहा कि वह संसद की गरिमा और उसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाएं ताकि इस तरह के उल्लंघनों को न दोहराया जाए।

राष्ट्र के नाम संबोधन में कांग्रेस पर साधा 59 बार निशाना प्रधानमंत्री के रिकॉर्ड में यह स्थायी दाग बनकर रहेगा

वेणुगोपाल के पत्र को टैग करते हुए, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, मेरे वरिष्ठ सहयोगी, केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रधानमंत्री के नापाक मंसूबों के नाकाम होने के बाद राष्ट्र के नाम उनके संबोधन के लिए प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। एक प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन हमेशा राष्ट्रीय एकता और विश्वास निर्माण के सर्वोपरि उद्देश्य के लिए समर्पित होता है। रमेश ने कहा, इस संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने पक्षपातपूर्ण ढंग से बात की, कांग्रेस पार्टी पर 59 अलग-अलग बार नाम लेकर हमले किए। यह प्रधानमंत्री के रूप में उनके रिकॉर्ड पर एक और स्थायी दाग होगा।

संसद में बहुमत न जुटा पाने को लेकर राष्ट्र को संबोधित करना बेहद अनैतिक

वेणुगोपाल ने कहा, मौजूदा मामले में यानी 16 व 17 अप्रैल 2026 को विपक्षी दलों के संसद सदस्य अपनी वास्तविक चिंताएं व्यक्त कर रहे थे। इसके तहत उन्होंने उक्त संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ संसद में अपना वोट डाला। वेणुगोपाल ने कहा, पहले देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय चिंता के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर राष्ट्र को संबोधित करते रहे हैं। इसलिए, प्रधानमंत्री के ऐसे संबोधन बहुत कम होते हैं। सरकार के संसद में अपेक्षित बहुमत न जुटा पाने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को संबोधित करना अभूतपूर्व है जो अनैतिक और सत्ता का खुला दुरुपयोग है। देश के प्रधानमंत्री का इस तरह का बयान देना सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।

- वेणुगोपाल ने कहा कि इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए, क्योंकि एक निर्वाचित प्रतिनिधि पर अपना कर्तव्य निभाने को लेकर सवाल उठाया जाना न केवल एक व्यक्तिगत हमला है, बल्कि संसद के अधिकार और भारत के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

विपक्ष की शिकायत की जांच करेगा निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा है कि वह विपक्ष की इस शिकायत की जांच करेगा कि प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन था। वामपंथी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर यह शिकायत की थी। विभिन्न क्षेत्रों के 700 प्रमुख लोगों ने भी चुनाव आयोग से यही शिकायत की है।

पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े दो लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी



विवेक बंजारा और राजवीर।

- दिल्ली में ग्रेनेड हमलों और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की थी साजिश

दिल्ली पुलिस ने आईएसआई के लिए काम करने वाले पाकिस्तानी गैंगस्टर शाहज़ाद भट्टी से जुड़े आपराधिक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए उसके दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इन गिरफ्तारियों से शाहजाद भट्टी की ओर से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में गोलीबारी/ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याएं करने के लिए रची गई एक आपराधिक साजिश का खुलासा हुआ है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी 21 वर्षीय राजवीर और 19 साल के विवेक बंजारा के तौर पर हुई है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शाहजाद भट्टी और आईएसआई के अन्य एजेंट भारत के कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और आसपास के इलाकों में ग्रेनेड हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की आपराधिक साजिश रच रहे हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पता चला कि एक आरोपी बंजारा ग्वालियर जिले के डबरा में है, 16 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक अदालत ने उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। बंजारा से पूछताछ के आधार पर राजवीर को 18 अप्रैल को दिल्ली के सराय काले खां इलाके से गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि राजवीर शाहजाद भट्टी के निर्देशानुसार दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र के किसी प्रमुख होटल पर गोलीबारी करने की फिराक में था। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्तौल और छह कारतूस तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए जिनमें आपत्तिजनक वीडियो और वाइस नोट मिले। जांच में पता चला कि राजवीर को सोशल मीडिया पर शाहजाद भट्टी के सहयोगी राणा भाई ने भर्ती किया था और बाद में, राजवीर ने बंजारा को राणा भाई और भट्टी से मिलवाया।

केरलः पटाखा गोदाम में आग, 8 की मौत, 40 घायल

त्रिशूर। केरल में त्रिशूर के समीप मुंडाथिकोड में पटाखे गोदाम में मंगलवार शाम भीषण आग लग जाने से आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 40 लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर है। केरल में प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम के लिए गोदाम में पटाखे तैयार किए जा रहे थे। घटना के बाद धान के खेत में कई शव बिखरे पड़े दिखाई दिए। पुलिस ने बताया कि दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आग की लपटों के कारण घटनास्थल के पास नहीं पहुंच सके। घायलों को पास के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कनाडा में गाजियाबाद के छात्र के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

गाजियाबाद/टोरंटो, एजेंसी

- आरोपी की मानसिक विकार के कारण अपराध करने की दलील अदालत ने खारिज की

टोरंटो की एक अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई और उसकी यह दलील खारिज कर दी कि मानसिक विकार के कारण वह आपराधिक रूप से जिम्मेदार नहीं है।

न्यायमूर्ति जेन केली की अध्यक्षता वाली टोरंटो की सुपीरियर कोर्ट ने सोमवार को रिचर्ड एडविन को सात और नौ अप्रैल 2022 को दो अजनबियों की हत्या के लिए फर्स्ट-डिग्री मर्डर (साजिश के तहत की गई हत्या) के दो मामलों में दोषी ठहराया। एडविन ने गाजियाबाद निवासी एवं सेनेका कॉलेज के 21 वर्षीय छात्र वासुदेव को गोली मारने की बात स्वीकार की लेकिन बचाव पक्ष ने दलील दी कि आरोपी मानसिक बीमारी से ग्रस्त था और सही-गलत में फर्क नहीं कर सकता था, इसलिए उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। अदालत ने माना कि घटना के समय एडविन सिजोफ्रेनिया से पीड़ित था, लेकिन दलील खारिज करते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अदालत के आदेश के अनुसार, वासुदेव शेरबोर्न स्टेशन से ब्लूर स्ट्रीट ईस्ट की सीढ़ियों की ओर जा रहा था, तभी एडविन उसके पास से गुजरा, फिर पीछे मुड़कर वासुदेव की पीठ पर कई गोलियां दाग दीं।

शहीद अग्निवीर की मां की याचिका पर केंद्र ने चार महीने बाद भी नहीं दिया जवाब

मुंबई, एजेंसी

- बंबई हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी
- याचिका में की गई थी सैनिकों के जैसे मरणोपरांत लाभ की मांग

बंबई हाईकोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए एक अग्निवीर की मां की याचिका का चार महीने बाद भी जवाब न देने पर मंगलवार को केंद्र पर नाराजगी जताते हुए भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी। अग्निवीर की मां ने अग्निवीरों के लिए भी सैनिकों के समान मरणोपरांत लाभ देने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति हितेन वेनेगांवकर की पीठ ने केंद्र को अग्निवीर मुरली नाइक की मां की याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल करने के लिए 6 मई तक का समय दिया। नाइक पिछले साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू कश्मीर में सीमा पार से हुई गोलाबारी में मारे गए थे। अदालत ने कहा कि केंद्र को पिछले साल दिसंबर और फिर जनवरी में नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन आज तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति घुगे ने चेतावनी दी, यह याचिका पिछले साल से लंबित है। याचिका में उठाए गए मुद्दों पर याचिकाकर्ता ने पिछले साल जुलाई में सरकार को लिखे एक पत्र में भी बात की है। अगर अगली तारीख तक जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं किया गया, तो हम भारी जुर्माना लगाएंगे।

अदालत ने कहा कि अब और कोई स्थगन नहीं लगाया जाएगा। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 18 जून को करना तय किया। मुरली नाइक की मां ज्योतिबाई नाइक ने अपनी याचिका में कहा कि केंद्र की अग्निपथ योजना अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच मनमाना फर्क पैदा करती है। उन्होंने परिवार को मरणोपरांत मिलने वाले पूरे लाभ नहीं दिए जाने में भेदभाव का आरोप लगाया।

मेक्सिको में गोलीबारी, कनाडाई नागरिक की मौत

- हमलावरों ने पर्यटकों को बनाया निशाना, कई देशों के पर्यटक घायल

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको की राजधानी के उत्तर में स्थित ऐतिहासिक टियोटिहुआकन पिरामिडों में से एक के ऊपर खड़े एक हथियारबंद व्यक्ति ने पर्यटकों पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक कनाडाई नागरिक की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुरक्षा अधिकारियों को घटनास्थल से एक बंदूक, एक चाकू और गोला-बारूद मिला है। इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराए गए लोगों में छह अमेरिकी, तीन कोलंबियाई, एक रूसी, दो ब्राज़ीलियाई और एक कनाडाई नागरिक शामिल है। वीडियो और तस्वीरों में एक व्यक्ति पिरामिड पर बंदूक लिए खड़ा दिख रहा है, लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं।

पाकिस्तान को सऊदी अरब से मिले एक अरब डॉलर

कराची। पाकिस्तान को सऊदी अरब से एक अरब डॉलर की दूसरी एवं अंतिम किस्त प्राप्त हुई है। यह तीन अरब डॉलर के सहायता पैकेज का हिस्सा है जिसका उद्देश्य उसके विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाना है। सऊदी अरब ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान के लिए तीन अरब डॉलर जमा करने का भरोसा दिलाया था और अपनी मौजूदा पांच अरब डॉलर की सुविधा को तीन वर्ष के लिए बढ़ा दिया था। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की और लिखा कि उसे सऊदी अरब से दूसरी किस्त प्राप्त हो गई है।

क्रूर हमले की यादें

जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले की मंगलवार को पहली बरसी पर यादें फिर ताजा हो गईं। मुंबई में एक कलाकार ने इस हमले में मारे गए लोगों को चित्र बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों पर हवाई प्रतिबंध बढ़ाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र में भारतीय विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को एक महीने के लिए और बढ़ा दिया। पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 से भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखा है, जिससे भारतीय विमानन कंपनियों को अरबों का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) में कहा है कि सभी भारतीय-पंजीकृत, पट्टे पर लिए गए, वाणिज्यिक और सैन्य विमानों को 24 मई 2026 को सुबह पांच बजे तक पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

मैंडलसन को दबाव में बनाया गया था अमेरिका में राजदूत

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के पूर्व अधिकारी के बयान से एप्स्टीन मामले में फिर घिरे स्टार्मर

पीटर मैंडलसन को अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लेने वाले एक पूर्व अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा चिंताओं को जताने के बावजूद उन पर मैंडलसन की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरी करने का राजनीतिक दबाव बनाया गया। हालांकि ये चिंताएं यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन के साथ मैंडलसन के संबंधों से अलग थीं।

विदेश कार्यालय के पूर्व प्रमुख ऑली रॉबिन्स ने सांसदों की ओर से पूछे जाने पर उन्होंने यह बताने से इन्कार कर दिया कि सरकारी जांच एजेंसी ने मैंडलसन को संभावित सुरक्षा जोखिम के रूप में क्यों चिह्नित किया। रॉबिन्स ने कहा कि जांच एजेंसी ने मैंडलसन को संदिग्ध मामला माना और उसका मत उन्हें सुरक्षा मंजूरी देने के खिलाफ सिफारिश करने का था। विदेश कार्यालय ने फिर भी उन्हें मंजूरी देने का फैसला किया। इस फैसले को लेकर प्रधानमंत्री केयर स्टार्मर ने पिछले हफ्ते रॉबिन्स को बर्खास्त कर दिया। स्टार्मर को इस नियुक्ति को लेकर अपने फैसले पर सवालों का सामना करना पड़ रहा है और उनसे इस्तीफे की मांग भी की जा रही है। रॉबिन्स ने मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स की विदेश मामलों की समिति को बताया कि स्टार्मर कार्यालय से दबाव का माहौल बनाया जा रहा था। उनसे बहुत प्रबल अपेक्षा की गई थी कि मैंडलसन को जल्द पदभार ग्रहण करके अमेरिका में होना चाहिए।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज हर बात पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। किसी भी स्थिति को समझकर निर्णय लें। जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है।

तुला — आज बदलाव आपके लिए अच्छा साबित होगा। आपको नया सीखने का मौका मिलेगा। पुराने तरीका छोड़कर नया अपनाना फायदेमंद रहेगा।

वृष — आज सही प्लानिंग करने पर आगे चलकर लाभ मिलेगा। आपका ध्यान धन और स्थिरता पर रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें।

वृश्चिक — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी से बचें।

मिथुन — आज आप एक्टिव और निर्णायक रहेंगे। फोकस बनाए रखना जरूरी है। सही दिशा में प्रयास करेंगे, तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

धनु — आज रिश्तों और सहयोग पर ध्यान देना होगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। बातचीत में स्पष्टता रखें।

कर्क — आज शांत रहकर काम करना बेहतर रहेगा। हर बात में शामिल होने की जरूरत नहीं है। अपनी ऊर्जा सही जगह इस्तेमाल करें।

मकर — आज काम का दबाव रहेगा। आपको लगातार व्यस्त रहना पड़ेगा। सही प्राथमिकता तय करेंगे तो दिन आपके पक्ष में जाएगा।

सिंह — आज नया अवसर मिल सकता है। नेटवर्क मजबूत करने का दिन है। लोगों से जुड़कर काम करने का फायदा मिलेगा।

कुंभ — आज रचनात्मक सोच आपके काम आएगी। कुछ अलग करने का मन करेगा। अपने तरीके से काम करें।

कन्या — आज काम को लेकर गंभीरता रखें। कोई जिम्मेदारी आपके ऊपर आ सकती है, उसे टालने के बजाय पूरा करना ही बेहतर रहेगा।

मीन — आज किसी बात को सुलझाने का समय है। बाहर से ज्यादा अंदर की स्थिति पर फोकस करें। निजी मामलों पर ध्यान दें।

परमाणु हथियारों की होड़ कर रहे हैं ब्रिटेन और फ्रांसः रूस

मास्को। रूस ने कहा है कि ब्रिटेन और फ्रांस अपनी परमाणु क्षमता में वृद्धि करके परमाणु हथियारों की होड़ को आगे बढ़ा रहे हैं जो परमाणु अप्रसार संधि के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। रूस ने इसे क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए अतिरिक्त रणनीतिक जोखिम करार दिया है।

रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने एक साक्षात्कार में कहा कि फ्रांस के नए सैद्धांतिक दृष्टिकोण कई मायनों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की विस्तारित परमाणु निवारण नीति की याद दिलाते हैं और वे खुले तौर पर नाटो के संयुक्त परमाणु मिशनों में सहायक बनने की योजनाओं को भी उजागर करते हैं। ग्रुशको ने कहा, ऐसे कदम नाटो के सदस्य देशों की उकसाने वाली सैन्य-परमाणु गतिविधियों के सामान्य पैटर्न के अनुरूप हैं।

इराक-सीरिया सीमा मार्ग एक दशक के बाद फिर खुला

बगदाद। इराक और सीरिया के बीच एक अहम सीमा पार मार्ग एक दशक से अधिक समय तक बंद रहने के बाद पुनः खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्रीय व्यापार और तेल निर्यात को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सीरिया ने इस मार्ग को तेल निर्यात के लिए सुरक्षित जमीनी विकल्प के रूप में पेश किया है, खासकर ऐसे समय में जब होर्मुज जलडमरूमध्य पर अनिश्चितता बनी हुई है। इराक में राबिया और सीरिया में यारुबियाह के नाम से जाना जाने वाला यह मार्ग 2011 में सीरियाई गृहयुद्ध शुरू होने के बाद बंद कर दिया गया था। बाद में 2014 में इस क्षेत्र पर इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने कब्जा कर लिया, जिसे इराकी कुर्द बलों ने फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया।

खतरे की घंटी — देश के हथियार उद्योग को मजबूत करने और रक्षा साझीदारों से सहयोग मजबूत करने की इच्छा जताई

जापान ने शांतिवादी रुख छोड़ा, हथियारों का निर्यात करेगा

टोक्यो, एजेंसी

जापान ने मंगलवार को घातक हथियारों के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने को मंजूरी देते हुए साफ किया कि देश हथियार उद्योग को मजबूत करने के साथ अपने रक्षा भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करना चाहता है। जापान के इस फैसले को उसकी युद्धोत्तर शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री साने ताकाइची के मंत्रिमंडल की ओर से नए दिशा-निर्देशों को मंजूरी मिलने के साथ ही जापान के युद्धोत्तर हथियार निर्यात के रास्ते में मौजूद अंतिम बाधाएं भी दूर हो गई हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों के बीच देश अपनी सैन्य क्षमता को तेजी से मजबूत करने में जुटा है। जहां इस नीति बदलाव की चीन ने आलोचना की है, वहीं ऑस्ट्रेलिया जैसे जापान के रक्षा सहयोगी देशों ने इसका स्वागत किया है, और दक्षिण-पूर्व एशिया तथा यूरोप के देशों में भी इसके प्रति रुचि देखी जा रही है। विरोधियों का कहना है कि यह बदलाव जापान के शांतिवादी संविधान की भावना के खिलाफ है और इससे वैश्विक तनाव बढ़ सकता है, साथ ही जापानी नागरिकों की सुरक्षा पर भी खतरा हो सकता है। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरु किहारा ने कहा, तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच नई नीति जापान की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

दूसरे विश्वयुद्ध के बाद बना था शांतिवादी संविधान

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अपने शांतिवादी संविधान के तहत जापान लंबे समय तक अधिकांश हथियारों के निर्यात पर रोक लगाए रहा। हालांकि, हाल के वर्षों में वैश्विक और क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के कारण इसमें कुछ ढील दी गई, लेकिन निर्यात को बचाव, परिवहन, सतर्कता, निगरानी और बारूदी सुरंग हटाने के केवल पांच क्षेत्रों तक सीमित रखा गया था। नए दिशा-निर्देश इन सीमाओं को समाप्त करते हैं और लड़ाकू विमान, मिसाइल और विध्वंसक जैसे उपकरणों के निर्यात को अनुमति देते हैं।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 22 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, षष्ठी 22.49 तक तत्पश्चात सप्तमी।

दिशाशूल-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-आर्द्रा 22.13 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

सुडोकू - 126 का हल

2	8	1	9	3	7	6	5	4
4	6	7	1	8	5	2	3	9
5	3	9	6	4	2	1	8	7
1	4	3	5	6	8	7	9	2
7	2	5	3	9	1	4	6	8
6	9	8	2	7	4	5	1	3
8	5	2	4	1	3	9	7	6
9	7	4	8	5	6	3	2	1
3	1	6	7	2	9	8	4	5

सुडोकू -127

		7		4		5		
	5			6	1			
		9			3			
	6	3		7		2		
	8		3		9		4	
		2			6	8	9	
			8			3		
4			2	3				
		5		9		1		

“ ‘ ’ गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगाया गया शतक टीम और मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। पिछले चार-पांच मैचों से मेरे दिमाग में लगातार एक ही बात चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया है। मेरा लक्ष्य विकेट पर समय बिताना था।’ ’

–तिलक वर्मा, मुंबई इंडियंस

स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार, 22 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026 आज के मुकाबले

लखनऊ सुपर जॉयंट्स बनाम राजस्थान रॉयल्स

समय - शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-320 रन
- शुभमन गिल गुजरात-265 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु-247 रन

पर्पल कैप

- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 12 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ- 11 विकेट

हाईलाइट

आयुष म्हात्रे आईपीएल से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है। म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें छह से 12 सप्ताह तक ‘रिहैबिलिटेशन’ से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने सोशल मीडिया पर कहा कि आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।

हेडन ने गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों को लताड़ा

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के हाथों मिली 99 रन की हार के लिए अपने खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना करते हुए इसके लिए अपने बल्लेबाजों के ‘भयावह प्रदर्शन’ और डेथ ओवरों में खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया। इस मैच में मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने अंतिम चार ओवर में 73 रन बनाकर पांच विकेट पर 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 100 रन पर ढेर हो गई, जिसमें वाशिंगटन सुंदर के 26 रन सर्वोच्च स्कोर रहा।

हॉकी इंडिया के महासचिव अवमानना के दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को जानबूझकर उसके आदेश की अवहेलना करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि वह चार मई को सजा के मुद्दे पर सुनवाई करेंगे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने भोलानाथ सिंह को ‘उचित समझे जाने वाले उपाय’ करके अवमानना को ‘सुधारने’ की स्वतंत्रता दी। कोर्ट ने हॉकी इंडिया की निर्वाचित उपाध्यक्ष सईद असीमा अली द्वारा दायर अवमानना से संबंधित याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाया।

लखनऊ सुपर जॉयंट्स के टॉप आर्डर को जोफ्रा आर्चर से रहना होगा सावधान

लखनऊ, एजेंसी।

आईपीएल 2026 में हार की हैट्रिक लगा चुकी लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) अपने घर में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना करेगी। लगातार चार जीत के साथ शानदार शुरुआत करने वाली आरआर ने भी पिछले दो मैचों में लगातार हार झेली है। हालांकि, इसके बावजूद आरआर की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है, लेकिन एलएसजी नौवें स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए छह में से चार मैच आरआर ने जीते हैं। इकाना स्टेडियम में दोनों टीमों की अब तक एक ही भिड़ंत हुई है जिसमें आरआर ने आसानी से जीत दर्ज की थी।

आईपीएल 2025 से अब तक एलएसजी ने अपने घर में नौ में से सात मैच गंवाए हैं तो आगामी मैच से पहले उनके ऊपर भारी दबाव होगा। एलएसजी के टॉप ऑर्डर की परीक्षा लेंगे आर्चर इस सीज़न लगातार तीन मैच हो चुके हैं जिनमें जोफ्रा आर्चर ने पहली गेंदों पर ही विकेट निकाले हैं। अब उनका सामना एलएसजी के उस टॉप ऑर्डर से होगा जो इस सीजन काफ़ी संघर्ष करती दिख रही है। इस सीजन पावरप्ले में आर्चर ने छह पारियों में 8.6 की इकॉनमी के साथ छह विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक-रेट 11 का रहा है। एलएसजी का टॉप आर्डर इस सीजन काफ़ी ख़राब फ़ॉर्म में दिख रहा है। मिचेल मार्श ने इस सीज़न 134 और ऋषभ पंत ने 136 की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। मार्श ने छह पारियों में 155 रन बनाए हैं और अब तक एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। पंत ने एक अर्धशतक तो लगाया है, लेकिन इस सीजन अब तक केवल 147 रन ही बना पाए हैं। एडन मारक्रम टीम के सबसे अच्छे बल्लेबाज़ नजर आए हैं जिन्होंने छह पारियों में 160 की स्ट्राइक-रेट से 162 रन बनाए हैं। क्या आरआर के ओपनर्स को परेशान करेंगे प्रिंस? आरआर के ओपनर बल्लेबाज़ों ने इस सीजन धमाकेदार प्रदर्शन किया है और ख़ास तौर से पावरप्ले में उन्होंने काफ़ी तेज़ी से रन बनाए हैं। अब उनका सामना प्रिंस यादव से होगा जो इस सीजन शानदार गेंदबाज़ी कर रहे हैं।

मैच में चप्पे-चप्पे पर होगी निगरानी

अमृत विचार, लखनऊ: भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल मैच को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे स्टेडियम परिसर को तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में विभाजित कर हर स्तर पर निगरानी सुनिश्चित की गई है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्ध गतिविधियों, अराजकतत्वों और टिकट ब्लैक करने वालों पर नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम से अधिकारी लगातार सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था बबलू कुमार के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था में एंटी टेररिस्ट स्क्वायड (एटीएस), एंटी माइन टीम, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वायड, अर्धसैनिक बल और पुलिस मिलाकर 2000 से अधिक जवान तैनात किए गए हैं। इसके तहत तीन पुलिस उपायुक्त, छह अपर पुलिस उपायुक्त, 16 सहायक पुलिस आयुक्त, 35 इंस्पेक्टर, 254 दरोगा और 465 सिपाही ड्यूटी पर रहेंगे।

अभ्यास के दौरान एक दुसरे से मिलते एलएसजी व राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी।

अभिषेक का शतक, हैदराबाद ने बनाए 242 रन

टी 20 में सर्वाधिक शतक बनाने में रन मशीन विराट कोहली की बराबरी पर आ गए हैं अभिषेक शर्मा

हैदराबाद, एजेंसी।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के 10 चौकों और 10 छक्कों से सजे नाबाद 135 रन की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को दो विकेट पर 242 रन का विशाल स्कोर बना लिया। अभिषेक ने मात्र 68 गेंदों में अपनी नाबाद शतकीय पारी खेली। यह उनका आईपीएल में दूसरा शतक और ओवरआल टी 20 में नौवां शतक है, जिसके साथ ही वह टी 20 में सर्वाधिक शतक बनाने में रन मशीन विराट कोहली की बराबरी पर आ गए हैं।

यह आईपीएल इतिहास में पांचवां सर्वाधिक स्कोर भी है। एसआरएच ने अपने मैदान पर पूरी तरह तबाही मचा दी और दर्शकों को सच में अपने पैसे वसूल हो गए।

अभिषेक शर्मा ने एकदम सही समय पर धमाकेदार शुरुआत की और अपना दूसरा आईपीएल शतक पूरा किया। 135 रन बनाकर नाबाद रहे-जो टूर्नामेंट में उनका दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था-उन्होंने पूरी पारी में बल्ला चलाते हुए 10 लंबे छक्के मारे। हालांकि हेड और क्लासेन ने बहुत अच्छा साथ दिया, लेकिन अभिषेक की पारी शानदार थी। 49 रन पर उन्हें एक लाइफलाइन मिली जब राहुल ने एक आसान रन-आउट का मौका गंवा दिया। उन्हें 87 रन के स्कोर पर नीतीश राणा ने भी बॉउंड्री पर जीवनदान दिया। इन दो मौकों को छोड़कर उनकी पारी पूरी तरह बेदाग़ रही। ट्रेविस हेड 26 गेंदों पर 37 रन में दो चौके और दो छक्के मारे। क्लासेन ने मात्र 13 गेंदों पर नाबाद 37 रन में तीन चौके और तीन छक्के मारे। कप्तान ईशान किशन ने 13 गेंदों पर 25 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया।

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	6	5	0	1	11	1.420
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	6	4	2	0	8	1.171
3.	राजस्थान रॉयल्स	6	4	2	0	8	0.599
4.	सनराइज़र्स हैदराबाद	6	3	3	0	6	0.566
5.	दिल्ली कैपिटल्स	5	3	2	0	6	0.310
6.	गुजरात टाइटंस	6	3	3	0	6	-0.821
7.	मुंबई इंडियंस	6	2	4	0	2	0.067
8.	चेन्नई सुपर किंग्स	6	2	4	0	4	-0.780
9.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	6	2	4	0	4	-1.173
10.	कोलकाता नाइट राइडर्स	7	1	5	1	3	-0.879

ऑरेंज आर्मी के सामने परफॉर्म करना स्पेशल : शर्मा

आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 135 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा ने कहा कि ऑरेंज आर्मी के सामने परफॉर्म करना हमेशा स्पेशल होता है। अभिषेक ने शतकीय पारी खेलने के बाद कहा कि पिछले साल के शतक की तुलना इस साल के शतक से कर सकते हैं। हर कोई जानता है कि इस ग्राउंड के लिए मेरा प्यार बेमिसाल है। लेकिन हाँ, जिस तरह से उन्होंने डेथ ओवर्स में बॉलिंग की, मुझे लगा कि वे असल में अपने प्लान पर काम कर रहे थे और बस, मुझे लगता है कि मैंने डेथ बैटिंग की ठीक से प्रैक्टिस नहीं की है। यही सिचुएशन थी। लेकिन जिस तरह से क्लासी ने इनिंग्स खत्म की, मुझे लगता है कि इससे वहां के टोटल में सच में मदद मिली।

सनराइजर्स हैदराबाद

254/7 (20 ओवर)

अभिषेक शर्मा नाबाद	135
ट्रेविस हेड का रिजवी बो अक्षर	37
इशान किशन रन आउट	25
हेनरिच क्लासेन नाबाद	37

अतिरिक्त : 08, **कुल योग** : 20 ओवर में दो विकेट पर : 242 रन **विकेट पतन** : 1-97, 2-176

गेंदबाजी मुकेश 4-0-53-0

राणा 4-0-55-0

एनगिडी 4-0-41-0

अक्षर 2-0-23-1

कुलदीप 2-0-30-0

नटराजन 4-0-40-0

तिलक काफी प्रतिभावान बल्लेबाज : हार्दिक पंड्या

अहमदाबाद, एजेंसी।

सोमवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) पर मिली जीत को मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने “टीम के लिए बहुत जरूरी” बताया। हार्दिक ने गेंद से जॉस बटलर को आउट किया और इससे पहले तिलक वर्मा के साथ 81 रनों की साझेदारी भी की। इससे आईपीएल 2026 में उनके लगातार चार हार का सिलसिला भी टूट गया। तिलक इस मैच के सबसे बड़े सितारे रहे। उनकी 45 गेंदों में नाबाद 101 रन की पारी ने एमआई को आख़िरी चार ओवरों में 73 रन बनाने में मदद की और उन्होंने जीटी के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। हार्दिक ने मैच के बाद ब्रॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि तिलक के पास जितनी प्रतिभा है, उन्हें ज़्यादा चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। मैं उन्हें बस यही कहता रहा कि गेंद को देखो और मारो। क्योंकि मुझे सच में लगता है कि उनके बल्ले से गेंद जिस तरह निकलती है, वह बहुत ख़ास है। समय आ गया था कि वह आकर प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि मैं डगआउट में इतना ज़ोर से चिल्लाया कि मुझे थोड़ा चक्कर आ गया। लेकिन यह टीम के लिए जरूरी था, तिलक के लिए जरूरी था, मुंबई इंडियंस के लिए जरूरी था। एक कप्तान के तौर पर भी मुझे उस तरह की ऊर्जा चाहिए थी ताकि चीज़ें बदली जा सकें।

नरवाल को स्वर्ण, चिराग को कांस्य पदक

काहिरा, एजेंसी। भारत के शीर्ष निशानेबाज शिवा नरवाल ने लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार वापसी करते हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। चिराग शर्मा ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पनाह भुगरा ने रजत पदक जीतकर देश के पदकों की संख्या तीन कर दी। नरवाल ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 241.8 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चिराग ने 218.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि एक अन्य भारतीय निशानेबाज अभिनव देशवाल 136.7 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। पनाह भुगरा ने महिला 10 मीटर एयर राइफल में क्वालीफिकेशन में 629.4 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने लगातार स्थिर प्रदर्शन करते हुए 250.6 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

भारतीय पहलवानों को मिला विदेशी कोच का पूरा पैनल

नई दिल्ली, एजेंसी।

एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक की तैयारी को ध्यान में रखते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को बड़ा कदम उठाते हुए तीन विदेशी कोच और एक ‘हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर’ की नियुक्ति की है।

यह फैसला कई वर्षों बाद विदेशी विशेषज्ञों की वापसी के रूप में देखा जा रहा है। जॉर्जिया के एमजारियोस शाको बेंटिनिडिस (फ्रीस्टाइल), रूस के गोर्गी कोगुआशविली (ग्रीको-रोमन) और जापान के कोसेई अकाइशी (महिला कुश्ती) को कोच नियुक्त किया गया है। वहीं अमेरिका के आयन बटलर को एचपीडी नियुक्त किया गया है। ये सभी एक मई से राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों से जुड़ेंगे और उन्हें लगभग 7,000 डॉलर मासिक वेतन दिया जाएगा।

इन नियुक्तियों पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और कई भारतीय कोच के साथ हुई ऑनलाइन बैठक में अंतिम मुहर लगी। एचपीडी आयन बटलर लखनऊ और दिल्ली स्थित पुरुष एवं महिला शिविरों के बीच समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि विदेशी और भारतीय कोच के बीच बेहतर तालमेल बन सके। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि यह निर्णय एशियाई खेलों की तैयारी को तेज करने के लिए लिया गया है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की नजरें स्मृति व दीप्ति पर

जोहानिसबर्ग, एजेंसी।

तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच

भारतीय महिला टीम बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत की राह पर लौटकर श्रृंखला में अपनी दावेदारी बरकरार रखना चाहेगी। इसके लिए उसे स्मृति मंधाना व ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। तीसरे मैच को जीतकर श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाना चाहेगी।

टीम की सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज स्मृति शुरुआती दो मैच में 13 और 12 रन ही बना पाई हैं। भारतीय टीम इन मुकाबलों में 157 और 147 रन ही बना सकी जिन्हें मेजबान टीम ने आसानी से जीत लिया। टीम के लिए दीप्ति की फॉर्म अधिक चिंता का विषय है। पहले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने नाबाद एक रन बनाया जबकि दूसरे मैच में छठे नंबर पर खेलते हुए भी एक रन बनाकर आउट हुईं।

दोनों ही मैच में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारतीय पारी काफी हद तक स्मृति की तेजतर्रार शुरुआत पर निर्भर करती है और बाएं हाथ की यह बल्लेबाज पहले दो मैच के खराब प्रदर्शन की भरपाई करना चाहेंगी।

महिला टी20 में भारतीय खिलाड़ियों के रैंकिंग में उछाल

दुबई, एजेंसी। भारत की ओपनर शेफाली वर्मा डरबन में दूसरे टी20 में 38 बॉल में 57 रन बनाने के बाद आईसीसी महिला टी20 बैटिंग रैंकिंग में दो स्लॉट ऊपर चढ़कर छठे नंबर पर आ गई हैं। ओपनर ने दो छक्के और चार चौके मारे, लेकिन यह उनकी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने मैच आठ विकेट से जीत लिया। मेजबान टीम वीकेंड की शुरुआत में छह विकेट से मिली जीत के बाद पांच मैचों की सीरीज़ में 2-0 से आगे है, इस हफ्ते मैच डरबन से जोहान्सबर्ग शिफ्ट हो रहे हैं। वर्मा की तरक्की से वेस्टइंडीज की कैप्टन हेली मैथ्यूज एक स्लॉट ऊपर चढ़कर तीसरे नंबर पर आ गई हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले मैच में 33 बॉल में नाबाद 47 रन बनाए थे, जिससे उन्हें दो स्लॉट ऊपर चढ़कर जॉइंट 11वें नंबर पर जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कैप्टन लॉरा वोल्वार्ट अब तक सीरीज़ में सबसे ज़्यादा 105 रन बना चुकी हैं, उन्होंने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। वह बैट्समैन में पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। लिस्ट में दूसरी रैंकिंग में एनेरी डर्कसेन और सुने लुस शामिल हैं।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स

लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई यह सेरेमनी

अल्काराज़ और सबालेंका को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

मैड्रिड, एजेंसी

स्पेनिश टेनिस प्लेयर कार्लोस अल्काराज को सोमवार रात 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया। अल्काराज ने साइकिलिस्ट तादेज पोगाकर, जिन्होंने 2025 में अपना चौथा टूर डी फ्रांस जीता था, और कई दूसरी रेस जीती थीं, और अपने मुख्य टेनिस राइवल, जानिक सिनर जैसे कैंडिडेट्स को हराया।

टेनिस को एक और कामयाबी तब मिली जब आर्यना सबालेंका को वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर चुना गया। उन्होंने कहा कि इस समय स्पोर्ट्स में बहुत सारी मजबूत, महान और इंस्पायरिंग महिलाएं हैं। उन्होंने एक ऐसे कमरे में शुक्रिया अदा किया जहां “बहुत सारे स्टार्स” थे।

यह सेरेमनी लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई, जिसमें टेनिस प्लेयर नोवाक जोकोविच और चीनी फ्रीस्टाइल स्कीयर गु ऐलिंग प्रेजेंटिंग ड्यूटी पर थे। गु ने अपनी नई भूमिका की तुलना स्कीइंग से करते हुए कहा कि दोनों से उनके पेट में “तितलियाँ” दौड़ जाती हैं। एफसी बार्सिलोना के स्पेन इंटरनेशनल खिलाड़ी लैमिन यामल को वर्ल्ड यंग स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर चुना गया, गु ने अपनी जीत का एक कारण यह बताया कि उनका “पूरी पीढ़ी पर” असर पड़ा है। एक और फुटबॉल जीत हुई जब यूरोपियन चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन को लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड मिला, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम और भारत महिला क्रिकेट टीम जैसे अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वर्ल्ड कमबैक ऑफ़ द ईयर का अवॉर्ड मौजूदा यूएस मास्टर्स गोल्फ चैंपियन रोरी मैक्लरॉय को मिला, जिन्होंने यूरोप को यूनाइटेड स्टेट्स में राइडर कप जीतने में भी मदद की थी। मैक्लरॉय ने कहा, “मैं कई बार बाल-बाल बचा, लेकिन इससे मुझे और मेहनत करना और कभी हार न मानना सिखाया और पिछले साल ऑगस्टा में इसका इनाम मिला।”

उन्होंने दो हफ़्ते से भी कम समय पहले अपना मास्टर्स टाइटल बरकरार रखा था। फ़ॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन लैंडो नोरिस वर्ल्ड ब्रेकथ्रू ऑफ़ द ईयर के विनर रहे, इस कैटेगरी में चीन के यू ज़िदी भी नॉमिनीज़ में से एक थे। वर्ल्ड स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर विद अ डिसेबिलिटी ब्राज़ील के पैरालंपिक स्विमर गैब्रियल अराउजो बने, जबकि क्लोई किम को 2019 और 2020 में लगातार जीत के बाद तीसरी बार वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ़ द ईयर चुना गया। स्पोर्टिंग इंस्पिरेशन अवॉर्ड रियल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख के पूर्व मिडफील्डर टोनी क्रूस के लिए था, जिनकी एक एकेडमी है और वे अपने देश जर्मनी में बीमार बच्चों के साथ काम करते हैं। उन्होंने अपनी एक्सेप्टेंस स्पीच में कहा, “अगर हम सब एक हो जाएं और मिलकर काम करें, तो हम सब एक बड़ा कदम आगे बढ़ा सकते हैं।” जबकि फ़ुटबॉल मास प्रोजेक्ट को स्पोर्ट फ़ॉर गुड अवॉर्ड मिला।

सूर्यकुमार यादव स्केचर्स क्रिकेट टीम में हुए शामिल

मुंबई, एजेंसी।

स्केचर्स, द कम्फर्ट टेक्नोलॉजी कंपनी, सूर्यकुमार यादव को साइन करके अपने क्रिकेट सफर को तेज कर रही है-जो इंडियन क्रिकेट टीम के सबसे काबिल और असरदार बैट्समैन में से एक हैं और हाल ही में 2026 टी 20 वर्ल्ड कप चैंपियन बने हैं। अपनी कंसिस्टेंसी, शांत और मैच जिताने वाले परफॉर्मेंस के लिए मशहूर, सूर्यकुमार यादव अब स्केचर्स क्रिकेट फुटवियर में खेल रहे हैं और क्रिकेट और दूसरे परफॉर्मेंस फुटवियर कलेक्शन को सपोर्ट करने वाले ब्रांड के मार्केटिंग कैंपेन में शामिल होंगे।

इस एसोसिएशन पर बात करते हुए, टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप कैप्टन, सूर्यकुमार यादव ने कहा कि क्रिकेट के सबसे ऊंचे लेवल पर, आराम आपको फोकस्ड और कंसिस्टेंट रहने में मदद करने में अहम रोल निभाता है। आराम को परफॉर्मेंस के साथ जोड़ने का स्केचर्स का तरीका सच में सबसे अलग है और इसी वजह से यह ब्रांड मेरे लिए एकदम सही है। चाहे मैच का दिन हो या ट्रेनिंग, उनके जूते खेल की ज़रूरतों को पूरा करते हैं, और मैं स्केचर्स परिवार का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। मुंबई में जन्मे, सूर्यकुमार यादव ने 35 साल की उम्र में खुद को एक डाइनैमिक राइट-हैंडेड टी20 बैट्समैन के तौर पर स्थापित किया है।